राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 342
लखनऊ, गुरुवार 13 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





स्वास्थ्य विभाग के लिपिकों ने खोला सीएमओ के खिलाफ मोर्चा 10

रक्षाबंधन पर्व पर अतिरिक्त बसों का होगा संचालन : परिवहन मंत्री 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,55,010/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,42,100/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,16,290/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### कॉपी राइट्स स्ट्राइक पर हाईकोर्ट के सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मेटा से पूछा है कि कथित फर्जी खातों को राइट्स मैनेजर का एक्सेस कैसे मिला और वे वास्तविक क्रिएटर्स के खिलाफ कॉपीराइट स्ट्राइक कैसे जारी कर रहे हैं। कंटेंट क्रिएटर मोहित कुमार ने फर्जी स्ट्राइक के जरिए वसूली की कोशिश का आरोप लगाया है। अदालत ने मेटा से टूल की पात्रता और एक्सेस की नीति बताने को कहा है।

### शेयर बाजार में भारी गिरावट

**मुंबई।** कच्चे तेल में तेजी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक गिरकर 77,523 के आसपास पहुंच गया, जबकि निफ्टी करीब 199 अंक टूटकर 24,273 के स्तर पर रहा। टीसीएस में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### होर्मुज पर अमेरिका के नियंत्रण का ट्रंप का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का पूरा नियंत्रण है। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कार्रवाई की कोशिश का गंभीर जवाब दिया जाएगा। होर्मुज वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

### 'एक हर्ब, एक स्टैंडर्ड' पहल तीन साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पारंपरिक दवाओं में इस्तेमाल होने वाले औषधीय पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 'एक हर्ब, एक स्टैंडर्ड' पहल को तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। पहले चरण में 50 औषधीय पौधों के मानक तैयार किए गए थे। नई व्यवस्था से आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### एनआईए की 13 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने म्यांमार की नाव से 6,016.87 किलो मेथामफेटामाइन बरामदगी मामले में तमिलनाडु और मिजोरम की 13 जगहों पर छापेमारी की। कार्रवाई में कई डिजिटल डिवाइस और लाखों रुपये की नकदी बरामद हुई। एनआईए जब्त उपकरणों की फोरेंसिक जांच से पूरे नशीले पदार्थों के नेटवर्क का पता लगा रही है।

### कृष्ण जन्मभूमि 'लीड केस' पर अहम संकेत

**मथुरा।** कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में किस मुकदमे को 'लीड केस' बनाया जाए, इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने मामले को दोबारा इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का संकेत दिया है। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने सभी वादियों को नोटिस दिए बिना एक हिंदू पक्ष को प्रतिनिधि मान लिया था। मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी।

# मानसून सत्र : 18वें दिन तीखी तकरार

**संसद के मानसून सत्र के 18वें दिन बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिली। अमित शाह विपक्ष के सवालों का सदन में जवाब देने के लिए तैयार दिखे, जबकि राहुल गांधी का कहना है कि विपक्ष और देश गृह मंत्री का भाषण नहीं सुनना चाहता, वह यह जानना चाहता है कि दिल्ली में आंदोलनकारी छात्रों पर गोली किसने चलवाई। सरकार की ओर से चर्चा के लिए तैयार होने की बात ऐसे समय कही गई है, जब मानसून सत्र में कई मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव बना हुआ है।**

## हर सवाल का जवाब दूंगा सदन चलने दें : शाह

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार संसद में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले हर सवाल का जवाब दिया जाएगा। शाह ने विपक्ष से चर्चा में शामिल होने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की।

अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर नीट परीक्षा और छात्रों के प्रदर्शन से जुड़े मुद्दे पर चर्चा के लिए समय तय करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वह तय समय पर सदन में मौजूद रहेंगे और विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे।

अमित शाह ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा से पीछे नहीं हट रही है। विपक्ष जिन विषयों को सदन में उठाना चाहता है, उन पर नियमों के तहत चर्चा की जा सकती है। उन्होंने विपक्ष से पहले चर्चा की प्रक्रिया में शामिल होने को कहा। उनका कहना है कि सदन में चर्चा होगी, तो सरकार विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देगी और अपनी स्थिति भी स्पष्ट करेगी।

## यह बताएं छात्रों पर गोली किसने चलवाई : राहुल



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार संसद में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले हर सवाल का जवाब दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष से चर्चा में शामिल होने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की।

अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर नीट परीक्षा और छात्रों के प्रदर्शन से जुड़े मुद्दे पर चर्चा के लिए समय तय करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वह तय समय पर सदन में मौजूद रहेंगे और विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे।

अमित शाह ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा से पीछे नहीं हट रही है। विपक्ष जिन विषयों को सदन में उठाना चाहता है, उन पर नियमों के तहत चर्चा की जा सकती है।

उन्होंने विपक्ष से पहले चर्चा की प्रक्रिया में शामिल होने को कहा। उनका कहना है कि सदन में चर्चा होगी, तो सरकार विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देगी और अपनी स्थिति भी स्पष्ट करेगी।

## एफसीआरए बिल जेपीसी को

लोकसभा ने बुधवार को हंगामे के बीच विदेशी योगदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को दोनों सदनों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया। विधेयक को लेकर विपक्षी दलों ने सदन में विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की।

विपक्ष के विरोध के बीच केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे लोकसभा ने मंजूरी दे दी। अब जेपीसी विधेयक के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा करेगी और अपनी रिपोर्ट संसद को सौंपेगी।

विधेयक को जेपीसी के पास भेजने के प्रस्ताव का विपक्षी दलों ने विरोध किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से सवाल किया कि वह एफसीआरए संशोधन विधेयक में ऐसा कोई प्रावधान बताए, जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को लेकर सदन में जवाब मांगा।

एफसीआरए संशोधन विधेयक की जांच के लिए प्रस्तावित संयुक्त संसदीय समिति में कुल 31 सदस्य होंगे। इनमें 21 सदस्य लोकसभा से और 10 सदस्य राज्यसभा से लिए जाएंगे। लोकसभा के 21 सदस्यों को लोकसभा अध्यक्ष नामित करेंगे, जबकि राज्यसभा के 10 सदस्यों का नामांकन राज्यसभा के सभापति करेंगे।

प्रस्ताव के मुताबिक, संयुक्त संसदीय समिति को अपनी रिपोर्ट संसद के 2026 के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक लोकसभा में सौंपनी होगी। समिति की बैठकों के संचालन के लिए कुल सदस्य संख्या के लगभग एक-तिहाई सदस्यों की मौजूदगी को गणपूर्ति यानी कोरम माना गया है। समिति के कामकाज के दौरान संसदीय समितियों से संबंधित लोकसभा की कार्य-प्रक्रिया और कामकाज के नियम लागू होंगे।

अब जेपीसी विधेयक के प्रावधानों की समीक्षा कर अपनी सिफारिशें देगी, जिसके बाद सरकार आगे की विधायी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

## राष्ट्रीय गौरव



लखनऊ में बुधवार को वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर मातृशक्तियों ने पीली साड़ी में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा। *फोटो- समृद्धि न्यूज*

## टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने दिया इस्तीफा

- फरवरी 2027 तक संभालेंगे जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार, 12 अगस्त को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, उनका मौजूदा कार्यकाल 20 फरवरी 2027 तक है और वे तब तक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। उनका इस्तीफा 18 अगस्त को होने वाली टाटा संस की वार्षिक आम बैठक से ठीक पहले आया है। चंद्रशेखरन के इस्तीफे की खबर सामने आने के बाद टाटा समूह की कई सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कंज्यूमर के शेयरों में करीब तीन प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। एन. चंद्रशेखरन ने 2017 में टाटा संस के चेयरमैन का पद संभाला था। उनके कार्यकाल में टाटा समूह ने विमानन, डिजिटल कारोबार, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और बैटरी जैसे नए क्षेत्रों में बड़े निवेश किए। हालांकि, कुछ नए कारोबारों के प्रदर्शन और भारी निवेश को लेकर टाटा ट्रस्ट्स के भीतर सवाल भी उठे। चंद्रशेखरन के मुताबिक, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने उनके अगले पांच साल के कार्यकाल के विस्तार की सर्वसम्मति से सिफारिश की थी।



## ऑनलाइन राइड बुक के बदले नियम एडवांस टिप फीचर पर लगी रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ऑनलाइन राइड बुक करने वाले यात्रियों के लिए सरकार ने नियमों में बदलाव किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ओला, उबर और रैपिडो जैसे राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म्स को 'एडवांस टिप' की सुविधा बंद करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि टिप देना यात्री की इच्छा पर निर्भर करता है और इसे राइड पूरी होने के बाद ही दिया जा सकता है। मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी सर्कुलर में कहा गया कि कुछ राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म्स ने अपने ऐप पर एडवांस टिप देने की सुविधा शुरू की थी। इसके जरिए यात्रियों को राइड बुक करने से पहले ही टिप देने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। मंत्रालय के अनुसार, इससे यात्रियों के बीच यह धारणा बन सकती है कि पहले से अधिक टिप देने पर राइड जल्दी बुक होने की संभावना बढ़ जाएगी।

## जस्टिस जसवंत केस : जांच समिति ने तीनों आरोपों में दोषी माना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में मिली कथित बेहिसाब नकदी के मामले में बुधवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। मामले की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति की अंतिम रिपोर्ट लोकसभा में पेश कर दी गई। समिति ने जस्टिस वर्मा को तीनों आरोपों में दोषी माना है। जांच समिति की रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली स्थित 30 तुगलक क्रिसेंट के सरकारी आवास के स्टोररूम में बड़ी मात्रा में 500 रुपये के नोट मिले थे। समिति ने पाया कि जस्टिस वर्मा इन नोटों के स्रोत और स्वामित्व को लेकर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाए।

### स्पाइसजेट की फ्लाइट का एसी बंद, यात्री हुए परेशान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली से पुणे जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-105 में यात्रियों को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब विमान के एयर-कंडीशनिंग सिस्टम में खराबी आ गई। केबिन में गर्मी और उमस बढ़ने से यात्री काफी परेशान हो गए। हालात इतने खराब हुए कि 100 से अधिक यात्रियों ने विमान से आगे की यात्रा करने से इनकार कर दिया।

यह घटना 11 अगस्त 2026 की बताई जा रही है। विमान के उड़ान भरने से पहले ही तकनीकी समस्या सामने आ गई थी। इसके बावजूद विमान में मौजूद यात्रियों को केबिन के अंदर गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। एयर-कंडीशनिंग सिस्टम ठीक से काम नहीं करने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। मामला बढ़ने के बाद एयरलाइन ने यात्रियों के लिए दूसरे विमान की व्यवस्था की। इसके बाद यात्रियों को पुणे ले जाने के लिए वैकल्पिक विमान से उड़ान संचालित की गई। स्पाइसजेट ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है।

## नौ साल में 84,005 हेक्टेयर भूमि से हटाया अवैध कब्जा

- 4.34 लाख शिकायतों में 99 प्रतिशत से ज्यादा का निस्तारण
- भूमाफियाओं पर प्रहार 2.08 लाख एकड़ जमीन कब्जामुक्त

**विशेष संवाददाता।**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ योगी सरकार का एंटी भूमाफिया अभियान लगातार जारी है।

राजस्व विभाग के मुताबिक पिछले साढ़े नौ साल में प्रदेश में 84,005 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। यह क्षेत्रफल करीब 2.08 लाख एकड़ के बराबर है। भूमि को कब्जामुक्त कराने के साथ शिकायतों के निस्तारण, मुकदमों की पैरवी और चिह्नित भूमाफियाओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई भी की गई है। सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए राज्य, मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स गठित की गई है। इन टीमों के माध्यम से अवैध कब्जों की पहचान, कार्रवाई और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाता है।

### गुटखा-पान मसाला पर एक साल की रोक

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गुटखा, पान मसाला और तंबाकू-निकोटिन युक्त अन्य प्रतिबंधित उत्पादों पर पूरे राज्य में एक साल के लिए रोक लगा दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 10 अगस्त 2026 को इस संबंध में सरकारी अधिसूचना जारी की। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रतिबंध प्रभावी हो गया है और अगले एक वर्ष तक पूरे कर्नाटक में लागू रहेगा। इसके तहत तंबाकू और निकोटिन युक्त गुटखा, पान मसाला तथा अन्य प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री पर रोक रहेगी।






## उत्साह

### कलाकारों ने भित्ति चित्रों में मेट्रो, सड़क, इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा व बदलते माहौल को उकेरा

# रंग दे बसंती से युवाओं ने दिखाया राज्य में बह रही बदलाव की बयार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

स्वतंत्रता दिवस से पहले युवाओं को अपनी रचनात्मकता और विचारों को सामने रखने का मंच देने के लिए शुरू किया गया 'रंग दे बसंती' अभियान बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के पास आयोजित ग्रैफिटी वॉल कार्यक्रम में खास आकर्षण का केंद्र रहा। शहर के कलाकारों और युवाओं ने सार्वजनिक दीवारों पर रंगों के जरिए उत्तर प्रदेश में आए बदलाव की तस्वीर उकेरी। भित्ति चित्रों में वर्ष 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की तस्वीर के साथ मौजूदा समय में मेट्रो, सड़क, इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा और बदलते माहौल को भी दर्शाया गया।

अभियान की मूल भावना 'बंदूक की जगह ब्रश, डर की जगह डायलॉग' रही। कलाकारों ने दीवारों को केवल चित्रकारी का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि इसे युवाओं की अभिव्यक्ति और सामाजिक संवाद का मंच बनाया। रंगों के जरिए यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि युवा अपनी बात हिंसा या उपद्रव के बजाय कला, संवाद और रचनात्मक माध्यमों से भी मजबूती के साथ रख सकते हैं। कार्यक्रम में कलाकारों ने लाइव पेंटिंग के जरिए अपने विचारों को आकार दिया। युवा चित्रकार मनीष सरोज की पेंटिंग में वर्ष 2017 से पहले माफिया राज से जूझते उत्तर प्रदेश की तस्वीर के साथ बदलाव के बाद की सकारात्मक छवि को भी दिखाया गया। पेंटिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था और प्रदेश में बदलते माहौल को रचनात्मक तरीके से सामने रखने का प्रयास किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रंजीत ने बताया कि 'रंग दे बसंती' के माध्यम से युवा प्रदेश में हुए बदलाव को कला के जरिए लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भित्ति चित्रों में मेट्रो, सड़कों, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल किया गया है। उनके मुताबिक, आज प्रदेश में मेट्रो का विस्तार हो रहा है, सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। युवाओं की कोशिश है कि इन बदलावों को रंगों और कला के माध्यम से लोगों के सामने रखा जाए। अभियान में शामिल छात्र अमन शुक्ला ने युवाओं से अपनी समस्याओं और मुद्दों को शांतिपूर्ण तथा लोकतांत्रिक तरीके से उठाने की अपील की। उनके अनुसार, कला, संगीत और संवाद के जरिए भी युवाओं की आवाज को प्रभावी ढंग से सामने लाया जा सकता है। 'रंग दे बसंती' अभियान 11 से 14 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को मुजफ्फरनगर में कॉमिक वितरण और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सांप्रदायिक सद्भाव पर आधारित मूल कॉमिक का वितरण होगा और स्कूलों में युवाओं के साथ संवाद किया जाएगा। 14 अगस्त को 'डर से आजादी' गीत लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ रैप, संगीत और डिजिटल कला का कार्यक्रम भी आयोजित होगा।



# 15 अगस्त को देशभक्ति का दिखेगा भव्य नजारा

- प्रभात फेरी से ध्वजारोहण तक होंगे आयोजन
- स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व राष्ट्रीय एकता का दिया जाएगा संदेश




**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

आजादी की वर्षगांठ पर अम्बेडकरनगर एक बार फिर देशभक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। 15 अगस्त को जिलेभर में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की और सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपीं। स्वतंत्रता दिवस की शुरुआत सुबह सात बजे गांधी आश्रम अकबरपुर से भव्य प्रभात फेरी के साथ होगी। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं बैंड-बाजे और देशभक्ति गीतों के साथ शामिल होंगे। प्रभात फेरी शहजादपुर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चौक पहुंचेगी। इस दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पॉलीथीन के बहिष्कार और पौधरोपण का संदेश भी दिया जाएगा। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक एकता के प्रतीक महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। सुबह आठ बजे सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया जाएगा और सामूहिक राष्ट्रगान होगा। स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में सिर्फ झंडारोहण ही नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को आजादी के संघर्ष से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे। विद्यार्थियों को स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों और अमर बलिदानियों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए जाएंगे। देशभक्ति आधारित नाटक, प्रतियोगिताएं और सामूहिक राष्ट्रगान के माध्यम से बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत की जाएगी। अधिकारियों और संस्थानों में आयोजित गोष्ठियों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा होगी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यालय परिसरों में पौधरोपण भी कराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में खेल का रंग भी नजर आएगा। खेल विभाग की ओर से एकलव्य स्टेडियम में 10-10 ओवर का क्रिकेट मैच आयोजित कराया जाएगा। वहीं अपराह्न में परंपरागत रूप से सार्वजनिक स्थल पर जनसभा होगी, जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। तिरंगे के महत्व और देश की एकता-अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के साथ साहित्यकारों, लेखकों और गीतकारों को स्वतंत्रता संग्राम तथा तिरंगे की गौरवगाथा पर लेखन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के सभी कार्यक्रम व्यवस्थित, गरिमापूर्ण और अधिक से अधिक जनभागीदारी वाले हों। जिले में 15 अगस्त का पर्व केवल औपचारिक आयोजन न रहकर देशभक्ति, एकता, सद्भाव और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश देने वाला जनउत्सव बने।

# डेंगू-जापानी इंसेफेलाइटिस पर प्रशासन अलर्ट

- प्रभावित क्षेत्रों में चला विशेष सफाई व दवा छिड़काव अभियान



**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**

जनपद में जापानी इंसेफेलाइटिस एवं डेंगू के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य एवं पंचायती राज विभाग को सक्रिय करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई शुरू करा दी है। मरीजों के आसपास विशेष सफाई, दवा छिड़काव और स्वास्थ्य जांच के साथ निगरानी व्यवस्था भी तेज कर दी गई है। विकासखंड जहांगीरगंज की ग्राम पंचायत सांति सदर में जापानी इंसेफेलाइटिस का मरीज मिलने की सूचना पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला एवं जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सीडीओ के निर्देश पर मरीज के घर के आसपास तथा गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम ने मौके पर सैंपलिंग एवं आवश्यक जांच की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मरीज के परिवार के सदस्यों सहित आसपास के 27 लोगों की जांच कराई गई, जिनकी सभी रिपोर्ट निगेटिव आई हैं। स्वास्थ्य एवं पंचायती राज विभाग की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं। इसी प्रकार टांडा विकासखंड के वार्ड नंबर 15 मीरपुर हयातगंज एवं अमिया बाभनपुर, कटेहरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बेनीपुर तथा भीटी विकासखंड के ग्राम पंचायत परवरभारी में डेंगू के मरीज मिलने पर भी प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की। प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ मरीजों के घरों के आसपास दवा का छिड़काव कराया गया।

मेडिकल टीमों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की।

## खबरें एक नजर में

### रुपईडीहा में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**रुपईडीहा, बहराइच।** बुधवार को नगर पंचायत रुपईडीहा.में उत्साह पूर्वक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का प्रारम्भ रामजानकी इंटर कॉलेज से हुआ। भू पू प्रमुख तथा राम जानकी इण्टर कॉलेज के प्रार्चाय डाक्टर हरीशचन्द्र ने झन्डी दिखाकर यात्राको रवाना किया राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा.कोतवाली रुपईडीहा तक जाने के बाद वापस आकर सरस्वती शिशु मन्दिर रुपईडीहा पर सम्पन्न हुई। यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष महाजदीन वर्मा,अध्यक्ष नगर.पंचायत डाक्टर उमाशंकर, प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा ,देवेन्द्र पाठक,सभासद कालीप्रसादगुप्ता,सभासद ध्रुव राज वर्मा भीमसेन मिश्र आदि गणमान्य जन सम्मिलित रहे ।यात्रा राम जानकी इण्टर कालेज एवं सरस्वती शिशु मन्दिर के छात्र राष्ट्र भक्ति के नारे.लगाते हुए चल रहे.थे। पूरी यात्रा.की सुरक्षा व्यवस्था कोतवाल हरेन्द्र नाथ मिश्र अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से संभाले रहे।

### महसी विधानसभा से 250 श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

**कैसरगंज, बहराइच।** महसी विधानसभा क्षेत्र से लगभग 250 श्रद्धालु सोमवार को बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा से पहले जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश वर्मा द्वारा सभी श्रद्धालुओं को फल एवं पानी वितरित कर शुभकामनाओं के साथ ट्रेन में विदा किया गया। इस धार्मिक यात्रा में विधानसभा महसी क्षेत्र के ग्राम सभा भौंरी, सिपहिया हुलास, सरसड, बेदौरा, घुरेहरीपुर, बिसवां, अमवातेतारपुर, जैतापुर, गुरेदेवी एवं बिश्नवा के श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा को सफल बनाने में कन्हैयालाल वर्मा, विनय वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, सरदार सुभाष सिंह, सर्वेश आर्य, पेशकार आर्य, कन्नौजी लाल आर्य, नवल किशोर पटेल, जगराम वर्मा, जयपाल वर्मा, मनीष वर्मा, देवप्रताप वर्मा, राजिंदर गुप्ता, जयप्रकाश वर्मा, परमेश सोनी, किशन मेहरोत्रा, जगदंबा प्रसाद वर्मा, शंकर गौतम, विजय कुमार वर्मा एवं बेचेलाल गौतम का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखा गया। 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ ट्रेन रवाना हुई। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्य समाज में आपसी भाईचारे और आस्था को मजबूत करते हैं।

### हमारे महापुरुष राष्ट्र के गौरव हैं: बृजेश पांडेय

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा अभियान के निमित नगर मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत केडीसी स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं उसके आसपास के परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा की साफ-सफाई कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं उनके स्मृति स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना, उनके आदर्शों का सम्मान करना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय रहे। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुष राष्ट्र के गौरव हैं और उनकी प्रतिमाएं एवं स्मृति स्थलों की स्वच्छता व सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बने, यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के सम्मान, स्वच्छता और राष्ट्रहित के प्रति निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

### घर में सो रही महिला पर तेंदुए का हमला

**बहराइच।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के राजापुर गिरंट गांव में बुधवार तड़के तेंदुए ने घर में सो रही 60 वर्षीय महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र की वेलहन ग्राम सभा के महेशपुर इलाके की है। गांव निवासी जय कला (60), पत्नी शंकर अपने घर में सो रही थीं। रात करीब दो बजे अचानक तेंदुआ घर में घुस आया और महिला पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले से घायल महिला ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ वहां से भाग निकला। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल जय कला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन्यजीव रक्षक दीपक कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत कर घटना की जानकारी जुटाई।ग्रामीणों ने बताया कि गांव के घरों से जंगल की दूरी करीब 800 मीटर है। इसके बावजूद इलाके में आए दिन वन्यजीवों की आवाजाही देखी जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की गतिविधियों को लेकर वन विभाग की ओर से पर्याप्त निगरानी नहीं की जा रही है।

### कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा, मेडिकल कैंप में मिला उपचार

**बहराइच।** कैसरगंज में सावन के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सेवा और स्वागत किया गया। महंत जागेश्वरपुरी कांवड़िया समिति नंदवल की ओर से कैसरगंज विधायक प्रतिनिधि अभिषेक यादव के सहयोग से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई और प्रसाद वितरित किया गया। जरवल कस्बे में नायरा पेट्रोल पंप के पास मेडिकल कैंप लगाकर पैदल यात्रा के दौरान घायल या परेशान श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार भी दिया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान में विद्यालयों में गूंजा राष्ट्रप्रेम

- तिरंगा यात्रा व पेंटिंग प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखवाया उत्साह

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**



हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का जोश देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लिए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से अपने मन में बसे राष्ट्रप्रेम को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। तिरंगे के प्रति सम्मान, देश की एकता और अखंडता तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों में जीवंत किया। कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करना रहा। बच्चों के उत्साह ने विद्यालयों को देशभक्ति के रंग में रंग दिया और हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

## नहर में उतराता बरामद हुआ बुजुर्ग का शव

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसरांय थाना क्षेत्र मे हातापुरवा पंजरौली नहर से एक बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान राजापुर निवासी पीताम्बर के रूप में हुई है, जो मंगलवार शाम से लापता थे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।मृतक की बेटी सियारानी जो भवानीपुर ददरौली गांव की निवासी हैं ने पुलिस को बताया कि उनके पिता 11 अगस्त, मंगलवार की शाम करीब 4:30 बजे घर से टहलने निकले थे। वे रात भर घर नहीं लौटे।

# विधायक व जिला महामंत्री के संग निकाली गई तिरंगा यात्रा



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

15अगस्त पर्व से पहले रेहरा बाजार में उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने शामिल होकर हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सादुल्लाहनगर रोड से की गयी तथा तिरंगा यात्रा का समापन हनोमान गढ़ी मंदिर पर किया गया इस दौरान डी जे पर देशभक्ति गानों ने बाजार वासियों का दिल मोह लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

## गुमशुदा 10 वर्षीय बालक को 4 वर्ष बाद किया बरामद



**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा वांछित/वारंटी गिरफ्तारी एवं गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान के क्रम रहे अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर के कुशल नेतृत्व में तथा प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.09.22 को वादिनी श्रीमती रहीमा पत्नी स्व 0 अब्दुल खालिद निवासी नई बाजार बैरागी पुरवा थाना तुलसीपुर बलरामपुर द्वारा एक लिखित तहरीर दिया कि उसका नाबालिग बालक घर के पास से खेलते समय गायब हो गया था । प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर उपेन्द्र यादव को सुपुर्द किया गया था । वर्तमान में प्र0 नि0 श्री सुधीर कुमार सिंह के द्वारा विवेचना की जा रही है । अपृहत बालक 2022 में जब 10 वर्ष का था तो अपने घर पर अपनी मां के डांटने के उपरांत वह घर से निकला तथा तुलसीपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गोंडा पहुंच गया जहां गोंडा रेलवे स्टेशन के पास बलरामपुर जाने वाली सड़क पर ओवर ब्रिज के नीचे कल्लू चिकवा की दुकान पर यह लड़का रोते हुए गुड्डन पथरकट पत्नी स्व0 कल्लू पथरकट्ट नि0 दत्तनगर निकट रेलवे स्टेशन पथरकट्ट कालोनी थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को मिला ।

# सभी ओवरब्रिज व अंडरपास का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद में निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाने एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा रिंग रोड के अंतिम बिंदु बिजलीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना की भौतिक प्रगति का जायजा लेते हुए निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रिंग रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज एवं अंडरपास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी ओवरब्रिज एवं अंडरपास के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना के विभिन्न हिस्सों में कार्य एक साथ संचालित करते हुए पर्याप्त श्रमिक, मशीनरी एवं अन्य आवश्यक संसाधन लगाए जाएं, जिससे निर्माण कार्य की गति बढ़ाई जा सके।

# सीएमओ बलरामपुर ने किया निरीक्षण 15 स्वास्थ्य कर्मी रहे अनुपस्थित

- सभी के वेतन रोकने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के समय रूपाली (चतुर्थ श्रेणी), स्वतंत्र कुमार (चतुर्थ श्रेणी), देवेश श्रीवास्तव (चतुर्थ श्रेणी), बृजेश सिंह (एनएमएस), पुष्पलता श्रीवास्तव (एल एचबी), डॉ. नमिता (महिला चिकित्सा अधिकारी), ललिता जायसवाल (वार्ड आया), अवनीश तिवारी (वार्ड बॉय), सुनील कुमार गुप्ता (फार्मासिस्ट), शैलेन्द्र तिवारी (पी एम डब्ल्यू)निधि पांडेय (स्टाफ नर्स), गीता यादव (स्टाफ नर्स), संजय गिरी (लैब टेक्नीशियन), डॉ. रेनू (महिला चिकित्सा अधिकारी), वार्ड आया सोनी देवी सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने की कार्रवाई करने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर डॉ. जावेद अख्तर को दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि चिकित्सालय में तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सालय भवन एवं परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही औषधियों के रखरखाव एवं उपलब्धता, अभिलेखों के रखरखाव, मरीजों के साथ स्वास्थ्यकर्मियों के व्यवहार, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का भी निरीक्षण किया।

## सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है की कु विनीता वर्मा पिता दयाराम वर्मा ग्राम भखरौली कनपुरवा कैसरगंज बहराइच की निवासी हूं। मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2391003 है और इंटरमीडियट का वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1855656 का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र जो कहीं गायब हो गया है।

प्रार्थनी
कु. विनीता वर्मा
पिता दयाराम
ग्राम-भखरौली कनपुरवा,
कैसरगंज, बहराइच।

# छठी पुण्यतिथि पर याद किए गए ठाकुर कल्पनाथ सिंह



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिले के सुप्रसिद्ध साहित्यकार कल्पनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'सादर -नमन' में बहुप्रसिद्ध हिंदी साहित्य पुरस्कार 'श्री कल्पनाथ सिंह स्मृति ओम सम्मान' से इस वर्ष बनारस के ख्यातिलब्ध साहित्यकार डॉ चंद्रभाल सुकुमार अलंकृत होंगे। विदित हो की हिंदी साहित्य की उत्कृष्ट एवं दीर्घकालिक सेवा हेतु प्रतिवर्ष यह पुरस्कार एक वरिष्ठ साहित्यकार को दिया जाता है एवं सर्वकालिक हिंदी एवं उर्दू साहित्य सेवा हेतु 'श्री कल्पनाथ सिंह स्मृति साहित्य सम्मान ' एक-एक युवा साहित्यकार को दिया जाता है । 'श्री कल्पनाथ स्मृति साहित्य सम्मान' से हिंदी में युवा साहित्यकार डॉ कुमार पुष्पेंद्र एवं उर्दू साहित्य से सगीर नूरी को यह सम्मान देने की घोषणा न्यास अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह 'रानू 'द्वारा की गई है। न्यास के मुख्य सेवक सर्वेश कुमार सिंह एवं साहित्य भूषण मूसा खां अशांत ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया कि यह पुरस्कार 16 अगस्त रविवार को कल्पनाथ सिंह जी की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'सादर नमन' में मंचासीन अतिथियों एवं न्यास अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा प्रदान किया जाएगा। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के जिला न्यायाधीश पद से सेवानिवृत डॉ चंद्रभाल सुकुमार ने हिंदी साहित्य की प्रमुख विधाओं में लगभग पांच दर्जन पुस्तकें लिखी हैं और लगभग चार दर्जन से अधिक सह संकलनों में उनकी रचनाएं संकलित है इनका काव्य संग्रह दबे पांव धूप और मेघदूत का हिंदी काव्यानुवाद उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान से भी पुरस्कृत है।

डॉ चंद्रभाल सुकुमार को इस बहुप्रतिष्ठत 'श्री कल्पनाथ सिंह स्मृति ओम सम्मान 'के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र,अंग वस्त्र ,पुष्प -गुच्छ एवं सम्मानित धनराशि से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मश्री डॉ विद्या विंदु सिंह, विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ साहित्यकार दयानंद पांडे लखनऊ, डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी- अध्यक्ष नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया एवं ब्रज बाबू बृजेश होंगे।

## डिप्टी सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** बुधवार को नोडल डिप्टी सीएमओ डॉ जितेंद्र बॉस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ागांव का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ ने ओपीडी, वार्ड,दवा वितरण कक्ष एवं अन्य विभागों का जायजा लिया।

मरीजों से भी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़नापुर वि.ख.-हैदरगढ़, बाराबंकी

पत्रांक संख्या-मेमो/2026-27 दिनांक 09/08/2026

### (अल्पकालिक निविदा सूचना )

ग्राम पंचायत बड़नापुर विकास खण्ड हैदरगढ़ में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) / एसएलडब्ल्यूएम अंतर्गत करायें जाने वाले कार्य आपूर्ति के लिए सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प , अन्नपूर्णा भवन, खेल का मैदान, विद्यालय की बाउंड्री वॉल, सामुदायिक शौचालय, सीएचसी सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, पशु सेट, बारात घर, खेल का मैदान, मनरेगा पार्क ओपन जिम, कायाकल्प, एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट सीधा खंजड, 2. सीमेंट, 3. साधारण बालू, स्थानीय बालू, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 10 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स, 7. एन पी 3 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी 3, 8. सोलर लाइट, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेट, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाईकर्मी कीट/पशु आहार/भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शो पीट, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक) आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यों पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12.08.2026 से 21.08.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह 2:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 22.08.2026 समय अपराह् 10 बजे से शाम 5 बजे तक

**नियम/शर्तेः-** 1. आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
2. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
3. ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा।
4. निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा।
6. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
7. आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।
8. पंचायती राज अनुभाग 3 उत्तर प्रदेश शासन कार्यालय ज्ञाप दिनांक 25 मई 2026 के अनुसार ग्राम प्रधान को पंचायतो मे प्रशासक के रूप मे नियुक्त करते हुए रूटीन कार्यो को सम्पादित कराये जाने एवं निर्माण कार्यो को कराये जाने से पूर्व जिलाधिकारी महोदय कि अनुमति आवश्यक है जिन कार्यो कि अनुमति प्रदान होगी उसकी सूचना आपूर्तिकर्ताओं को प्रथक से दी जाएगी।

ग्राम प्रशासक
ग्रा.पं. बड़नापुर
विं.खं -हैदरगढ़
जनपद-बाराबंकी।

पंचायत सचिव
ग्रा.पं. बड़नापुर
विं.खं -हैदरगढ़
जनपद-बाराबंकी।

# तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर भाजपाइयों ने लिया हिस्सा

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष में नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत हैदरगढ़ मंडल की तिरंगा का यात्रा का आयोजन किया गया। मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्रा की अध्यक्षता व विधायक दिनेश रावत के नेतृत्व में राष्ट्रप्रेमी बड़ी संख्या में हैदरगढ़ बस स्टेशन पर मोटरसाइकिलो के साथ एकत्र हुए । भारत माता की जय व वन्दे मातरम के गगनभेदी उद्घोष के साथ बस स्टेशन से शुरू हुई तिरंगा यात्रा बड़ा चौराहा रामेश्वरम शिवाला मोड होते हुए बाराबंकी मार्ग से होते हुए अवसानेश्वर महादेव मंदिर पर पहुँचकर संपन्न हो गई। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने खुद मोटर साइकिल चलाकर इस यात्रा का नेतृत्व किया और मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा ने पुरी यात्रा का संयोजन करते हुए यात्रा को सकुशल संपन्न कराया।

# सीएचसी हुई एनेस्थीसिया डॉक्टर विहीन एकमात्र तैनात रहे डॉक्टर का हुआ तबादला

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**

अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर तैनात रहे अल्ट्रासाउंड व बेहोशी के एकमात्र विशेषज्ञ डॉ0 विश्वनाथ मद्धेशिया का स्थानांतरण विकासखंड त्रिवेदीगंज के परीवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर दिया गया हैं। जिसके चलते प्रथम संदर्भन इकाई का दर्जा प्राप्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर अल्ट्रासाउंड एवं ऑपरेशन की सुविधाए बाधित हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ में अल्ट्रासाउंड और बेहोशी के विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर विश्वनाथ मद्धेशिया तैनात थे उनकी तैनाती यहां होने से आने वाले रोगियों को अल्ट्रासाउंड के साथ-साथ ऑपरेशन की सुविधा भी मिल जाती थी। परंतु उनके स्थानांतरण से अब यह सुविधाए अब अस्पताल आने वाले रोगियों को नहीं मिल पाएगी। यहां यह भी हास्यास्पद है कि परीवां स्थिति जिस सीएचसी के लिए डॉक्टर मद्धेशिया का स्थानांतरण किया गया हैं वह पूरी तरह संचालित भी नहीं हो पा रहा है। महज ओपीडी की सुविधा यहां पर आने वाले रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही है।

# जरूरतमंद पात्रों को मिलेगा नौ लाख में मकान

- राजधानी में अदिति व बागेश्वरी आवासीय परियोजना होगी विकसित
- दोनों योजनाओं में बनेंगे 2640 फ्लैट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राजधानी लखनऊ में किफायती फ्लैट का सपना देखने वाले हजारों परिवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण अनंत नगर और शारदा नगर विस्तार योजना में अदिति अपार्टमेंट और बागेश्वरी अपार्टमेंट नाम से दो बड़ी आवासीय परियोजनाएं विकसित करेगा।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी



मिल गई। दोनों योजनाओं में कुल 2640 फ्लैट बनाए जाएंगे।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार अदिति व बागेश्वरी अपार्टमेंट के निर्माण को मंजूरी दे दी गयी है। पीएम आवास के मकान करीब नौ लाख में मिलेंगे। जबकि मध्यम वर्ग के मकान लगभग 34 लाख में

### मिनी टाउनशिप सुविधा

एलडीए पहली बार प्रधानमंत्री आवास योजना के परिसरों में स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक केंद्र, किराना स्टोर, मेडिकल शॉप, मिल्क बूथ, एटीएम और अन्य सुविधाएं विकसित करेगा। इससे निवासियों को दैनिक जरूरतों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

आवंटित किए जाएंगे। योजना में कई सुविधाएं मिलेंगी।

इन परियोजनाओं की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले 1 बीएचके फ्लैट मात्र 8.99 लाख रुपये में उपलब्ध होंगे। इनके निर्माण के लिए राज्य व केन्द्र सरकार की

### अनंत नगर में बनेगा 14 मंजिला अदिति अपार्टमेंट

अनंत नगर आवासीय योजना में बनने वाला अदिति अपार्टमेंट 14 मंजिला होगा। इसमें कुल पांच टावर बनाए जाएंगे। 1 बीएचके (प्रधानमंत्री आवास योजना) के फ्लैट की कीमत रु. 8.99 लाख जबकि 2 बीएचके के फ्लैट की कीमत रु. 34.82 लाख रुपए निर्धारित की गयी है। शारदा नगर विस्तार योजना में पीजीआई के निकट बनने वाला बागेश्वरी अपार्टमेंट 12 मंजिला होगा। इसमें कुल 1248 फ्लैट बनाए जाएंगे। इनमें 312 फ्लैट पीएम आवास और 936 फ्लैट दो बेडरूम श्रेणी के होंगे। 1 बीएचके फ्लैट की कीमत रु. 8.99 लाख तथा दो बेडरूम के फ्लैट की कीमत रु. 34.90 लाख रुपए होगी।

### लैंड पूलिंग से शहर में बसेंगी 4500 एकड़ की योजनाएं

वहीं, मोहनलालगंज क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद आवास एवं विकास परिषद की दो महत्वाकांक्षी आवासीय योजनाओं को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज हो गई है। करीब दो वर्ष की प्रक्रिया के बाद अब दोनों योजनाओं के लिए लैंड पूलिंग की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों के साथ चर्चा का दौर पूरा हो चुका है और अब जमीन का मूल्य तय कर सहमति के आधार पर भूमि जुटाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

ओर से ढाई लाख रुपये तक की सब्सिडी भी दी जाएगी। वहीं मध्यम आय वर्ग के लिए दो बेडरूम वाले फ्लैट भी बनाए जाएंगे।

# पीएसी स्टेट बैंड ने देशभक्ति धुनों की दी प्रस्तुति

- स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजधानी में तैयारियां शुरू
- प्रस्तुति देखकर देश के प्रति समर्पण की भावना का हुआ संचार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को 35वीं वाहिनी पीएसी की स्टेट बैंड ने देशभक्ति से ओत–प्रोत मधुर धुनों की प्रस्तुति दी।

35वीं वाहिनी पीएसी के स्टेट बैंड ने आज सुबह जनेश्वर मिश्र पार्क एवं डा. राम मनोहर लोहिया पार्क में देश भक्ति और राष्ट्रीयता से



प्रेरित मधुर धुनों का मनमोहक वादन किया। स्टेट बैंड की यह प्रस्तुति देखकर पार्क में उपस्थित आमजनों में राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति समर्पण की भावना का संचार हुआ। कुछ लोगों ने इस पल को अपने कैमरे में कैद कर लिया और बैंड की प्रस्तुतियों की सरहना की।

उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर से पूर्व आमजनों को राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए किए गये बलिदानों की स्मृति से जोड़ते हुए देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागृत करना है। साथ ही समाज में राष्ट्रीय एकता और कर्तव्यनिष्ठा संदेश प्रसारित करना है।

# लखनऊ में भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारी ने संभाली जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के लखनऊ शाखा कार्यालय से संबंधित एक आधिकारिक दस्तावेज सामने आया है। दस्तावेज में भारतीय मानक ब्यूरो, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के लखनऊ शाखा कार्यालय का उल्लेख है।

दस्तावेज के अनुसार लखनऊ शाखा कार्यालय का पता रीजनल टेलीकॉम ट्रेनिंग सेंटर, बीएसएनएल भवन, सेक्टर-जी, एलडीए कॉलोनी, आशियाना, लखनऊ-226012 दिया गया है। कार्यालय के संपर्क नंबर भी दस्तावेज में दर्ज हैं।

भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और मानकीकृत उत्पाद उपलब्ध कराने से जुड़े कार्यों के लिए जिम्मेदार केंद्रीय संस्था है।



लखनऊ स्थित शाखा कार्यालय उत्तर प्रदेश में ब्यूरो की गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दस्तावेज में कार्यालय का ईमेल और बीआईएस की वेबसाइट भी उपलब्ध कराई गई है।

# रक्षाबंधन पर्व पर अतिरिक्त बसों का होगा संचालन : परिवहन मंत्री

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने रक्षाबन्धन पर्व के दृष्टिगत राज्य में अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था सुलभ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश में कहीं पर भी बहनें राखी बांधने के लिए पूर्व की भांति सुरक्षित एवं सुगम यात्रा कर सके, इसके लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। रक्षाबन्धन पर्व के पूर्व एवं समाप्ति के पश्चात् यात्रियों का आवागमन अधिक रहता है। इस दृष्टि से 26 अगस्त से 31 अगस्त तक (06 दिवस) की अवधि में यात्रियों को अतिरिक्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक बसों का संचालन किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पर्व अवधि में परिवहन निगम की शत् प्रतिशत



- सभी बस स्टेशनों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश
- 24 घंटे चलने वाले कंट्रोल रूम की होगी व्यवस्था

बसों को आनरोड किया जाये। उन्होंने कहा कि लोग रक्षाबंधन पर्व पर पूर्वी क्षेत्र के लिए अधिक यात्रा करते हैं। इसके दृष्टिगत पूर्वी क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बसों एवं बस स्टेशनों पर साफ-सफाई, पीने के लिए स्वच्छ जल इत्यादि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बस स्टेशनों पर यात्री प्रतीक्षालय स्थल पर लाइट, पंखे की व्यवस्था उत्तम होनी चाहिए। साथ ही यात्रियों को बसों के संचालन के बारे में जानकारी देने के लिए 24 घंटे चलने वाले कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था की जाए।

### अवकाश स्वीकृत न करने निर्देश

एमडी परिवहन निगम प्रभु एन0 सिंह ने समस्त क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधको को निर्देश दिए है कि उल्लिखित अवधि में चालकों/परिचालकों कार्यशाला व संचालन शाखा के कर्मचारियों व पर्यवेक्षकों को ड्यूटी रोस्टर तैयार कर उसे अवगत कराते हुए नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित/चस्पा कर दिया जाये। इस अवधि में समस्त अनुबन्धित बसों को संचालित कराया जाये तथा अवकाश स्वीकृत न किया जाये। यात्रियों की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न गन्तव्यों जैसे लखनऊ व कानपुर हेतु अतिरिक्त सेवायें संचालित की जाये। इस अवधि में मार्गों की सघन चेकिंग करायी जाये तथा निरीक्षण दल द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मार्ग पर बसों की उपलब्धता मॉग के अनुरूप है अन्यथा की दशा में तत्काल सम्बन्धित क्षेत्र को सूचित करेगें। समस्त बस क्रू को निर्देशित किया जाये कि वे सभी स्टापेजों से ही यात्री उठायें। बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ के दृष्टिगत त्योहार की अवधि में बस स्टेशनों पर पर्यवेक्षक की उपस्थिति निरन्तर बनी रहे तथा डिपो एवं क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा भी बस स्टेशन पर उपस्थित रहकर बसों एवं यात्री सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। स्टापेज के इतर मार्ग के मध्य में मिलने वाले यात्रियों के संकेत पर उन्हें अवश्य बस में चढ़ाकर उनके गन्तव्य तक यात्रा की सुविधा प्रदान की जाये।

# एक साल से फरार उज्बेकिस्तानी महिला लखनऊ में गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ पुलिस और खुफिया जांच एजेंसी ने देह व्यापार चलाने के आरोप में एक साल से फरार उज्बेकिस्तान की महिला को गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस से बचने के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराई थी। महिला को सुशांत गोल्फ सिटी थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है।

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि उज्बेकिस्तानी महिला लोला कायूमोवा को गोमतीनगर इलाके से मंगलवार देर शाम को गिरफ्तार किया गया है। वह देह व्यापार चलाने के आरोप में पिछले एक साल से फरार चल रही थी जबकि उसकी दो महिला साथियों को पिछले साल हजरतगंज स्थित ओमेक्स अपार्टमेंट से गिरफ्तार



किया गया था। दोनों बिना बीजा और पासपोर्ट के यह रहकर एक मसाज पार्लर में काम करती थीं। यही से वह देह व्यापार की बुकिंग भी करती थीं।

पूछताछ में उन महिलाओं ने लोला कायूमोवा, डॉ. विवेक का नाम लिया था। उन्होंने बताय कि लोला और डॉ. विवेक पहले से एक दूसरे को जानते थे। विवेक ही लोला को लेकर भारत आया था। यहां पर एक कथित पत्रकार त्रिजिन से उसकी जान पहचान हो गई उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी थी। इसके बाद यहां पर उसने देह व्यापार शुरू कर दिया।


आप सभी को 80वें स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की ढेरों मंगलकामनाएँ

(छिबरामऊ (कन्नौज) परिशिष्ट )




































# गौसेवा आयोग के सदस्य के निरीक्षण में मिली गौशालाओं में बदहाली

- अधिकारियों को लगाई फटकार, बोले-व्यवस्थाएं की जाए दुरुस्त

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



उत्तर प्रदेश सरकार के गौ सेवा आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमाकांत उपाध्याय ने बुधवार को विभिन्न गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंश के रख-रखाव, चारे-पानी की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। जहाँ एक ओर अव्यवस्थाओं पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के सफल मॉडल की सराहना की। सीमा में प्रवेश करते ही राज्य मंत्री रमाकांत उपाध्याय सबसे पहले कांट स्थित गौशाला पहुँचे और वहाँ का निरीक्षण किया। तत्पश्चात वे मदनापुर ब्लॉक के ग्राम चन्दोखा स्थित गौशाला पहुँचे। चन्दोखा गौशाला में निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने गौवंश को शारीरिक रूप से कमजोर और कुपोषित देखा, तो उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। राज्य मंत्री ने मौके से ही खंड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान को फोन करके सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि गौवंश को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा और पौष्टिक पशु आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौ सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद राज्य मंत्री ग्राम ढका पहुँचे, जहाँ उन्होंने समाजसेवी राजवीर सिंह द्वारा संचालित गौशाला का भ्रमण किया। यहाँ गौवंश को स्वस्थ और उन्नत स्थिति में देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने राजवीर सिंह द्वारा की जा रही गौ-आधारित (जैविक व प्राकृतिक) खेती का बारीक निरीक्षण किया। दौरे के अंतिम चरण में राज्य मंत्री ने कटरा, तिलहर और निगोही क्षेत्र की गौशालाओं का सिलसिलेवार औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी व बदलते मौसम को देखते हुए गौशालाओं में स्वच्छता, शीतल पेयजल और छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शाहजहाँपुर की सभी प्रमुख गौशालाओं का जायजा लेने के उपरांत वे पड़ोसी जनपद पीलीभीत के लिए प्रस्थान कर गए। संघ गौ सेवा कार्यकर्ता दिलीप शर्मा, संतोष कुमार, सजीव सिंह, क्षेत्र के संबंधित खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं पर्याप्त पुलिस बल उपस्थित रहा।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों के उपकरण चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र के सरसवां स्थित एक राजकीय हाईस्कूल का ताला तोड़कर विगत दिनों अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर सहित लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ किया है। चोरी की जानकारी मंगलवार सुबह हुई तो प्रधानाचार्य ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे मय फोर्स थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य मनीराम ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि राजकीय हाईस्कूल सरसवां शाह में शनिवार को छुट्टी होने के बाद स्कूल बन्द किया गया। रविवार व सोमवार अवकाश होने के कारण विद्यालय बन्द रहा। मंगलवार प्रातः विद्यालय खोलने पर पाया गया कि विद्यालय के दक्षिण पश्चिम व कम्प्यूटर लैब के ताले कटे पाये गये कम्प्यूटर लैब से अज्ञात चोरों द्वारा 3 कम्प्यूटर (टीएफटी) तीन की बोर्ड, पाँच यूपीएस, तीन सीपीयू, तीन माउस, दो माउस वायरलेस, दो की बोर्ड ब्लूटूथ कनेक्ट, एक प्रिन्टर चोरी हो गया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही हैं। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

# विहिप, बजरंग दल का अखण्ड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम हुआ संपन्न

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम विसरात स्थित परशुराम धाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत मंत्री अनुज सिंह द्वारा देश की सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया। अखंड भारत संकल्प दिवस का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय चेतना, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत करना है। उपस्थित लोगों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिनव ओमर, महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, महानगर उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, महानगर सह मंत्री राहुल कनौजिया व प्रदीप प्रजापति, महानगर सह संयोजक बजरंगदल राजीव कुमार, महानगर समरसता प्रमुख ऋषभ गुप्ता, महानगर गौ रक्षा प्रमुख राधेश्याम प्रजापति, महानगर अर्चक प्रमुख अमन कश्यप, आदर्श श्रीवास्तव, गौतम वर्मा, सुनील, अंकित, गोपाल प्रजापति, भोलू पंडित व राजेश सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड जनक पंडित श्रीराम बाजपेई का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिला स्काउट गाइड कैंपस रोटी गोदाम में भारत में स्काउट गाइड जनक शाहजहांपुर की धरती के महानायक शहीदों के गुरु पंडित श्रीराम बाजपेई जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पंडित श्री श्रीराम बाजपेई के प्रपौत्र चंद्रकांत वाजपेई एवं प्रपौत्र वधू ज्योत्सना बाजपेई,एडीएम वित्त अरविंद कुमार, डीआईओएस हरिवंश कुमार, बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव, आनंद सिंह रावत, नौशाद अली, रविंद्र सोखी, खंड शिक्षा अधिकारी नगर पंकज, प्रीति , निकहत परवीन जिला स्काउट मास्टर, दपिन्दर कौर जिला गाइड कैप्टन, वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की गाइड एवं विकास खंडो से आए हुए स्काउट और गाइड टीमस्काउट गाइड शिक्षक शिक्षिकाएं कब बुलबुल स्काउट गाइड बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का जिला स्काउट मास्टर जिला गाइड कैप्टन द्वारा ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के आगमन पर स्कार्फ एवं वैज लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया स्काउट गाइड ईश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया भारत मे स्काउट गाइड पंडित श्रीराम बाजपेई जी वर्ल्ड स्काउट चीफ लॉर्ड वेडेन पावेल एवं लेडी वेडेन पावेल के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई स्काउट गाइड टीमों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई इस अवसर पर कब बुलबुल मॉडल कंपोजिट विद्यालय हथोड़ा एवं कंपोजिट विद्यालय अटसलिया के बच्चों ने सभी का मनमोह लिया पोस्टर प्रतियोगिता में कोमल अन्य याआर्यन ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया समूह गान एवं पोस्टर प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कांट की शानदार प्रस्तुति रहीकब बुलबुल स्काउट गाइड द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर सुखमीत कौर, विजय पाल, अनंत बाजपेई, मयंक भूषण पांडे, प्रमोद कुमार, उदित शर्मा, मुख्तार, इमरान, शाहनवाज, शरद, विजयकांतश्री ,राम प्रताप, नीरज वर्मा, सत्यम मिश्रा,अंकित, शैलजा गुप्ता, रुपया खान, करतन शर्मा, अर्चना जोहरी शिव, शैली अग्रवाल , धूप शर्मा, रश्मि सक्सैना आदि मौजूद रहे। स्काउट जितेंद्र सुमित रितिक शिवम कृष्णा पुनीत गाइड कोमल सुहानी अन्य नेहा अंशिका निशा श्रद्धा सभी का सलाह योगदान रहा जिला स्काउट जिला गाइड कैप्टन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### गंगा का जलस्तर हुआ स्थिर, बाढ़पीड़ितों ने की राहत की सांस



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में गंगा का जलस्तर स्थिर हो गया है। जिससे गांवों में बाढ़ का पानी ज्यों का त्यों भरा हुआ है। तीन दिन से फसलों में भरे बाढ़ के पानी से जलमग्न गांवों की खरीफ फसलें डूबकर नष्ट हो गईं हैं। उधर ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के ग्रामीणों प्रमोद श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, मुन्ना लाल, श्यामबाबू, अवनीश कुमार, राजेश, अनिल कुशवाहा, संतराम कश्यप, राजपाल कश्यप, परशुराम शर्मा, प्रमोद आदि ने जलालाबाद–ढाईघाट हाइवे पर स्थित ग्राम धीमरपुरा से पैलानी उत्तर सीसी मार्ग को गांव में तीन से चार फिट ऊंचा करवाए जाने की मांग की है। जिससे प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से उनके घर मकान सुरक्षित हो सके। पिछले तीन दिन से बढ़ रही गंगा की बाढ़ बुधवार को स्थिर हो गई है। ग्राम पैलानी उत्तर, पकड़िया नगला, लोहार नगला बांसखेड़ा, कटैला नगला, मजीद नगला, आजाद नगर इस्लामनगर आदि गांवों में भरा बाढ़ का पानी अभी न कम हुआ है और न ही बढ़ रहा है। बाढ़ के स्थिर हो जाने से बाढ़ पीड़ित गांवों के बाशिंदों ने राहत की सांस ली है।

### कुदैया में नेत्र जांच शिविर, 200 लोगों की हुई जांच



**मदनापुर,शाहजहांपुर।** ब्लॉक के कुदैया गांव में मां पूर्णागिरि मंदिर के पास बुधवार को डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 200 ग्रामीणों ने आंखों की जांच कराई। जांच में 40 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए, जबकि कई मरीजों को आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया। कुंडली देवी (72), जगन सिंह (50), मुलिक मान (74), कृष्णा देवी (80), राजेश (50), फूलमती (60) और रानी देवी (36) समेत कई मरीजों को उपचार के लिए रेफर किया गया। चिन्हित मरीजों के अस्पताल आने–जाने, रहने और भोजन की सुविधा अस्पताल की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। आयुष्मान कार्ड धारकों को उपचार में विशेष सुविधा मिलेगी। आयोजक कौशल कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए दीपावली के आसपास दोबारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा।

### व्यापारियों ने अधिकारियों को वितरित की व्यापार मंडल की पत्रिका




**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से प्रकाशित पत्रिका का बुधवार को नगर में विभिन्न अधिकारियों को वितरण किया गया। महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडे, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी और अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार को पत्रिका की प्रतियां भेंट कीं। इस दौरान संगठन की गतिविधियों, व्यापारियों के हितों और व्यापार मंडल की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई। पत्रिका वितरण के अवसर पर महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर महामंत्री श्याम मोहन मिश्रा, जिला संयुक्त मंत्री आरके श्रीवास्तव, बहादुरगंज अध्यक्ष रईस भाई समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रिका के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं, संगठन के प्रयासों और विभिन्न गतिविधियों को प्रमुखता से सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बच्चों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली



**शाहजहांपुर।** प्राथमिक विद्यालय मठिया पुवायां में दस मीटर के तिरंगे के साथ बच्चों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। बच्चे अमर शहीदों के चित्र हाथ में लिए भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाते नगर की सड़कों पर निकले तो लोग रूक कर देखने लगें। यात्रा में मुनीशा देवी, प्रेरणा आर्या, रेखा रानी, सौम्या गुप्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अमिता शुक्ला ने कहा कि बच्चों में देश प्रेम की भावना विकसित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक है।

# सोशल मीडिया के लाभ और हानियों के विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय द्वारा भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय सोशल मीडिया के लाभ और हानियां था। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के बढ़ते हुए प्रभाव के प्रति जागरूक करना, उनमें अभिव्यक्ति एवं तर्क वितर्क तथा संचार कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर सुरचना त्रिवेदी के द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया एवं सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं पर भाषण एवं पोस्टर द्वारा अपने विचारों को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। भाषण प्रतियोगिता में अलंकृता सक्सेना, मुस्कान कश्यप, योगिता मौर्य, नंदिनी कश्यप, अपर्णा मिश्रा, महक अवस्थी, काव्या अग्निहोत्री एवं आयुषी पाल तथा पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी गांधी, श्रद्धा महाजन, रिद्धि दिनकर, अमृता दीक्षित, प्रिया, राधा देवी तथा श्रेया शुक्ला ने प्रतिभाग किया। जिसमें अलंकृता सक्सेना ने प्रथम स्थान अपर्णा मिश्रा ने द्वितीय स्थान तथा योगिता मौर्य एवं महक अवस्थी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी गांधी ने प्रथम स्थान, श्रद्धा महाजन ने द्वितीय स्थान तथा श्रेया शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सोशल मीडिया के सदुप्रयोग की शपथ के साथ हुआ जिसमें सभी छात्राओं और शिक्षकों के द्वारा सोशल मीडिया के सदुप्रयोग की शपथ ग्रहण की गयी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. श्वेता सक्सेना एवं संचालन डॉ. सारिका अग्रवाल द्वारा किया गया।

## विश्व हिंदू रक्षा संगठन ने किया सुनासीर नाथ धाम पर भंडारा



**बंडा, शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू रक्षा संगठन की ओर से सावन की अमावस्या पर सुनासीर नाथ पर भंडारे का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के कार्यकर्ताओं ने भोले बाबा की पूजा अर्चना करने के बाद भंडारे का आयोजन किया भंडारा सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 तक चलता रहा हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया अंत में साधु संतों को दक्षिणा देकर विदाई दी। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा जिला अध्यक्ष मनोज यादव ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम त्रिवेदी के साथ तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कृषि बीज भंडार से अनुदान पर बीज पाने को कराएं बुकिंग: डीडी

- विभाग की ओर से अनुदान पर बीज व नि:शुल्क बीज पाने की प्रक्रिया प्रारंभ



**शाहजहांपुर।** रबी वर्ष 2026-27 में राजकीय बीज भंडार से अनुदान पर बीज पाने के लिए कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए जनपद में बुकिंग प्रक्रिया प्रथम चरण की शुरू कर दी गई है। इसके लिए किसान को कृषि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से कोई भी कृषक बीज के लिए आनलाइन बुकिंग कर सकेगा। कृषक अपने नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय, बीज भंडार पर भी बुकिंग करा सकता है। रबी की फसलों के लिए बुकिंग तिथिवार की जाएगी। जैसे तोरिया 16 अगस्त तक बुकिंग 17 अगस्त को ई-लॉटरी, दलहनी फसल, तिलहनी फसल 10 सितंबर तक बुकिंग व ई-लॉटरी 11 सितंबर व गेंहू व जौ 30 सितंबर तक व 1 अक्टूबर को लाटरी निकाली जाएगी।डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि द्वितीय व तृतीय चरण की बुकिंग 17 दिन के अंतराल पर खोली जाएगी। उन्होंने कृषकों से अपील कि वे समय से अपना आवेदन, बुकिंग करा लें। जिससे कि सभी लोग योजना से लाभान्वित हो सके।

# राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा विश्वविद्यालय

- हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**शाहजहांपुर।** हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय परिसर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ यात्रा में सहभागिता की। कुलानुशासक डॉ आलोक कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित हुई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन गेट नंबर-01 से हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य देशभक्ति के नारों एवं उत्साह के साथ गेट नंबर-04 तक पैदल पहुंचे। इस दौरान पूरा विश्वविद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम का संदेश दिया। इस मौके पर यात्रा का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का अभियान है। तिरंगा यात्रा हमें देश की स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदानों और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का संदेश देती है। कार्यक्रम में कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य, वित्त अधिकारी अर्चना त्रिपाठी, प्रो आदित्य कुमार सिंह, सूबेदार जटबिन्दर सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरुण कुमार यादव, डॉ बरखा सक्सेना, सौरभ मिश्रा, डॉ राम औतार सिंह, रोहित कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, बड़ी संख्या में एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

## विधायक के आवास पर लगा स्मार्ट मीटर, डिजिटल होगी बिजली खपत की निगरानी

**शाहजहांपुर।** बिजली व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से पावर कॉरपोरेशन की ओर से जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुवायां विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक चेतराम पासी के चिनौर स्थित आवास पर स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया। पावर कॉरपोरेशन की टीम ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुराने मीटर को हटाकर उसके स्थान पर नया स्मार्ट मीटर लगाया। स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया पूरी की और मीटर को बिजली आपूर्ति व्यवस्था से जोड़ा। शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने से बिजली की खपत की निगरानी पहले की अपेक्षा अधिक सटीक और पारदर्शी होगी। उपभोक्ता द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बिजली का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से दर्ज होगा, जिससे मीटर रीडिंग में होने वाली गड़बड़ियों और बिल संबंधी शिकायतों में कमी आने की उम्मीद है।उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था के तहत पोस्टपेड प्रणाली में उपभोक्ताओं को माह के अंत में बिजली का बिल प्राप्त होगा, जिसे निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करना होगा। भाजपा विधायक चेतराम पासी के आवास पर स्मार्ट मीटर की स्थापना को अभियान के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जनप्रतिनिधि के आवास पर स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं के बीच आधुनिक बिजली व्यवस्था को लेकर जागरूकता बढ़ाने का संदेश भी गया है। अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था के विस्तार से बिजली खपत की निगरानी, बिलिंग प्रक्रिया और उपभोक्ता सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने में मदद मिलेगी।

# देशभक्ति के उत्साह के साथ निकली तिरंगा यात्रा

समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।



विकास खण्ड बंडा में बुधवार को तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और देशभक्ति के माहौल में किया गया। सुबह 9 बजे ब्लॉक संसाधन केन्द्र बण्डा से यात्रा शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश की अध्यक्षता एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार की उपस्थिति में हुआ। यह तिरंगा यात्रा बीआरसी बंडा से शुरू होकर विकास खण्ड कार्यालय, पूरनपुर मार्ग स्थित कृष्णानन्द विद्यालय और बंडा चैराहा होते हुए देवकली रोड से होकर वापस ब्लॉक संसाधन केन्द्र पहुँची, जहाँ इसका सकुशल समापन हुआ। हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों के नारों से पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा में क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में गुरु तेग बहादुर एजूकेशनल एकेडमी, सुनासरनाथ इण्टर कॉलेज, कृष्णानन्द इण्टर कॉलेज, गायत्री महाशक्ति शिक्षण संस्थान एवं शहीद भगत सिंह इण्टर कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लालपुर आजादपुर फतेहचन्द्र, बूथ अध्यक्ष प्रकाश चंद्र के अलावा शिक्षक अनुपम सिंह, शैलेन्द्र चैहान, शिव किशोर मिश्रा, हरीश गंगवार, मोहित सिंह, मुन्नालाल, आदेश अवस्थी, संदीप कुमार सिंह तथा ए.आर.पी. सुनील कुमार सिंह व वीरपाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। साथ ही, बीआरसी कार्यालय स्टाफ से बिल लिपिक विवेक अवस्थी, लेखाकार ब्रजेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर अखिल सक्सेना, ब्लॉक एम.आई.एस. रचित वर्मा और ब्लॉक क्वालिटी कोऑर्डिनेटर शिवम वर्मा ने सक्रिय योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# ईसीसीई एजुकेटर भर्ती में 160 उम्मीदवारों का चयन, होगी काउंसलिंग

- रेंडम प्रक्रिया के तहत भर्ती, 208 पदों पर जल्द होगी दूसरी भर्ती प्रक्रिया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में 160 पदों पर होने वाली ईसीसीई एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया जिला प्रशासन द्वारा पूरी करा ली गई है। अब इसमें उम्मीदवारों को स्कूल चयन के लिए पहले काउंसलिंग कराई जाएगी इसके बाद चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा। इस बार भर्ती प्रक्रिया रेंडम आधार पर की गई है। रेंडम में 489 आवेदन आए थे, जिसमें 398 का इंटरव्यू हुआ था। इसमें 160 पदों पर चयन किया गया है। 210 स्कूलों को जल्द ही 160 एजुकेटर मिल जाएंगे। शासन से इसकी सैलरी 10 हजार 313 रुपयें रखी गई है। बताते चलें कि ईसीसीई एजुकेटर पद के लिए सेवायोजन पोर्टल पर 3526 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। पिछले वर्ष धांधली सामने आने के बाद भर्ती प्रक्रिया नबंवर में निरस्त कर दी गई थी। इस बार दोबारा भर्ती प्रक्रिया को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों पर अध्ययनरत बच्चों को यह एजुकेटर लोग पढ़ाएंगे। इस आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प बेहतर होगा और शिक्षा नौनिहालों के भविष्य को सुनहरा बनाएगी। वही अभी 208 पदों पर और भर्ती भर्ती प्रक्रिया होनी है, जिसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा फर्म का चयन कर लिया गया है। जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू होकर अक्टूबर तक भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने की विभाग संभावना जता रहा है। जानकारी देते हुए बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि 160 पदों पर रेंडम प्रक्रिया के तहत चयन कर लिया गया है। जल्द इन सभी को नियुक्ति पत्र वितरण कराया। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया 160 ईसीसीई एजुकेटर भर्ती प्रकिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। जिससे की किसी को कोई शिकायत न रहे। इसके लिए 160 पदों पर चयन हो गया है जिनकी जल्द ही काउंसलिंग कराई जाएगी। जाएगा।

# सीएम ग्रिड रोड पर अतिक्रमण निगम ने जारी किए नोटिस

- नगरायुक्त बोलीं- सीएम ग्रिड रोड की प्रगति प्रदेश में दूसरे स्थान पर
- महापौर ने सड़क की गुणवत्ता पर उठाए सवाल



समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।

सीएम ग्रिड की प्रगति व उसकी गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल पर नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने स्पष्ट किया है कि सीएम ग्रिड रोड की प्रगति शाहजहांपुर में प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है। शेष माइनर रिपेयरिंग वगैरह चल रहा है और साइनेज बोर्ड भी लगवाएं जा रहे हैं। जिससे कि मार्ग पर पड़ने वाले मुख्य स्थान, आफिस तक लोग आसानी से पहुंच सकें। साथ ही नगरायुक्त ने कहा कि रोड पर ब्रेक पड़ने की जानकारी मिली है, इसको लेकर वहां पर पैचवर्क वगैरह कराया जा रहा है। उसके बाद ही रोड को हैंडओवर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोड पर अभी से ही कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिनको हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अगर संबंधित द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, तो निगम द्वारा कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि अहमदुल्ला शाह पार्क लाल इमली चौराहा से तेल टंकी लिबास टेलर तक बनकर तैयार हो चुकी सीएम ग्रिड रोड को लेकर महापौर अर्चना वर्मा द्वारा रोड पर दरार पड़ने पर निरीक्षण कर निगम के चीफ इंजीनियर पर नाराजगी जताई गई थी। उन्होंने इस संबंध में डीएम को पत्राचार कर सीएम ग्रिड रोड की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उसकी उच्च स्तरीय जांच कराएं जाने की बात रखी।साथ ही रोड निर्माण कार्य करने वाली फर्म को ब्लैकलिस्टेड करने की मांग की।

## युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

तिलहर – शाहजहांपुर । संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मंगलबार देर रात सवा ग्यारह बजे नगर के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी अचल शर्मा पुत्र रामसागर 35 ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया ! जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन युवक को तत्काल सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे गई है।

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अर्थी को दिया कंधा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पाल सिंह यादव बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव नियामतपुर में वैदिक रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। नम आंखों से लोगों ने अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा क्षेत्र गमगीन नजर आया। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समर्थक और ग्रामीण मौजूद रहे। हर किसी की आंखें नम थीं। लोगों ने वीरेंद्र पाल यादव के निधन को जनपद के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने पार्थिव शरीर को कंधा दिया और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने नेता की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वीरेंद्र पाल सिह यादव के निधन की खबर के बाद से ही शाहजहांपुर में शोक की लहर थी। उनके आवास पर बुधवार तक लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़ ने उनके प्रति लोगों के जुड़ाव और सम्मान को भी जाहिर किया। अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए थे। गमगीन माहौल के बीच वैदिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इसके साथ ही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। अंतिम संस्कार में वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरूण सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम एडवोकेट, हरिप्रकाश वर्मा, सलोना कुशवाह, अरविंद सिंह, वीर विक्रम सिंह प्रिंस, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, डीपीएस राठौर, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां सहित हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया ! जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर एक युवक को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ! जबकि दूसरे को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात हाईवे स्थित तिराहे के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार श्याम सुंदर पांडे पुत्र राजेश कुमार, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बिरनो चक कपिल, जनपद गाजीपुर और अनुराग मिश्रा पुत्र दयानंद, उम्र 29 वर्ष, निवासी प्रतापगढ़ जिला इलाहाबाद घायल हो गए। दोनों युवक बाइक से लखनऊ से बरेली जा रहे थे। हादसे की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी तिलहर लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर श्याम सुंदर पांडे को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### खेत पर करंट लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

तिलहर-शाहजहांपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में खेत पर करंट लगने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब छह बजे कस्बे के ग्राम बंथरा निवासी संग्राम सिंह उर्फ काके 50 अपने खेत में धान की फसल में पानी लगाने गए थे। जानकारी के अनुसार मोटर के तार को छूने के दौरान उन्हें करंट लग गया और उस से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 10 बजे तक घर वापस न लौटने पर परिजन उन्हें देखने खेत पर पहुंचे। वहां वह मृत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया या और पुलिस मामले की जांच कर रही है। संग्राम सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता सिंह, बेटी निधि सिंह तथा दो पुत्र संचित सिंह और रचित सिंह को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

### जिला अस्पताल में विधायक ने जताई नाराजगी



लखीमपुर खीरी। मेडिकल कालेज अस्पताल में मंगलवार देर रात भाजपा विधायक योगेश वर्मा इमरजेंसी सेवाओं को लेकर नाराज हो गए। जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री सर्वेश कुमार का बेटा सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था आरोप है कि इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मरीज को समय पर नहीं देखा विधायक के अनुरोध के बाद भी इलाज में देरी होने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार सुविधाएं देने का दावा करती है लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग है। मामले की सूचना मिलते ही प्रभारी सीएमएस मौके पर पहुंचे और विधायक को समझाकर मामला शांत कराया विधायक ने डीएम और सीएमओ से फोन पर बात कर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की अस्पताल प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच कराने और इमरजेंसी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का आश्वासन दिया है।

### सिधौली थाने में नवनिर्मित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन



सिधौली। अपराध नियंत्रण और पुलिस कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए थाना सिधौली परिसर में नवनिर्मित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों की 24 घंटे हाई रिजॉल्यूशन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इससे अपराधों की रोकथाम के साथ घटनाओं पर त्वरित पुलिस कार्रवाई में भी मदद मिलेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिधौली विशाल गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक बिसवां, व्यापार संगठन के पदाधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षिका पर बालिकाओं ने लगाए गम्भीर आरोप, परिजन ने दी तहरीर

तिलहर–शाहजहांपुर। प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका द्वारा बालिकाओं से अपशब्द बोलने के साथ ही बच्चे की डायपर बदलवाने तथा खुद के जुए दिखलाने का आरोप लगाने पर पीड़ित परिजन ने शिक्षिका के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला नजरपूर निवासी एडवोकेट संतोष कुमार ने दी तहरीर में कहा है कि उसकी भतीजी सुहानी पुत्री दिनेश, रागिनी पुत्री करनाल, चांदनी पुत्री अमरपाल सभी कक्षा चार में खनपूरा प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती हैं। उक्त सरकारी विद्यालय की सहायक अध्यापिका प्रिया सिंह उसकी भतीजियों से अपने सर में जुएं दिखवाती है तथा विद्यालय में झाड़ू लगवाती है एवं अपने बच्चे को खिलवाती है। और उसका डायपर लेट्रीन व पेशाब वाला बदलवाती है और अपने बच्चे का पेशाब का कच्छा सूखने को डलवाती है। और उक्त मैडम अपने पैर धुलवाती है और दबवाती भी है और उक्त सभी बच्चों को नीच कहकर बुलाती है। आरोप है कि उक्त बच्चों से पूजा का टीका लगाने को मना करते हैंद्ध उन्होनें शिक्षिका पर जाति सूचक शब्द कहने का भी आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## बिना परमिट चल रही स्कूल बस सीज, चालक फरार

मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी। मोहम्मदी में प्रवर्तन विभाग ने बिना परमिट संचालित हो रही पीबी इंटर कॉलेज की एक स्कूल बस को सीज कर दिया जांच के दौरान दस्तावेजों में आवश्यक परमिट न मिलने पर प्रवर्तन अधिकारी पीटीओ डॉ कौशलेंद्र यादव ने बस को सीज करने के आदेश दिए कार्रवाई शुरू होते ही बस चालक मौके से फरार हो गया। सीज की गई बस को मंडी परिसर तक ले जाने के लिए पीटीओ ने अपनी निजी कार से बस को बांधकर खींचा और उसे मंडी तक पहुंचाया पीटीओ डॉ कौशलेंद्र यादव ने बताया कि स्कूल बसों के संचालन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई। बिना परमिट स्कूल बस के सड़क पर चलने से परिवहन नियमों के पालन पर सवाल उठ रहे हैं वहीं कार्रवाई के दौरान चालक के फरार होने को लेकर भी चर्चा हो रही है विभाग ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कांवड़ियों की बस पलटी, एक की मौत, आठ गंभीर

- एनएच 30 पर तड़के हुआ हादसा हरिद्वार से अयोध्या जा रहे थे श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।



बुधवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कांवड़ियों से भरी डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई हादसा उचौलिया थाना क्षेत्र में उचौलिया गुरुद्वारे के पास शारदा नहर के किनारे हुआ बस में बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के करीब 73 श्रद्धालु सवार थे जो हरिद्वार से गंगाजल लेकर अयोध्या में जलाभिषेक करने जा रहे थे। श्रद्धालुओं के अनुसार तड़के करीब साढ़े तीन बजे बस उचौलिया गुरुद्वारे के पास पहुंची थी इसी दौरान चालक को झपकी आ गई और बस की रफ्तार भी अधिक बताई जा रही है नियंत्रण छूटते ही बस सड़क से नीचे उतरकर खाई में पलट गई बस पलटते ही अंदर सो रहे श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई कई लोग सीटों और लोहे के हिस्सों के बीच फंस गए सूचना मिलते ही सेवा का जुनून टीम गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे उचौलिया थाना अध्यक्ष अवधराज सिंह सेंगर भी पुलिस टीम के साथ पहुंचे एनएचएआई की टीम ने भी बचाव कार्य में हाथ बंटाया पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद बस की खिड़कियों से यात्रियों को बाहर निकाला और एक एक कर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया अस्पताल में इलाज के दौरान हरिशंकर लाल यादव 50 की मौत हो गई उनकी मौत की खबर से साथी श्रद्धालुओं में मातम छा गया गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर रेफर किया गया रेफर किए गए लोगों में लांभा देवी 50 सरल मेहता 45 सुखदेव दास 65 सूगी देवी 35 हीरालाल 65 सुशीला देवी 60 सुगाता देवी 50 और चालक सलाउद्दीन 43 शामिल हैं हादसे में करीब 30 अन्य श्रद्धालुओं को भी चोटें आईं इनका पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया घायलों में लालमती सुंगति लालजी लावन्ती देवी बसन्ती देवी रोकवा कुमारी गीता देवी धीरज कुमार होरीलाल और मनोज समेत कई लोग शामिल हैं पुलिस ने बताया कि सभी श्रद्धालु बिटिया गांव पश्चिमी चंपारण के रहने वाले थे और यात्रा के बीच में ही हादसा हो गया मामले की जांच की जा रही है।

## कैंसर से पीड़ित अधेड़ ने गंगा में लगाई छलांग गोताखोरों ने बचाया

मिर्जापुर, शाहजहांपुर। मंगलवार सांय करीब पांच बजे पत्नी के निधन के वियोग और खुद कैंसर पीड़ित अधेड़ ने बच्चों की उपेक्षा से आहत होकर ढाईघाट में गंगा पुल से छलांग लगा दी। गोताखोरों और पुलिस की सूझबूझ से उफनाती गंगा में पुल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गोताखोरों और नाविकों ने उसे बचा लिया। सूचना पर आई थाना शमशाबाद (फर्रूखाबाद) पुलिस उसे थाने ले गई है। फर्रुखाबाद के शमशाबाद थाना क्षेत्र में आने वाले ढाईघाट गंगा पुल से आत्महत्या करने के उद्देश्य गंगा में कूदा अधेड़ 52 वर्षीय महेश पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम बरा बीकू थाना कायमगंज (फर्रुखाबाद) का है। जानकारी के मुताबिक कैंसर पीड़ित महेश की पत्नी की कुछ दिन पहले मृत्यु हो गई थी। परिवार के लोग भी उसकी उपेक्षा कर रहे थे। जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। किंतु शायद कुदरत ने उसे अभी और शारीरिक व मानसिक कष्ट देने के लिए बचा लिया। चश्मदीद लोगों के अनुसार एक व्यक्ति गंगा पुल पर आया और इधर उधर घूमने के बाद रेलिंग पर चढ़कर गंगा में छलांग लगा दी। चूंकि शाम का वक्त था,तमाम लोग पुल पर आ जा रहे थे। सभी ने शोर मचा दिया। तभी गंगा में नौका विहार करवाने के इंतजार में खड़े मोटर बोट वाले गंगा के तेज में उसके पीछे जाकर डूबते उछलते अधेड़ को निकाल लिया। शमशाबाद थाना प्रभारी सचिन चैधरी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में महेश ने बताया कि वह कैंसर रोग से पीड़ित हैं और हाल ही में उनकी पत्नी का निधन हो गया था। पारिवारिक और स्वास्थ्य संबंधी तनाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। बचाव के बाद उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। वर्तमान में वह स्वस्थ हैं और पुलिस थाने में हैं। नाविकों और गोताखोरों की इस तत्परता की चश्मदीद लोग सराहना करते नहीं थक रहे हैं। अधिकारियों ने अपील की है कि मानसिक तनाव, बीमारी या पारिवारिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति इस तरह का कोई कदम न उठाएं। ऐसे समय में परिवार, दोस्तों या स्वास्थ्य विशेषज्ञों से बात करें। ऐसे लोगों की ही मदद के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन 14416 और पुलिस हेल्पलाइन 112 उपलब्ध हैं।

# लालबाग से आंख अस्पताल तक निकली तिरंगा यात्रा

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।



राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश के साथ बुधवार को शहर में भव्य पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। लालबाग चौराहे से शुरू हुई यात्रा आंख अस्पताल तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, पुलिस-पीएसी जवान और आम नागरिक शामिल हुए।

यात्रा के दौरान भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बैंड प्रदर्शन किए। लालबाग चौराहे पर पुलिस व पीएसी बैंड की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में नागरिकों ने भी तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी, एडीएम आयुष चौधरी, एसडीएम सदर जर्नादन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं और विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय गौरव तथा देश की एकता-अखंडता के प्रति जागरूकता मजबूत होती है। यात्रा के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' और राष्ट्रहित सर्वोपरि का संदेश दिया गया।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में तेज हुई संगठन मजबूत करने की कवायद



सीतापुर। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एआईसीसी ऑब्जर्वर अनंत दहिया और पीसीसी ऑब्जर्वर बृज मौर्या ने प्रेस वार्ता कर अभियान की रूपरेखा साझा की। अनंत दहिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत और सक्रिय करने के साथ जिले में सक्षम, सक्रिय एवं सर्वस्वीकार्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष का चयन करना है। इसके लिए जिले की सभी विधानसभाओं, 19 ब्लॉकों और शहर के सभी वार्डों में वरिष्ठ, पुराने और नए कार्यकर्ताओं से संवाद किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के इच्छुक दावेदारों के लिए आवेदन पत्र भी जारी किए गए। इसके बाद करीब दो दर्जन नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए। ऑब्जर्वर ने बताया कि इच्छुक नेताओं से आवेदन लेने के साथ व्यापक संवाद के आधार पर संगठन को मजबूत करने वाले नेतृत्व का चयन किया जाएगा।

# तिरंगे के सम्मान में कदम से कदम मिलाकर चले नौनिहाल

- ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में राष्ट्रभक्ति का दिखा जोश
- तिरंगा रैली और सैनिक वेशभूषा ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।



स्वतंत्रता दिवस से पहले ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की टनकपुर रोड शाखा में बुधवार को देशभक्ति का ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने विद्यार्थियों से लेकर राहगीरों तक में राष्ट्रप्रेम का उत्साह भर दिया। प्रातःकालीन सभा के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' के नारों के बीच भव्य तिरंगा रैली निकाली। रैली जैसे ही टनकपुर रोड पर पहुंची, वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।तिरंगा हाथों में थामे विद्यार्थियों के चेहरे पर देश के प्रति गर्व साफ नजर आया। अनुशासनबद्ध ढंग से आगे बढ़ती रैली में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। लगातार गूंजते राष्ट्रभक्ति के नारों और लहराते तिरंगे ने सड़क पर मौजूद लोगों का भी ध्यान खींचा। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया। रैली में विद्यालय के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरिज़ अल्वी, समन्वयक कविता सिंह एवं जय प्रकाश शर्मा विद्यार्थियों के साथ शामिल रहे। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की मिसाल पेश की।

सुरभि कॉलोनी शाखा में नन्हे 'सैनिकों' ने मोहा मनः ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की सुरभि कॉलोनी शाखा भी देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। यहां विद्यार्थियों ने भारतीय सेना की वर्दी धारण कर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नन्हे विद्यार्थियों का सैनिकों की वेशभूषा में सामने आना कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। उनके रूप में देश के वीर जवानों के साहस, त्याग और बलिदान की झलक दिखाई दी। बच्चों ने अपने अंदाज में यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता केवल उत्सव नहीं, बल्कि अनगिनत वीरों के बलिदान की अमूल्य विरासत है।

बच्चों के मन में बोया राष्ट्रप्रेम का बीजः विद्यालय की दोनों शाखाओं में हुए आयोजनों ने विद्यार्थियों को देशभक्ति को केवल नारों तक सीमित न रखने का संदेश दिया। कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, अनुशासन, एकता, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का महत्व समझाया गया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। आयोजनों ने विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया। तिरंगा केवल ध्वज नहीं, देश की अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। विद्यालय में गूंजे देशभक्ति के नारों ने इसी भावना को जीवंत कर दिया आजादी के लिए दिए गए बलिदानों को याद रखना और देश की एकता-अखंडता को मजबूत करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।


## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र राजीव कुमार व बहू ममता देवी को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। रामनरेश पुत्र सीता राम नि.ग्रा. कल्यानपुर भारती थाना बंडा, शाहजहांपुर।

## अदालती सूचना

**ता.पेशी 30.09.2026 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज जू.डि. पुवायां-शाहजहांपुर वाद सं.172 वर्ष 2025**

सोमदेव
बनाम
रामकिशोर आदि
बनाम

1- रामकिशोर कथित पुत्र नन्हकाई नि.ग्रा. सुनारा खुर्द पर. व तह. पुवायां शाहजहांपुर 2- श्रीमती ववली पत्नी दयाराम निवासिनी ग्राम अहंमदी पोस्ट हरिआवां तहसील व जिला हरदोई...प्रतिवादी। चूंकि उपरिनिमांकित सोमदेव वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026ई.के माह 09 के 30 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2026 के माह 08 के 12 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमान सिविल जज जू.डि. पुवायां-शाहजहांपुर।**


# 151 कांवड़ियों का जत्था बोल बम के जयघोष के साथ रवाना

समृद्धि न्यूज़, पूरनपुर, पीलीभीत।

- पांचाल घाट से गंगाजल लेकर पैदल छोटी काशी गोला पहुंचेंगे श्रद्धालु



सावन की भक्ति में सराबोर कुर्रेया खुर्द कला गांव मंगलवार को हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। ग्राम पंचायत से 151 कांवड़ियों का जत्था गाजे-बाजे के साथ छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुआ। महंत मृदुल शुक्ला के नेतृत्व में श्रद्धालु चार ट्रैक्टर-ट्रालियों से पांचाल घाट, फर्रुखाबाद पहुंचेंगे। यहां से गंगाजल लेकर कांवड़िए पैदल यात्रा करते हुए गोला पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।जत्थे के रवाना होने से पहले भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुत्र आशुतोष दीक्षित 'राजू' ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के गले में भगवान भोलेनाथ का पटका पहनाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। पुष्पवर्षा के दौरान पूरा माहौल 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से शिवमय हो गया।

कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। गांव से जत्थे की विदाई के दौरान ग्रामीणों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। जगह-जगह ग्रामीणों ने कांवड़ियों का स्वागत कर उनके लिए भोजन, जलपान और विश्राम की व्यवस्था की। महंत मृदुल शुक्ला ने कहा कि कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति आस्था के साथ-साथ अनुशासन और संयम का भी प्रतीक है। सभी श्रद्धालु यात्रा के दौरान निर्धारित नियमों और धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए यात्रा पूरी करेंगे। रास्ते में पड़ने वाले गांवों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवा शिविर और विश्राम की व्यवस्था की गई है।

ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा 'साधू', रोजगार सेवक अंकित कनौजिया, राजेंद्र सिंह, अंकुल कनौजिया, राजकुमार प्रजापति, ओमबीर राठी, कृष्ण वर्मा, कमलेश भारती, राजू विश्वकर्मा, भैयाल विश्वकर्मा, अवधेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है। आयोजकों के अनुसार गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद सभी कांवड़िए सकुशल वापस लौटेंगे। जत्थे की रवानगी के साथ ही पूरे क्षेत्र में 'बम-बम भोले' की गूंज और शिवभक्ति का रंग देखने को मिला।

## तिरंगे की आन में उमड़ा बरखेड़ा, स्वामी प्रवक्तानंद के नेतृत्व में हजारों का जनसैलाब

पीलीभीत। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में बरखेड़ा और गजरौला मंडल में निकली विशाल तिरंगा यात्राओं में हजारों लोगों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा और जुबां पर भारत माता के जयघोष के साथ निकले जनसैलाब ने स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का जोश भर दिया। बरखेड़ा मंडल की यात्रा मचवाखेड़ा से शुरू होकर नकटा, बरखेड़ा नगर, भोपतपुर, प्रताप डांडी, भैरो नगरी, मसीद, दौलतपुर, अर्सियाबोझ और



आमडार होते हुए नगरा चौराहे पर पहुंची। यात्रा के आगे बढ़ने के साथ लोगों की संख्या भी बढ़ती गई। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक में राष्ट्रभक्ति का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वहीं विधानसभा क्षेत्र के गजरौला मंडल में भी विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ।

## पत्रकार अंबुज मिश्रा को पितृ शोक, रामगंगा घाट पर हुई अंत्येष्टि

मिर्जापुर (शाहजहांपुर)। क्षेत्र के ग्राम कुंडरी आश्रम निवासी पत्रकार अंबुज मिश्रा के पिता रमेशचंद्र मिश्रा का लंबी बीमारी के चलते बुधवार सुबह निधन हो गया। वे लगभग 70 साल के थे। उनकी अंत्येष्टि गांव के समीप रामगंगा घाट और की गई। चिता को मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र अंबुज मिश्रा ने दी। पत्रकार के पिता के निधन की खबर सुनते ही पत्रकार शिवशंकर दीक्षित, शैलेन्द्र पाण्डेय दीपक,रमाकांत मिश्रा, कौशल मिश्रा, राममोहन मिश्रा, ब्रह्मदेव शुक्ला, चौधरी विनोद यादव, डॉ. कृष्ण मुरारी मिश्रा, आनंद देव मिश्रा, अनुज मिश्रा, अखिलेश यादव, राजीव मिश्रा, विकास मिश्रा आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर अंत्येष्टि में शामिल हुए।

## साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती

डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ साइबर अपराधों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक, ऑनलाइन ठगी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से जुड़े अपराधों ने पुलिस और न्याय व्यवस्था के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे में केवल नए अपराधों को कानून में शामिल कर देना पर्याप्त नहीं होगा। साइबर अपराध की जांच के लिए आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित पुलिसकर्मी, विशेषज्ञों और स्पष्ट जांच मानकों की आवश्यकता है। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 'डिजिटल अरेस्ट' को अलग अपराध के रूप में अधिसूचित करने पर विचार करने को कहा। केंद्र ने भी डिजिटल अरेस्ट और डीपफेक को अलग अपराध बनाने पर विचार करने की बात कही है। हालांकि डिजिटल अरेस्ट में इस्तेमाल होने वाले अधिकांश तौर-तरीके पहले से ही विभिन्न कानूनों के तहत अपराध की श्रेणी में आते हैं। इसके बावजूद इसे अलग अपराध के रूप में परिभाषित करने से जांच और सजा की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

इसी तरह डीपफेक भी तेजी से गंभीर समस्या बनता जा रहा है। सरकार ने फरवरी 2026 में सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत कृत्रिम रूप से तैयार की गई सामग्री को परिभाषित किया है। आवश्यकता इस बात की है कि डीपफेक के माध्यम से होने वाले अपराधों की प्रकृति को देखते हुए कानून में स्पष्ट प्रावधान किए जाएं। इससे पीड़ितों को राहत देने और दोषियों पर कार्रवाई करने में आसानी होगी। हालांकि असली चुनौती कानून बनाने से अधिक उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है। साइबर अपराध की जांच सामान्य अपराधों की जांच से काफी अलग होती है। इसमें कंप्यूटर, मोबाइल फोन, सर्वर, सीसीटीवी, क्लाउड स्टोरेज और इंटरनेट आधारित सूचनाओं को साक्ष्य के रूप में सुरक्षित करना पड़ता है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की थोड़ी-सी लापरवाही भी पूरे मामले को कमजोर कर सकती है। करीब दो वर्ष पहले भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए गए। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को पहले की तुलना में अधिक महत्व दिया गया है। साक्ष्य की प्राथमिक और द्वितीयक श्रेणियों को भी अधिक स्पष्ट करने का प्रयास हुआ है। लेकिन इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को एकत्र करने, सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और लंबे समय तक उसकी विश्वसनीयता बनाए रखने की प्रक्रिया पर अभी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में अर्जुन पंडितराव खोटकर मामले में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को लेकर महत्वपूर्ण व्यवस्था दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया था कि द्वितीयक इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को स्वीकार करने के लिए आवश्यक प्रमाणपत्र की शर्तों का पालन करना होगा। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में भी इस संबंध में प्रावधान किए गए हैं। इसका उद्देश्य यही है कि डिजिटल साक्ष्य की प्रामाणिकता पर कोई संदेह न रहे। नए कानूनों में घटनास्थल और तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को महत्व दिया गया है। सरकार की ओर से ई-साक्ष्य एप्लीकेशन भी तैयार किया गया है। ऐसे प्रयास निश्चित रूप से स्वागत योग्य हैं, लेकिन इन व्यवस्थाओं का प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब पुलिसकर्मियों को इनके इस्तेमाल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिले। साइबर अपराधों की जांच के लिए मानक प्रक्रिया तय करना भी बेहद जरूरी है। वर्ष 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हासिल करने के लिए मार्गदर्शिका तैयार करने के उद्देश्य से पांच न्यायाधीशों की समिति बनाई थी। समिति ने नवंबर 2018 में सरकार को नियमों का मसौदा और रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाए गए, यह स्पष्ट नहीं है। भारतीय मानक ब्यूरो ने भी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की पहचान, संग्रह, प्राप्ति और संरक्षण से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन मानकों को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाना समय की मांग है।

डाटा सिक्योरिटी काउंसिल आफ इंडिया साइबर अपराध की जांच से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित करता रहा है। हालांकि यह सरकारी संस्था नहीं है। भारत सरकार की इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 70-बी के तहत साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। विशेषज्ञ संस्थाओं की मदद से साइबर अपराध की जांच के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समान मानक तैयार किया जा सकता है। इससे अलग-अलग राज्यों में जांच की गुणवत्ता और प्रक्रिया में एकरूपता आएगी। सबसे बड़ी जरूरत पुलिस बल की विशेषज्ञता बढ़ाने की है। साइबर अपराध के लिए बनाए जा रहे थानों में ऐसे पुलिस अधिकारियों की तैनाती होनी चाहिए, जिन्हें कंप्यूटर विज्ञान और डिजिटल फोरेंसिक की पर्याप्त जानकारी हो। सामान्य पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त किसी अधिकारी से यह अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं कि वह जटिल साइबर अपराध की तकनीकी बारीकियों को आसानी से समझ सकेगा। विशेषज्ञता के अभाव में जांच में हुई छोटी-सी गलती अदालत में पूरे मामले को प्रभावित कर सकती है। राज्यों की साइबर फोरेंसिक प्रयोगशालाओं की स्थिति भी मजबूत किए जाने की जरूरत है। अनेक स्थानों पर विशेषज्ञों की संख्या सीमित है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में केवल नए कानून बनाना अपराधियों को सजा दिलाने की गारंटी नहीं दे सकता। पर्याप्त संसाधन, आधुनिक प्रयोगशालाएं और प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उतने ही आवश्यक हैं।

### दो टूक




# लोकतंत्र पर हावी होता भीड़तंत्र


डॉ. अनिल मिश्र




सहमति और असहमति, विचार और अभिव्यक्ति, जनतंत्र और जन-आंदोलन—ये परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। इनका स्वतंत्र, मर्यादित और उत्तरदायी सह-अस्तित्व ही किसी स्वस्थ समाज की वैचारिक जीवंतता तथा परिपक्व लोकतंत्र का प्रमाण है। जिस समाज में असहमति को स्थान नहीं मिलता, वहाँ विचार जड़ हो जाता है; जहाँ अभिव्यक्ति उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाती है, वहाँ संवाद शोर में बदल जाता है; और जहाँ जन-आंदोलन संवैधानिक मर्यादा खो देता है, वहाँ जनतंत्र भीड़तंत्र में विकृत होने लगता है। इसलिए स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान केवल विरोध की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि विरोध सुनने वाली सत्ता और स्वयं को अनुशासित रखने वाले आंदोलन—दोनों से होती है। असहमति लोकतंत्र का निषेध नहीं, उसकी जीवंतता है; किंतु मर्यादाहीन असहमति संवाद को और उत्तरदायित्वहीन आंदोलन जनतंत्र को क्षीण कर देता है।

प्रसिद्ध ब्रितानी दार्शनिक, राजनीतिक अर्थशास्त्री और समाजशास्त्र के अध्येता जॉन स्टुअर्ट मिल अपनी पुस्तक ऑन लिबर्टी में लिखते हैं- किसी विचार की अभिव्यक्ति को मौन कर देना मानव जाति को लूटना है—वर्तमान पीढ़ी को भी और आने वाली पीढ़ियों को भी। लोकतंत्र केवल मतदान की व्यवस्था नहीं; वह शासन और समाज के बीच सतत संवाद की संस्कृति है। चुनाव में जनता अपना मत देती है, किंतु आंदोलनों के माध्यम से वह अपनी व्यथा, असहमति, आकांक्षा और चेतावनी व्यक्त करती है। इसलिए स्वस्थ आंदोलन लोकतंत्र का व्यवधान नहीं, उसकी जीवन-शक्ति है। समस्या आंदोलन से नहीं, उस क्षण से प्रारम्भ होती है जब जनमत को जनादेश, असहमति को अराजकता और भीड़ को संविधान से ऊपर मान लिया जाता है। आंदोलन प्रश्न उठाता है; उन्माद उत्तर थोपता है। आंदोलन व्यवस्था को सुधारना चाहता है; अराजकता व्यवस्था को अपदस्थ कर देना चाहती है। आंदोलन में नागरिक होते हैं, जबकि भीड़ में व्यक्ति अपना विवेक और उत्तरदायित्व खो सकता है।

यही आंदोलन की आकृति और विकृति के बीच की निर्णायक रेखा है। कोई भी समाज यदि अपनी पीड़ा को संस्थागत माध्यमों से अभिव्यक्त नहीं कर पाता, तो वह सड़क को संसद बना लेता है। जब शिकायत-निवारण की व्यवस्था धीमी हो, सत्ता संवाद से बचे, न्याय विलम्बित हो, मीडिया जनपीड़ा की उपेक्षा करे और निर्वाचित प्रतिनिधि जनता से दूर हो जाएँ, तब असंतोष धीरे-धीरे आंदोलन का रूप लेता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने हिंसा का समर्थन किए बिना उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि को समझाते हुए कहा था, अंततः अराजकता अनसुने लोगों की भाषा है। इस कथन का अर्थ अराजकता को वैध ठहराना नहीं, बल्कि शासन को यह चेतावनी देना है कि शांतिपूर्ण आवाजों की लगातार उपेक्षा अंततः अशांत विस्फोट को जन्म दे सकती है। न्यायपूर्ण शासन का दायित्व केवल अराजक आंदोलन को रोकना नहीं, उन परिस्थितियों को भी दूर करना है जिनमें यह जन्म लेता है। आंदोलन सामान्यतः तीन अवस्थाओं से गुजरता है—पीड़ा, प्रतिरोध और परिवर्तन। किंतु यदि उसके भीतर नैतिक अनुशासन, तथ्यपरकता और उत्तरदायी नेतृत्व न हो तो यही क्रम पीड़ा, उत्तेजना और विनाश में बदल सकता है। प्रत्येक संगठित आंदोलन प्रायोजित नहीं होता और प्रत्येक स्वतःस्फूर्त आंदोलन पवित्र भी नहीं होता। वित्त, मंच, प्रचार और संगठन किसी आंदोलन को स्वतः संदिग्ध नहीं बनाते। गांधीजी के सत्याग्रह भी सुव्यवस्थित, प्रशिक्षित और रणनीतिक रूप से संचालित थे। असली प्रश्न यह है कि संगठन जनता की चेतना को दिशा दे रहा है या उसे किसी छिपे हुए हित के लिए इस्तेमाल कर रहा है। स्वप्रेरित आंदोलन किसी वास्तविक और व्यापक पीड़ा से जन्म लेता है। उसकी शक्ति विज्ञापन से नहीं, अनुभव से आती है। किसान, विद्यार्थी, श्रमिक, महिलाएँ अथवा नागरिक किसी प्रत्यक्ष अन्याय के विरुद्ध स्वयं जुड़ते हैं। ऐसे आंदोलन में आरम्भिक नेतृत्व विकेन्द्रित हो सकता है और माँगें समय के साथ स्पष्ट होती हैं। परंतु स्वतःस्फूर्तता अपने आप में नैतिकता का प्रमाण नहीं। भावनात्मक उफान में तथ्य, अनुशासन और उत्तरदायित्व की उपेक्षा भी हो सकती है। संगठित आंदोलन में स्पष्ट नेतृत्व, निर्धारित माँगें, संवाद-समिति, वित्तीय व्यवस्था, आचार-संहिता और कार्ययोजना होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह आंदोलन का सर्वाधिक प्रभावी स्वरूप हो सकता है, क्योंकि शासन को पता रहता है कि वार्ता किससे और किन माँगों पर करनी है। संगठन आंदोलन की कमजोरी नहीं; अपारदर्शिता उसकी कमजोरी है। प्रायोजित आंदोलन वह है जिसमें दृश्य पीड़ा और घोषित उद्देश्य के पीछे कोई दूसरा राजनीतिक, आर्थिक, वैचारिक या विदेशी हित निर्णायक भूमिका निभा रहा हो। इसमें भीड़ जनता की प्रतिनिधि कम और किसी रणनीति का साधन अधिक बन सकती है। उसकी कुछ सम्भावित पहचानें हैं— घोषित उद्देश्य और वास्तविक गतिविधियों में असंगति; असामान्य तथा अपारदर्शी वित्तीय संसाधन; अचानक अत्यधिक प्रचार-सामग्री और समन्वित डिजिटल अभियान; सत्यापन से पहले उत्तेजक चित्रों या वीडियो का प्रसार; समाधान का प्रस्ताव मिलने पर भी लगातार लक्ष्य बदलना; हिंसक तत्वों से नेतृत्व का स्पष्ट दूरी न बनाना; आंदोलन को किसी सरकार, संस्था या राष्ट्र को अस्थिर करने के व्यापक अभियान से जोड़ना; और नागरिक माँगों का अचानक चुनावी अथवा सत्ता-परिवर्तन के एजेंडे में बदल जाना। लेकिन केवल राजनीतिक दल, सामाजिक संस्था या दानदाता की सहायता मिलना प्रायोजन का निर्णायक प्रमाण नहीं। आरोप प्रमाण पर आधारित होना चाहिए; अन्यथा सत्ता हर असहमति को प्रायोजित कहकर दबा सकती है और आंदोलनकारी हर आलोचना को सरकारी दुष्प्रचार बताकर उत्तरदायित्व से बच सकते हैं। जनतंत्र-पोषक और जनतंत्र-शोषक आंदोलन- आंदोलन की लोकतांत्रिक वैधता केवल उसकी माँग से निर्धारित नहीं होती। श्रेष्ठ उद्देश्य भी हिंसक और अनैतिक साधनों से कलंकित हो सकता है। इसके विपरीत, किसी अलोकप्रिय मत को भी शांतिपूर्वक व्यक्त करने का अधिकार लोकतंत्र में सुरक्षित रहना चाहिए। जनतंत्र-पोषक आंदोलन- यह संविधान के भीतर परिवर्तन चाहता है; सत्यापित तथ्यों पर आधारित होता है; नेतृत्व और वित्त में पारदर्शिता रखता है; असहमति रखने वालों के अधिकार का सम्मान करता है; सार्वजनिक सम्पत्ति को जनता की सम्पत्ति मानता है; हिंसा और घृणा से स्पष्ट दूरी बनाता है; पुलिसकर्मी को शत्रु नहीं, राज्य के कर्तव्यबद्ध कर्मचारी के रूप में देखता है; संवाद, न्यायालय, विधायिका और संवैधानिक संस्थाओं के द्वार खुले रखता है तथा विजय के बाद भी प्रतिद्वंद्वी को अपमानित नहीं करता। ऐसा आंदोलन लोकतंत्र का दबाव-नियामक है। वह व्यवस्था को तोड़ता नहीं, उसकी जड़ता तोड़ता है। जनतंत्र-शोषक आंदोलन- यह लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं का उपयोग लोकतंत्र को ही बंधक बनाने के लिए करता है। उसकी प्रवृत्तियाँ हैं—भीड़ की संख्या को संवैधानिक अधिकार से ऊपर रखना; विरोधी पक्ष को बोलने से रोकना; आवश्यक सेवाओं और सार्वजनिक मार्गों को अनिश्चितकाल अवरुद्ध करना; बच्चों, महिलाओं अथवा कमजोर समूहों को भावनात्मक ढाल बनाना; अफवाह और डीपफेक से भीड़ भड़काना; पुलिस को उकसाकर दृश्यात्मक टकराव पैदा करना; हिंसा होने पर उत्तरदायित्व से बचना तथा हमारे साथ नहीं तो अन्याय के साथ जैसी द्विआधारी मानसिकता बनाना। ऐसा आंदोलन जनता की वास्तविक पीड़ा से शक्ति ले सकता है, पर अंततः उसी जनता के अधिकारों का शोषण करने लगता है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

# सत्ता-विपक्ष का द्वंद्व क्या लोकतंत्र लिये घातक?

ओ.पी. पाल

भारतीय लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर संसद जनता की समस्याओं, राष्ट्रीय नीतियों और भावी कानूनों पर तर्कसंगत बहस का केंद्र माना जाता है। मसलन संसद केवल कानून बनाने की मशीन नहीं है बल्कि यह देश की सामूहिक चेतना और आकांक्षाओं का दर्पण है। लेकिन संसद के वर्तमान मानसून सत्र में जो दृश्य सामने आ रहा है, वह विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। सत्र के पहले ही दिन से विपक्षी दलों द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय व राजनीतिक मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया जा रहा है। सदन के भीतर नारेबाजी और वेल (सदन के बीचोंबीच) में आकर तख्तियां दिखाने से लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा से लेकर नए भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन विपक्ष की रोजाना की दिनचर्या देखी जा रही है। यह भारतीय लोकतंत्र और जनता के प्रति जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही की दृष्टि से शुभ संकेत नहीं है।

संसद के मानसून सत्र में बीते दो हफ्ते की तरह तीसरे सप्ताह की कार्यवाही के दौरान भी जिस तरह हंगामे के बीच बिना बहस के विधेयक पारित हो रहे हैं, वह भारतीय लोकतंत्र में विधायी कार्य और जवाबदेही का गहराता संकट पैदा करता नजर आ रहा है। यह सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर है, तो सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के पास अपनी जिम्मेदारी निभाने का आखिरी अवसर है। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक और आवश्यक है लेकिन असहमति को प्रकट करने का जरिया संसदीय संवाद होना चाहिए, संसदीय गतिरोध नहीं। जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपनी राजनीतिक रणनीतियों से ऊपर उठकर देश के विधायी और लोकतांत्रिक हितों को प्राथमिकता दें। शुरुआती दो हफ्तों में हंगामे और लगातार होते स्थगन के कारण दोनों सदनों में कोई ठोस कामकाज नहीं हो सका। यद्यपि सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर नियम-नियमावली के तहत चर्चा कराने को तैयार है, वहीं विपक्ष का कहना है कि उनकी प्राथमिक मांगों पर तुरंत और बिना शर्त बहस कराई जाए। इस गतिरोध के बीच सबसे बड़ा नुकसान देश के उस विधायी ढांचे का हो रहा है, जिसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों को सौंपी गई है। संसद में विपक्ष की ओर से जारी व्यवधान के बीच केंद्र सरकार ने भी विधायी कामकाज निपटाने के लिए एक आक्रामक और व्यावहारिक रणनीति अपनाई है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हंगामे के कारण विधायी एजेंडे को रुकने नहीं देगी। नतीजतन, शोर-शराबे और तख्तियों की आड़ में ही कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक बिना किसी विस्तृत चर्चा के दोनों सदनों से पारित कराए जा चुके हैं। पीठासीन अधिकारियों (लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति) द्वारा बार-बार सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और बिलों पर चर्चा में भाग लेने की अपील की गई। इसके बावजूद, जब विपक्षी दल चर्चा में शामिल होने के बजाय वाकआउट (सदन का बहिष्कार) करने या नारेबाजी जारी रखने का विकल्प चुनते हैं तो सरकार ध्वनिमत के जरिए विधेयकों को पारित करवा लेती है। कई विधेयकों पर सदन के दोनों सदनों की मुहर लग चुकी है, जो राष्ट्रपति की मुहर के बाद देश में कानून बनने की दहलीज पर जा चुके हैं। संसदीय कार्यप्रणाली के दृष्टिकोण से यह स्थिति चिंताजनक है। जब कोई विधेयक बिना बहस के कानून का रूप लेता है तो उसमें रह जाने वाली व्यावहारिक कमियों या खामियों पर विचार करने का अवसर समाप्त हो जाता है। संसदीय लोकतंत्र में प्रश्नकाल और शून्यकाल ऐसे दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जिनके माध्यम से संसद सदस्य (चाहे वे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के) सीधे सरकार और उसके मंत्रियों की जवाबदेही तय करते हैं। प्रश्नकाल के दौरान सांसद अपने क्षेत्रों की समस्याओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था, रक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े तारांकित और अतारांकित प्रश्न पूछते हैं। चालू मानसून सत्र में लगातार व्यवधान के कारण अधिकांश दिनों में प्रश्नकाल शुरू होते ही स्थगित करना पड़ा या शोर-शराबे में डूब गया। इससे मंत्रियों से सीधे तीखे सवाल पूछने का जनता का अधिकार अप्रत्यक्ष रूप से छीन गया। वहीं, शून्यकाल वह समय होता है जब सांसद बिना किसी पूर्व सूचना के लोक महत्व के अविलंबनीय मुद्दों को उठाते हैं। सदन के लगातार बाधित रहने से न तो देश के ज्वलंत मुद्दों पर बात हो पा रही है और न ही दूरदराज के क्षेत्रों के आम नागरिकों की आवाज दिल्ली तक पहुंच पा रही है। इस मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं को साधने में लगे हैं लेकिन इसका खामियाजा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भुगतना पड़ रहा है। शायद विपक्ष की रणनीति मुख्य रूप से सरकार को राजनीतिक रूप से बैकफुट पर धकेलने की है। विपक्ष का तर्क है कि जबतक उनकी प्राथमिक मांगों ज्वलंत सामाजिक, आर्थिक या जांच से जुड़े मुद्दों पर पहले चर्चा नहीं होती, तब तक सामान्य कामकाज नहीं चलने दिया जाएगा। हालांकि, इस रणनीति के कारण विपक्ष उस मंच को खुद ही खो देता है जहाँ वह सरकार की नीतियों की धज्जियां उड़ा सकता था। सदन से वाकआउट करने का सीधा अर्थ है, सरकार को बिना किसी विरोध के बिल पास कराने का वॉकओवर दे देना। वहीं, सरकार की रणनीति यह दिखाने की है कि वह देश के विकास और विधायी कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। सरकार का तर्क है कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष चर्चा से दूर भाग रहा है। विपक्ष के बहिष्कार का लाभ उठाते हुए सरकार अपने प्रमुख और दूरगामी असर वाले कानूनों को तेजी से पारित करवा रही है। हालांकि, बिना बहस के बिल पास कराने से भले ही सरकार का लक्ष्य पूरा हो जाए लेकिन उन कानूनों की नैतिक स्वीकार्यता पर सवाल खड़े होते हैं। संसदीय व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं बल्कि सकारात्मक आलोचक की होती है। जनता अपने प्रतिनिधियों को संसद में इसलिए चुनकर भेजती है ताकि वे उनकी समस्याओं को उठाएं और बनने वाले कानूनों पर गहराई से मंथन करें। जब विपक्षी सांसद चर्चा का बहिष्कार करते हैं तो वे विधेयकों में जनहित से जुड़े संशोधन पेश करने के अपने अधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते। संसद को चलाने में देश के करदाताओं का करोड़ों रुपया प्रति घंटे खर्च होता है। सत्र का हंगामे में धुल जाना वित्तीय और समय दोनों की भारी बर्बादी है। तख्तियां लहराना, कागज फाड़कर फेंकना और पीठासीन अधिकारी के सामने नारेबाजी संसदीय गरिमा को ठेस पहुंचाता है। ऐसे में विपक्ष को यह समझना होगा कि सरकार को घेरने का सबसे सशक्त माध्यम सदन का स्थगन नहीं, बल्कि सदन के भीतर अकाट्य तर्कों के साथ बहस करना है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## नदियों का उजला कल...!


नदी की धारा में फिर निर्मलता हो,
हर बूंद में जीवन की संभावना हो।
जहरीले मैल से मुक्त हो किनारा,
हरियाली से सजे नदी का नज़ारा।

नदियाँ सिर्फ नदी नहीं, पहचान है,
गाँवों की धड़कन, इसकी जान है।
इसके आँचल में इतिहास बसा है,
लहरों में शहर का विश्वास बसा है।

आओ मिलकर ऐसा संकल्प करें,
नदी को फिर से निर्मल-स्वच्छ करें।
नहीं कोई कचरा, न गंदगी का भार,
नदी बहे निर्बाध एवं रहे जल अपार।

नदियाँ बारहों मास जल से भरी रहे,
हर लहर इसकी जीवन से जुड़ी रहे।
यहाँ मछलियाँ लौटें व लौटे हरियाली,
किनारों पे गूँजे प्रकृति की खुशहाली।

यहाँ विकास हो मगर प्रकृति के साथ,
नदियों के हित में उठाइये हरेक हाथ।
प्यारी नदियाँ बचेंगी कल मुस्काएगा,
घाटों का अपना गौरव लौट आएगा।



# केरलम् में 'वंदे मातरम्' से परहेज!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

केरलम् में 'वंदे मातरम्' के पूर्ण गायन को लेकर जिस तरह की आपत्ति सामने आई है, उसने एक साधारण प्रशासनिक निर्देश को गंभीर राष्ट्रीय विमर्श में बदल दिया है। सवाल यह है कि क्या भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की राष्ट्रीय स्मृति को भी राज्यों, दलों और राजनीतिक सुविधा की सीमाओं में बांटा जा सकता है? केरलम् सरकार की ओर से यह कहा गया कि सरकारी कार्यक्रमों में पहले की परंपरा के अनुसार 'वंदे मातरम्' के शुरुआती दो पद ही गाए जाएंगे। कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन ने इससे भी आगे जाकर पूरे गीत के गायन का तीखा विरोध किया। दूसरी ओर केंद्र सरकार 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में इसके सामूहिक गायन पर जोर दे रही है। इसी बीच तमिलनाडु विधानसभा ने राज्य के सार्वजनिक कार्यक्रमों में 'तमिल थाई वाझ्थु' को आरंभ में गाने का प्रस्ताव पारित किया है। यहां एक बात बहुत साफ समझने की जरूरत है। किसी राज्य को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा पर गर्व करने का पूरा अधिकार है। तमिल को सम्मान मिलना चाहिए, मलयालम को सम्मान मिलना चाहिए, कन्नड़, तेलुगु, कोंकणी और हर भारतीय भाषा को सम्मान मिलना चाहिए, किंतु अपनी क्षेत्रीय अस्मिता का सम्मान करने के लिए राष्ट्रीय स्मृति से दूरी बनाना आवश्यक नहीं है। भारत की सुन्दरता ही यही है कि तमिल अपनी जगह तमिल है, मलयालम अपनी जगह मलयालम है, पर स्वतंत्रता का इतिहास सबका संयुक्त है। इसमें सभी का सर्वस्व त्याग एवं समर्पण समाहित है। वस्तुतः 'वंदे मातरम्' इसी साझा स्वरूप का ही प्रकटीकरण है। यदि 'वंदे मातरम्' को उत्तर भारतीय या किसी एक राजनीतिक विचारधारा का प्रतीक बताने की कोशिश की जाए तो तमिलनाडु का इतिहास इस तर्क को सीधे चुनौती देता है। महाकवि सुब्रमण्यम भारती (1882-1921) तमिलनाडु के एक महान कवि, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक रहे। उन्होंने बंकिम चंद्र चटर्जी के अमर गीत वंदे मातरम् का तमिल भाषा में अनुवाद और रूपांतरण किया था, जिसने दक्षिण भारत में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जन-जन में देशभक्ति की प्रखर भावना जगाई। कन्नन पट्ढू नीलवुम वनमिनम कात्रुम पांचाली सबातम कुयिल पट्ढू भारती के महान काव्य उत्पादन के उदाहरण हैं।

भारती को देशभक्ति से भरपूर उनकी अनेक कविताओं के कारण राष्ट्रीय कवि माना जाता है, जिनके माध्यम से उन्होंने लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने और देश की मुक्ति के लिए सक्रिय रूप से काम करने के लिए प्रेरित किया। अपने देश पर गर्व करने के अलावा, उन्होंने एक स्वतंत्र भारत के अपने दृष्टिकोण को भी स्पष्ट किया। उन्होंने 1908 में सनसनीखेज रचना सुदेशा गीतंगल प्रकाशित की। भारत सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव पोर्टल भी दर्ज करता है कि भारती के कार्यों ने मद्रास क्षेत्र में स्वदेशी आंदोलन की जनमत-निर्माण प्रक्रिया में भूमिका निभाई और उनके एक कार्टून में 'वंदे मातरम्' ध्वज का चित्रण भी था, और बात यहीं खत्म नहीं होती। सुब्रमणिय भारती के प्रकाशित काव्य-संकलनों में 'वन्देमातरम्' स्वतंत्र रचना के रूप में दर्ज है। 1977 में साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित Poems of Subramania Bharati में 'वन्देमातरम्' शामिल है; 1984 के Subramania Bharati: Chosen Poems and Prose में भी इसकी स्पष्ट उपस्थिति है। यानी जिस दक्षिण भारत को आज 'वंदे मातरम्' के संदर्भ में राजनीतिक दूरी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, उसी दक्षिण भारत का एक महानतम राष्ट्रवादी कवि इसे अपने साहित्य और स्वतंत्रता चेतना का हिस्सा बना चुका था। तमिलनाडु के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास से जुड़ा एक सरकारी दस्तावेज इससे भी अधिक स्पष्ट है। उसमें दर्ज है कि भारती के Swadesha Geethangal में 'वन्देमातरम्' पहला राष्ट्रीय गीत था और इसे स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित करने वाला महान उद्घोष बताया गया है। दस्तावेज में यह भी उल्लेख है कि भारती के गीत अशिक्षित जनता तक राष्ट्रीय भावना पहुंचाने का माध्यम बने और लोग उन्हें गाकर सुनाते थे। तो फिर आज सवाल यह है कि 'वंदे मातरम्' दक्षिण भारत का कैसे नहीं हुआ? क्या तमिलनाडु के महाकवि भारती को यह इतिहास पता नहीं था? क्या स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान मद्रास की धरती पर उठी 'वंदे मातरम्' की आवाज को आज भुला दिया जाए? क्या किसी राष्ट्रीय गीत की स्वीकार्यता इस बात से तय होगी कि आज कौन-सी राजनीतिक पार्टी उसे अपने कार्यक्रम में गा रही है? भारती का स्पष्ट मत था जोकि उनके साहित्य लेखन में कई स्थानों पर प्रकट भी हुआ है, जब तक भारतीय भारत माता की संतान के रूप में एकजुट नहीं होंगे, तब तक उन्हें स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती। आज यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम सभी अपने राष्ट्र एवं मां भारत माता की वन्दना वन्देमातरम् के लिए एक मत और एक स्वर नहीं हो पा रहे हैं। हमारे क्षेत्रीय एवं वोट के स्वार्थ इतने बड़े हैं कि हम उसी मां की आराधना करने से पीछे हट रहे हैं, जिससे जीवन पाकर अंत में उसी में विलय हो जाना है! 'वंदे मातरम्' बंगाल में जन्मा, लेकिन उसकी यात्रा बंगाल तक नहीं रुकी। यह तमिल में पहुंचा, तेलुगु में पहुंचा, कन्नड़ में पहुंचा, मलयालम में पहुंचा, हिंदी और दूसरी भारतीय भाषाओं में पहुंचा। इसके अनुवाद और रूपांतरणों ने इसे भारतीय भाषाओं की साझा राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया। इसका अर्थ ही यही है कि 'वंदे मातरम्' किसी भौगोलिक प्रदेश की सीमा में कैद अथवा सीमित गीत




कभी नहीं रहा। वह भारतीय राष्ट्रवाद के विस्तार के साथ पूरे देश में यात्रा करता रहा है। यही बात उन लोगों को समझनी चाहिए जो आज इसे किसी एक राजनीतिक दल का प्रतीक बताकर उससे दूरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 'वंदे मातरम्' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पैदा होने से दशकों पहले से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का उद्घोष रहता आया है। कांग्रेस के अधिवेशनों में इसे स्थान मिला। 1896 के कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसे गाया। 1905 के स्वदेशी आंदोलन में यह राजनीतिक उद्घोष बन चुका था। 1950 में संविधान सभा ने 'जन गण मन' के साथ समान सम्मान के साथ राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया।

वस्तुतः ऐसे में आज यदि कोई कांग्रेस नेता यह कहता है कि पूरा गीत गाने में तीन मिनट दस सेकंड लगते हैं और इतने समय तक खड़ा रहना व्यावहारिक कठिनाई हो सकती है, तो उस तर्क पर चर्चा हो सकती है। सम्मान कानून से पैदा नहीं होता, यह बात सही है। किसी नागरिक के मन में देशभक्ति आदेश से नहीं भरी जा सकती, यह भी सही है, किंतु क्या किसी राष्ट्रीय गीत के सम्मान को उसकी अवधि से तौलना उचित है? क्या तीन मिनट दस सेकंड किसी राष्ट्र की स्मृति के सामने इतना बड़ा समय है कि उसे लेकर असहजता पैदा हो जाए? क्या हम अपनी भारत माता एवं राष्ट्र भारत के आराधन के लिए तीन मिनट 10 सेकेंड भी नहीं खड़े होकर उसे सम्मान नहीं दे सकते? सच तो यह है कि जिस भारत के स्वतंत्रता सेनानी वर्षों जेल में रहे, जिन्होंने अपनी संपत्ति गंवाई, जिनकी नौकरियां गईं, जिन्होंने परिवारों से दूरी सही और जिन्होंने अपने जीवन तक को राष्ट्र के नाम कर दिया, उनके सामने तीन मिनट दस सेकंड का तर्क बहुत छोटा दिखाई देता है और यहां 'वंदे मातरम्' की असली शक्ति समझने की जरूरत है। यह गीत उस समय लिखा गया जब भारत स्वतंत्र नहीं था। उस समय किसी भारतीय के पास यह सुविधा नहीं थी कि वह राष्ट्रीय सम्मान, राष्ट्रीय पहचान और देशभक्ति पर आराम से बैठकर बहस करे। औपनिवेशिक शासन की कठोरता के बीच राष्ट्रीय चेतना को जगाना ही अपने आप में प्रतिरोध था। 'वंदे मातरम्' इसी प्रतिरोध की भाषा बना। केरल की राजनीति में 'वंदे मातरम्' का विरोध करने वालों से यह प्रश्न पूछा जाना चाहिए कि क्या राज्य की क्षेत्रीय अस्मिता और भारत की राष्ट्रीय अस्मिता एक-दूसरे की विरोधी हैं? यदि उत्तर नहीं है, तो फिर समस्या कहां है? केरल अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करे, किंतु केरल के उन स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करे जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। तमिलनाडु अपनी तमिल पहचान पर गर्व करे, लेकिन सी. सुब्रमण्यम भरथियार को भी याद करे, जिन्होंने तमिल भाषा में भारत माता की स्वतंत्रता का गीत गाया। यही तो भारतीयता है। वस्तुतः 'वंदे मातरम्' की सबसे बड़ी ताकत यही है कि वह क्षेत्रीय सीमाओं को पार करता है। बंगाल के बंकिमचंद्र की रचना तमिलनाडु के भारती की आवाज बनती है। उत्तर भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में गूंजती है। दक्षिण के आंदोलनों में पहुंचती है। कांग्रेस के मंच पर सुनाई देती है। क्रांतिकारियों के बीच उद्घोष बनती है और अंततः स्वतंत्र भारत की संविधान सभा इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में सम्मान देती है। 2026 में इसके 150 वर्ष पूरे होना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें अपने इतिहास को फिर से पढ़ने का अवसर देता है। 7 नवंबर 1875 को इसकी रचना पहली बार 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुई थी। बाद में यह बंकिमचंद्र के 'आनन्द मठ' में आया और 1896 के कांग्रेस अधिवेशन से लेकर स्वदेशी आंदोलन तक इसकी यात्रा ने इसे राष्ट्रीय चेतना का शक्तिशाली प्रतीक बना दिया।अब सवाल यह नहीं कि पूरा गीत कितने मिनट का है। सवाल यह है कि क्या 150 वर्ष की इस यात्रा को हम तीन मिनट दस सेकंड की घड़ी में समेट सकते हैं? जिस गीत ने अनेकों स्थान पर परतंत्र भारत में लोगों को यह कहने का साहस दिया कि मातृभूमि हमारी सर्वोच्च पहचान है, उसके सामने स्वाधीन भारत में तीन मिनट खड़ा होना यदि किसी को बहुत लंबा लगता है, तो समस्या शायद गीत की अवधि में नहीं है। समस्या उस सोच में है, जोकि एक नागरिक के रूप में भारत के लिए पूर्ण समर्पण से रोकती है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सरीला में दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर, 34 बच्चों को मिला लाभ

**सरीला (हमीरपुर)।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर सरीला में दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 63 दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण कर स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के बाद मानक पूरे करने वाले 34 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र मौके पर बनाए गए। वहीं, जटिल स्थिति वाले छह बच्चों को बेहतर उपचार और विस्तृत जांच के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। ब्लॉक प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। प्रमाण पत्र बनने से बच्चों को छात्रवृत्ति, सहायक उपकरण, पेंशन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। ब्लॉक स्तर पर शिविर लगने से अभिभावकों को जिला अस्पताल के चक्कर लगाने से राहत मिली और समय व धन की बचत हुई।

### अपहरण दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**सुमेरपुर।** नाबालिक किशोरी का अपहरण करके ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके किशोरी के बयानों के आधार पर दुष्कर्म पास्को एक्ट की धाराओं में अभियोग दर्ज करके जेल भेजा है। कस्बे के बांकी मार्ग का निवासी विपिन पाल थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। गत 7 अगस्त को इसने कस्बे की एक नाबालिक किशोरी को अपराह करके ले गया था और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पिता ने पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। 2 दिन बाद आरोपी के चंगुल से छूटी किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे थे। पुलिस ने किशोरी के बयानों के बाद अपहरण के मुकदमे में दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट की धाराएं बढ़ाकर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। कुछ माह पूर्व यह मौदहा में हुई लूट की घटना में मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया था। वर्तमान में यह जमानत पर बाहर था।

### कृषक चौपाल में किसानों को योजनाओं की जानकारी

**मुस्करा।** कस्बे के मंडी परिसर में बुधवार को कृषक चौपाल आयोजित हुई। कृषि, राजस्व और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार, अपर कृषि अधिकारी रविपाल, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक सुलेमान, नायब तहसीलदार मौदहा सत्य प्रकाश वर्मा और विद्युत विभाग के अशोक कुमार वर्मा मौजूद रहे। किसानों ने विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। उप कृषि निदेशक ने कहा कि मंडी या विभागीय समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराएं, नियमानुसार समाधान कराया जाएगा। चांदेरा गांव के किसान गौतम यादव ने वन विभाग द्वारा लगाए जा रहे पेड़ों से संबंधित समस्या बताई, जिस पर अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया।

### कार सवार युवकों को हॉकी-डंडों से पीटा

**बांदा।** फतेहपुर जनपद के ललौली थाना के हिम्मतपुर गांव निवासी अंशू पुत्र स्व.दिनेशचंद्र ने पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। जिला थाने में दी तहरीर में अंशू ने बताया कि रविवार को रात 11 बजे वह कार से बांदा जा रहे थे। गाड़ी में उसके दोस्त अमित पुत्र हीरालाल, महेश पुत्र शिवकुमार भी थे। घूरा गंव के पास एक चार पहिया वाहन से आए चार-पांच लोगों ने रोक लिया। कार से हॉकी व डंडे निकालकर तीनों पर हमलाकर दिया। मरणासन्न हालत में छोड़कर हमलावर भाग निकले।

### दलित किशोरी से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कालपी।** नगर क्षेत्र के एक गांव में दलित किशोरी द्वारा छेड़खानी की घटना पर दर्ज मुकदमें के आरोपी अभियुक्त को सीओ के निर्देश पर कालपी कोतवाली पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। ग्राम बरदौली की 15 वर्षीय किशोरी छात्रा 29 जुलाई को विद्यालय निवाड़ी शिक्षा ग्रहण करने गई थी, वहीं उक्त गांव के युवक ने छेड़खानी साथ ही आए दिन अश्लील हरकतें कर घटना को अंजाम दिया था। उक्त घटना में पीड़ित की तहरीर पर कालपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना सीओ को जांच सौपी थी। मुकदमे में जांच के दौरान किशोरी लड़की की छेड़खानी व जाति सूचक गाली देकर जान से मारने की धमकी की घटना सही साबित होने पर ग्राम निवाड़ी निवासी आरोपी प्रिंस पुत्र राज पाल को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर संबंधित मुकदमा की धारा में अभियुक्त को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डॉक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का झांसी दौरा आज

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का 13 अगस्त 2026 को झाँसी भ्रमण प्रस्तावित है। राज्यपाल प्रातः 9:40 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचेंगी। इसके बाद 9:45 बजे बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के लिए रवाना होंगी। राज्यपाल प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:55 बजे तक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। इस दौरान वह एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह तथा आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह में वह छात्र-छात्राओं को पदक भी प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल दोपहर 1 बजे से 1:40 बजे तक विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद उनके अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

### खेत पर काम क़र रहे किसान को सांप ने डंसा, बिगड़ी हालत

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुहारा गांव में खेत पर काम कर रहे एक किसान की सांप के काटने से हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में किसान के परिजनों से इलाज के लिए सीएससी जखोरा में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस दौरान किसान की झाड़ फूंक भी कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुहारा निवासी 55 वर्षीय बिट्टू पुत्र हर सिँह बुधवार की सुबह करीब 10:00 बजे अपने घर से खेत पर फसल की देखभाल करने के लिए अपने पुत्र के साथ गया हुआ था। बताया गया है कि जब वह खेत में कृषि संबंधी कार्य कर रहा था, तभी वहां पर बैठे किसी काले सांप ने उसे काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। किसान के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका पुत्र मौके पर पहुंचा, जिसने सांप को वहां से जाते हुए देखा, तो उसे समझते देर ना लगी कि उसके पिता को सांप ने डसा है। इस दौरान उसने अपने अन्य परिजनों की मदद से अपने पिता को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखौरा में भर्ती कराया।

# मुफलिसी में जीवन व्यतीत कर रहा क्रांतिकारी का परिवार

## आजादी का 80वां पर्व फिर भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का परिवार बदहाल

रोहित चौबे





**राठ।** देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुए 15 अगस्त 2026 को 79 वर्ष पूरे हो जाएंगे। देश आजादी का जश्न मनाएगा, तिरंगा लहराया जाएगा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया जाएगा। लेकिन इसी आजाद भारत में एक ऐसा परिवार भी है, जिसकी जिंदगी आज भी गरीबी, अभाव और संघर्ष के बीच गुजर रही है। परिवार की स्थिति बदहाल है क्रांतिकारी के परिवार में खाने के लाले पड़े हुए हैं। आज हम भले ही आजादी का पर्व मना रहे हैं लेकिन सरकार को क्रांतिकारियों के बारे में सोचा होगा जिन्होंने अपना प्राण न्योछावर कर दिया जिन्होंने अपनी जिंदगी देश के लिए कुर्बान कर दे इस कारण जरूरत है उनके परिवार की प्रधान स्थिति को सुधारने की। कहानी है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं क्रांतिकारी राजाराम दुवेदी शास्त्री के परिवार की। राजाराम शास्त्री जी मूल रूप से सरगांव के रहने वाले थे। उन्होंने विवाह नहीं किया था। उन्होंने अपने चचेरे भाई हरप्रसाद के पुत्र मोतीलाल को गोद लेकर उसे अपना पुत्र माना और अपना जीवन देश एवं समाज के लिए समर्पित कर दिया। बाद में उनका परिवार राठ नगर के लोधियातपुरा में रहने लगा।

जिसने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, उसके परिवार को आज क्या मिला?

आजादी के 79 वर्ष बाद देश विकास की नई ऊंचाइयों का दावा कर रहा है, लेकिन राजाराम शास्त्री जी का परिवार आज भी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। यह स्थिति सिर्फ एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और उनके परिवारों के प्रति हमारी जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल है।

क्या स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान सिर्फ 15 अगस्त और 26 जनवरी को माल्यार्पण तक सीमित रह गया है?

क्या आजादी की लड़ाई में अपना जीवन लगाने वाले लोगों के परिवारों की सुध लेने की जिम्मेदारी किसी की नहीं है?

जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मनाता है, बड़े-बड़े मंचों से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की बातें होती हैं, तब उन्हीं सेनानियों के परिवारों की जमीनी हकीकत पर नजर डालना भी जरूरी है।

जरूरत अब सिर्फ श्रद्धांजलि देने की नहीं, बल्कि ऐसे परिवारों की सुध लेने की है। स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर होने वाले आयोजनों से आगे बढ़कर उनके परिवारों की वास्तविक स्थिति जानना और उन्हें सम्मानजनक जीवन दिलाना ही उनके बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### राजकीय सम्मान के साथ हुआ था अंतिम संस्कार

राजाराम शास्त्री जी का निधन 5 अक्टूबर 2005 को राठ नगर के लोधियातपुरा निवासी उनके भतीजे मोतीलाल के घर पर हुआ था। उनके अंतिम संस्कार में उनके परिवार के साथ महान कवि शैलेंद्र बादल जी भी शामिल हुए और उन्हें कंधा दिया। बताया जाता है कि राजाराम शास्त्री जी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया था।

### परिवार के सदस्य हजारों रुपये की मामूली आय में कर रहे गुजर-बसर

राजाराम शास्त्री जी को मुखाग्नि देने वाले उनके नाती अनिल द्विवेदी (55 वर्ष) आज एक निजी विद्यालय में महज 5 हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी कर रहे हैं। परिवार की बेटी हिमांशी द्विवेदी (30 वर्ष) निजी विद्यालय में पढ़ाकर करीब 6 हजार रुपये प्रतिमाह कमा रही हैं, जबकि परिवार का बेटा एक निजी दुकान पर महज 4 हजार रुपये प्रतिमाह में चपरासी का काम कर रहा है। इतनी कम आमदनी में परिवार का घर चलाना, बच्चों की शिक्षा, इलाज और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना कितना कठिन होता है।

### ऊपर खपरैल और नीचे संघर्ष

राठ नगर में राजाराम शास्त्री जी का परिवार आज भी चार दीवारों के ऊपर पड़ी खपरैल की छत के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर है। परिवार का कहना है कि वर्षों बीत गए, लेकिन क्षेत्र के किसी जनप्रतिनिधि ने उनकी वास्तविक स्थिति जानने की गंभीर पहल नहीं की और न ही किसी प्रकार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

### क्षेत्रवासियों ने बताया कि सवाल सिर्फ गरीबी का नहीं, सम्मान का भी है

जिस व्यक्ति ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित किया, उसके परिवार को आज सम्मानजनक जीवन के लिए संघर्ष करना पड़े—यह स्थिति व्यवस्था के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। राजाराम शास्त्री जी का परिवार किसी दया का पात्र नहीं, बल्कि उस अधिकार का हकदार है जिसके लिए उनके पूर्वजों ने संघर्ष किया। समाज के प्रबुद्ध वर्गों ने कहा है कि जिस आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने अपना जीवन खपा दिया, उस आजादी में हमारे परिवार की जिंदगी आखिर कब बदलेगी?

# भाजपा ने उत्साह के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।




आजादी के अमृत भाव और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को भाजपा की ओर से हमीरपुर नगर सहित कुरारा, मौदहा, बिंदोखर और मुस्करा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभिन्न मंडलों में कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, मोहन कुशवाहा, योगेंद्र दीक्षित और जितेंद्र पाल ने की। संयोजक किशन ब्यास रहे। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं और लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ नगर में भ्रमण किया। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति का माहौल रहा। आयोजकों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

# स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ छात्र संसद शपथ ग्रहण

▸ प्रधानाचार्य आर.पी. गुप्ता ने अतिथियों का किया आभार व्यक्त

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में आज छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में राजेश कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता एवं नोटरी) रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के नवचयनित प्रधानमंत्री आदित्य चैहान एवं उप प्रधानमंत्री क्रमशः हर्ष तिवारी, विकास सिंह तथा कन्या भारती की अध्यक्षा गुनी सिंह एवं उपाध्यक्षा प्रियंका एवं सेनापति कृतिका को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात उन्होने सभी मंत्रियो एवं सांसदो को शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बोलते हुए कहा कि छात्र संसद का गठन छात्रो मे नेतृत्व जिम्मेदारी ओर लोकतांत्रिक मूल्यो को विकसित करने के लिए किया जाता है। यह छात्रो को स्कूल के मामलो मे सक्रिय भूमिका निभाने, बहस मे भाग लेने, नीतियो का प्रस्ताव करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओ को समझने का अवसर प्रदान करता है। अन्त मे सभी को शुभकामनाये देते हुए कहा कि आप देश के भविष्य है विद्यालय को ऊँचाइयो तक ले जाने मे आपका अहम योगदान है। तथा उन्होने सभी छात्र सांसदो एवं मंत्रियो को लखनऊ विधान सभा भ्रमण करवाने का आश्वासन दिया। छात्र संसद की उपादेयता एवं परिचय छात्र संसद के पदेन अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने किया। आये हुए अतिथियो को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर क्रमशः विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र संसद के उपाध्यक्ष ने सम्मानित किया। छात्र संसद के उपाध्यक्ष एवं कन्या भारती की उपाध्यक्षा अनीता सिंह को बैज लगाकर क्रमशः आदित्य चैहान एवं गुनी सिंह ने सम्मानित किया।बहन अंजली ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। तथा आभार प्रदर्शन छात्र संसद के उपाध्यक्ष रमेश कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर लगभग 150 छात्र सांसद एवं मंत्री मौजूद रहे। अन्त मे कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

### शिक्षक पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के स्वराज कालोनी गली नंबर नौ निवासी स्व.रामचंद्र निगम की बेटी प्रीती सरकारी शिक्षिका हैं। उन्होंने बताया कि सात जून 2022 को उनका विवाह महोबा के गांधी नगर मोहल्ले में शिक्षक महेश सक्सेना के साथ हुई थी। पिता ने 15 लाख नकदी सहित पूरा सामान व जेवर दिए। ससुराल में अतिरिक्त दहेज में स्कार्पियो, पिता के मकान में तिहाई हिस्सा व पत्नी का शादी के पूर्व का 10 वर्ष का वेतन मांगा जाने लगा। इसी को लेकर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की गई। ससुरालवालों ने अतिरिक्त दहेज न देने पर पति की दूसरी शादी करने की धमकी दी। उसके सारे जेवर आदि रखा लिए। कई बार ससुराल में गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह तब से मायके में है। सदमे में उनके पिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पति महेश, जेठ अखिलेश व देवेश, जेठानी ऊषा व सुशीला और फूफा गोविंद स्वरूप के खिलाफदहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

# वंदे मातरम के जयघोष के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

▸ नरैनी व ओरन कस्बे में निकली यात्रा में लोगों की रही भागीदारी

समृद्धि न्यूज़, नरैनी, बांदा।




हर घर तिरंगा अभियान के तहत कस्बे में भारत माता की जय और वंदे मातरम् का जयघोष करते हुए विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। डीजे पर देश भक्ति की धुन में नवयुवकों ने तिरंगा लेकर पूरे कस्बे में आजादी की अलख जगाई। सभी वर्गों के साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़चढ़र भागीदारी की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा की अगुवाई में बुधवार को कस्बा में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान छात्रों और नवयुवकों के भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। कस्बे के चारों प्रमुख मार्गों से होते हुए लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में संपन्न हुई। इस मौके पर डीजे और गाजे-बाजे के साथ देशभक्ति के गीतों और भारत माता के जयकारों से कस्बा गूंज उठा। कस्बा वासियों ने यात्रा में सम्मिलित होकर वंदे मातरम के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा के जिला मंत्री देवेंद्र सिंह भदौरिया, अरुण सोनी, राजाराम राजपूत, अनीता विश्वकर्मा, अनुपम त्रिवेदी शामिल रहे। इसी तरह ओरन कस्बे में बुधवार को तिरंगा यात्रा मैरिज हाल से शुरू होकर कस्बे के मुख्य चौराहे से गुजर कर सिंहपुर रोड़, बांदा रोड़ होते हुए तिलहर देवी मंदिर में खत्म हुई। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों पर हाथों पर तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद व श्भारत माता की जय और मेरी शान तिरंगा है जैसे नारे गूंजते रहे।

### तिरंगे के सम्मान में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का सैलाब



तिंदवारी कस्बे में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभिया के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगे के सम्मान में राष्ट्रभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में तिरंगा लेकर भारतमाता के जयकारा लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया। राज्यमंत्री ने कहा कि यात्रा उस देशभक्ति का संदेश है, जिसे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने संघर्ष व बलिदान से सींचा था।

# आधार त्रुटि नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर कराएं निःशुल्क अपडेटः डीएम



**उरई।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें आधार नामांकन, आधार में संशोधन व बायोमेट्रिक अपडेट, सत्यापन के साथ डीबीटी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार से जुड़ी सेवाओं का लाभ आमजन को सरल, सुगम, पारदर्शी व समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने आमजन के हित में कहा कि यदि आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि अथवा अन्य किसी विवरण में त्रुटि है तो उसे सही कराने के लिए अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर आधार अपडेट की सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार अपडेट व नामांकन की प्रक्रिया में आमजन को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। बैठक में बच्चों के आधार अपडेट की समीक्षा करते हुए डीएम ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि 5 से 7 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क होता है।

# 250 विद्यार्थियों को प्रदान की गई उपाधियां, 18 मेधावियों को मिले पदक

▸ कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में 12वां दीक्षांत समारोह आयोजित

समृद्धि न्यूज़, बांदा।




कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के विशेष कार्याधिकारी ने विभिन्न संकायों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक व उपाधियां सौंपी। उन्होंने विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं से कहा कि पांच सूत्रों पर अमल करते हुए सफलता हासिल करें। उन्होंने विध्यार्थियों से आधुनिक कृषि तकनीकों को प्रयोगशाला से खेत तक पहुंचाने तथा किसानों की समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान विकसिल करने का आह्वान किया। बुंदेलखंड के किसानों से प्राकृतिक और बागवानी खेती से अपनी आय बढ़ाने की नसीहत दी।

कुलाधिपति व राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी सुधीर एम.बोबडे की अध्यक्षता में बुधवार को बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का भव्य 12वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। उद्यान महाविद्यालय में आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया। दीक्षांत समारोह की औपचारिक शुरुआत शोभायात्रा के दीक्षांत समारोह स्थल पर आगमन व राष्ट्रगीत के साथ हुई। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया। कुलाधिपति ने समारोह में विद्यार्थियों की उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कुल 18 पदक प्रदान किए। इनमें सात स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक शामिल रहे। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के विशेष कार्याधिकारी ने विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को पांच सूत्र समयशीलता, टीम वर्क, नियोजन, अनुशासन और कठिन परिश्रम पर अमल करते हुए सफ्लता पाने को प्रेरित किया। कहा कि समय की कीमत समझें। सामूहिक प्रयास से आसानी से लक्ष्य पाया जा सकता है। टीम भावना की भावना से काम करें। नियोजन और कठिन परिश्रम से विद्यार्थियों को सफ्लता जरूर मिलेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं से अपने ज्ञान को खेतों तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कुलपति प्रो.एसवीएस राजू ने बताया कि विश्वविद्यालय ने गत वर्ष शिक्षा, शोध, प्रसार एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र मुं उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में नया स्नातक पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद से अनुमति प्राप्त हुई।

# पुलिस ने धोखाधड़ी से 1.25 लाख की धनराशि पीड़ित को वापस करवाई

समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।



अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झाँसी के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के कुशल नेतृत्व में कोतवाली सदर पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक पवन पुत्र रविन्द्र निवासी बिदुआ कालोनी के साथ 1,27,501/- रूपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी । कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों/ बैंकों/वालेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को मेल करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर पीड़ित से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है। पीड़ित की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि, पीड़ित के खाते में वापस होने पर, पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक व कोतवाली पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की। रकम बरामद करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, का. लोकेन्द्र सिंह साइबर सेल शामिल रहे। इस दौरान चेतावनी जारी की गई है कि किसी भी बिना पहचान वाले व्यक्ति को बैंकिंग/वित्तीय सम्बन्धी जानकारी साझा (share) न करे। यदि किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड हो जाये तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1930/112 पर कॉल करें या NCCRP पोर्टल या साइबर क्राइम की वेवसाइट cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत ऑनलाईन दर्ज करें तथा स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचित करें ।

# गांवों के विकास से ही बनेगा विकसित भारतः एमएलसी रमा निरंजन

▸ 'विकसित भारत-जी राम जी' ग्रामीण परिवारों के लिए ऐतिहासिक कदमः डीएम

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



विकास भवन सभागार में 'विकसित भारत-जी राम जी' कार्यक्रम के अंतर्गत पंच सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन ने की। इस दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी ने ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। एमएलसी रमा निरंजन ने कहा कि देश की तरक्की गांव से होकर जाती है। 'विकसित भारत-जी राम जी' गरीबी-मुक्त, रोजगारयुक्त, स्वयंपूर्ण और आत्मनिर्भर गांव बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार एवं नेतृत्व के अवसर मिलेंगे। बहनों के लिए वर्क शेड और हाट बाजार जैसे कार्य भी किए जाएंगे। विकसित गांवों से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण- वीबी-जी राम जी अधिनियम' ग्रामीण परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को मजबूत करना, आजीविका में सुधार तथा विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अधिनियम की जानकारी प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार तक पहुंचाने और पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी के साथ विकास कार्य कराने का आह्वान किया।

### पीडीए की बैठक में चरखारी विधानसभा में बाहरी प्रत्याशी पर एक कार्यकर्ता ने कसा तंज

**पनवाड़ी (महोबा)।** पनवाड़ी कस्बे के एक निजी गेस्ट हाउस में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें एक कार्यकर्ता द्वारा चरखारी विधान सभा मे बाहरी प्रत्याशी को किसी भी कीमत में स्वीकार नही किया जायेगा पर एक बाहरी प्रत्यासी को नागवार गुजरी सम्भावित प्रत्यासी ने भरे मंच से सफाई देते हुए टिकट मुखिया द्वारा दिया जाता है ना कि कार्यकर्ताओं के द्वारा इस कार्यक्रम में कुछ कार्यकर्त्ता बटे बटे नजर आये कुछ कार्यक्रम छोड़ कर अलग बैठे नजर आए है, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वाहनों की मौजूदगी नजर आई, लेकिन पंचायत स्थल पर कई कुर्सियां खाली दिखाई दीं। वाहन जरूर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते रहे, मगर अपेक्षा के अनुरूप भीड़ नजर नहीं आई।

# कबरई में जुए के फड़ पर पुलिस का छापा 9 गिरफ्तार, 1.11 लाख कैश बरामद

समृद्धि न्यूज़, महोबा।

जिले के कबरई थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम ने एक संगठित जुआ गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बीला उत्तर गांव के पास झाड़ियों में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 4 आरोपी फरार होने में सफल रहे। मौके से 1 लाख 11 हजार 600 रुपये नकद, 7 मोबाइल फोन और 4 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई महोबा में अपराध और सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश पर सीओ रविकांत गोंड के नेतृत्व में कबरई पुलिस, जनपदीय एसओजी और सर्विलांस टीम ने मिलकर इस संयुक्त अभियान को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कबरई थाना क्षेत्र के बीला उत्तर गांव में न्यू गणेश ग्रेनाइट क्रेशर के आगे खेतों की झाड़ियों के बीच बड़े पैमाने पर जुए का अड्डा चल रहा है। इस सूचना के आधार पर कबरई थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस के जवानों को मिलाकर तीन विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तुरंत झाड़ियों की घेराबंदी कर अचानक छापा मारा और मौके से 9 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

# शहीद स्मारकों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर चला स्वच्छता अभियान

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**



स्वच्छता अभियान के बाद माल्यार्पण करते भाजपाई

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व बुधवार को भाजपा के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नगर क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थलों, शहीद स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व और नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिमाओं की साफ-सफाई कराकर माल्यार्पण किया गया। अभियान के दौरान शहीद झंडा चबूतरा, शहीद उद्यान सुंदरलाल गुप्त, सभागार स्थित काकोरी कांड के शहीदों एवं स्व. रामनरेश त्रिपाठी की प्रतिमा, सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, शहीदों और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिकोनिया पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण हुआ। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने लोगों से घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को सुबह 11 बजे तिकोनिया पार्क से वृहद तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा, जगजीत सिंह छंगू, डा. सीताशरण त्रिपाठी, जिला महामंत्री अयोध्या वर्मा, संदीप सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष रीना जायसवाल, रमेश सिंह टिन्नू, गिरीश कुमार मिश्र, दिनेश चौरसिया, मनीष जायसवाल, अरविंद यादव, विजय जायसवाल, प्रवीण मिश्र, रणजीत सिंह संत, रवि अग्रहरि और प्रदीप जायसवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशासन व पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नगर क्षेत्र में यात्रा निकालकर दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश**

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**



तिरंगा यात्रा में शामिल एसपी चारु निगम व अन्य

स्वतंत्रता दिवस के पहले राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तिकोनिया पार्क से तिरंगा यात्रा निकाली गई।तिरंगा यात्रा को एसपी चारु निगम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के तिकोनिया पार्क में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर तिरंगा यात्रा की शुरूआत की।तिरंगा यात्रा को एसपी चारु निगम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।तिरंगा यात्रा तिकोनिया पार्क से निकलकर बस अड्डा होते हुए कुड़वार नाका तक गई।कुड़वार नाका से वापस लौटकर यात्रा तिकोनिया पार्क में समाप्त हुई।स्वतंत्रता दिवस के पहले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रभक्ति,देश की एकता,अखंडता व राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया।आजादी के पर्व को मनाने के लिए जिलेवासियों के साथ प्रशासन भी तैयारी में जुटा हुआ है।इस मौके पर एडीएम प्रशासन रत्न प्रिया, एसडीएम सदर गरिमा सैनिकिया,एएसपी वृज नारायण सिंह, सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह,नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा सहित पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में माली की मौत, इको स्पोर्ट कार कब्जे में

**समृद्धि न्यूज़, अखंडनगर, सुल्तानपुर।** थाना अखंडनगर क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब एक बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भेलहरा के पास सड़क हादसे में एक माली की मौत हो गई। एक्सप्रेसवे पर काम कर रहे माली को आजमगढ़ की ओर से आ रही इको स्पोर्ट कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल माली को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के दलपतपुर निवासी राम किशोर के रूप में हुई है। वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर माली का काम करता था। बुधवार दोपहर भेलहरा के पास एक्सप्रेसवे पर काम करने के दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद राम किशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# गनपत सहाय महाविद्यालय में 'नारी : नये युग में' विषय पर संगोष्ठी



**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**

गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को 'नारी : नये युग में' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय 'बजरंगी' के मार्गदर्शन और प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंग्रेज सिंह राणा की अध्यक्षता में हुआ। शुभारंभ अतिथियों एवं प्राचार्य ने मां सरस्वती, श्री अरविंदो एवं श्रीमां की प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगीत विभाग ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. जे.पी. सिंह ने 'श्री अरविंदो के दर्शन में नारी का स्थान' विषय पर विचार रखते हुए कहा कि महर्षि अरविंद के चिंतन में नारी केवल समाज का एक अंग नहीं, बल्कि शक्ति, चेतना और आध्यात्मिक रूपांतरण का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि नये युग में नारी की भूमिका और अधिक सशक्त हुई है। विशिष्ट अतिथि श्री अरविंदो सोसाइटी के अध्यक्ष अधिवक्ता बजरंग बहादुर सिंह ने ध्यान कराया और मानसिक शांति व आत्मचेतना के महत्व पर प्रकाश डाला। सोसाइटी के सदस्य ज्ञान प्रकाश यादव ने भी नारी सशक्तीकरण पर विचार रखे। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैचारिक परिपक्वता और सामाजिक चेतना विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि ने किया। अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# तिरंगा यात्रा के शेड्यूल को लेकर भाजपा में विवाद

**जिला महामंत्री के खिलाफ नारेबाजी**

**समृद्धि न्यूज़, लम्भुआ, सुलतानपुर।**

सर्वोदय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं की ओर से बुधवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा के शेड्यूल को लेकर भाजपा में विवाद सामने आया।

यात्रा समाप्त होने के बाद चौकिया चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश सिंह अंगद के समर्थकों ने भाजपा जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक विजय त्रिपाठी के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

सर्वोदय इंटर कॉलेज से शुरू हुई तिरंगा यात्रा लम्भुआ बाजार होते हुए दियरा रोड से गुजरी और वापस कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में विधायक सीताराम वर्मा, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, संजीव पांडेय, हरिओम, प्रधानाचार्य गुलाब सिंह समेत शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। विरोध कर रहे समर्थकों का आरोप था कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा को चौकिया चौराहे पर स्थित शहीद वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और राष्ट्रगान के बाद कॉलेज लौटना था, लेकिन यात्रा को दियरा चौराहे से ही मोड़कर सीधे कॉलेज ले जाया गया। इससे चौकिया चौराहे पर कार्यक्रम के लिए की गई तैयारियां प्रभावित हुईं।

# मेडिकल कॉलेज में निकली तिरंगा यात्रा, छात्रों ने लिया एकता का संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**



तिरंगा यात्रा में शामिल चिकित्सक

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, जागरूकता रैली और तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा ने किया। महाविद्यालय परिसर में निकाली गई तिरंगा रैली में संकाय सदस्य, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सक, अधिकारी-कर्मचारी तथा एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा ने संकाय सदस्यों, चिकित्सकों, कर्मचारियों और एमबीबीएस विद्यार्थियों को तिरंगे वितरित किए। सभी ने राष्ट्रध्वज के सम्मान के साथ देश की एकता, अखंडता और गौरव बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश के गौरव, एकता और देशभक्ति का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान नागरिकों में राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने सभी से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। रैली के दौरान पूरे महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का माहौल रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, एसआर, जेआर, कर्मचारी और एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 12 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रचार वाहन रवाना



**प्रतापगढ़।** आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं जन-जागरूकता के लिए जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कमल पाण्डेय ने 'न्याय रथ' प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई। यह वाहन कुंडा और लालगंज तहसील क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोगों को लोक अदालत के फायदों की जानकारी देगा। न्यायाधीश ने कहा कि जनपद न्यायालय, कुंडा, लालगंज, पट्टी ग्राम न्यायालय व सभी राजस्व अदालतों में होने वाली इस लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने पुराने विवादों को आपसी सहमति से खत्म कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर जिला जज राजीव रंजन, हेमंत कुमार, राम लाल द्वितीय, पॉक्सो कोर्ट जज आतिफ समीम, सीजेएम कुमुद उपाध्याय, प्राधिकरण सचिव शांभवी द्वितीय, न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रतिनिधि और पीएलवी उपस्थित रहे।

### यूपी में बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे प्रमोद सहवाग

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन को जमीनी और बूथ स्तर पर मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (अखिल भारतीय कांग्रेस समिति) के पर्यवेक्षक प्रमोद सहवाग प्रतापगढ़ पहुंचे। मीरा भवन स्थित लीला पैलेस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' की विस्तृत जानकारी दी और जिला अध्यक्ष पद के लिए इच्छुक कार्यकर्ताओं को आवेदन पत्र बांटे। प्रमोद सहवाग ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व–राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सांसद प्रमोद तिवारी, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' के निर्देश पर प्रदेश भर में संगठन को मजबूत करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन सृजन केवल पदों को बांटने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं और चुनावी अनुभव रखने वाले साथियों के साथ मिलकर एक मजबूत ढांचा तैयार करने का अभियान है। इसके तहत जिला, नगर, ब्लॉक, मंडल और वार्ड स्तर पर सभी वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों और चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### सट्टेबाजी गिरोह पर पुलिस का शिकंजा

**प्रतापगढ़।** ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुंडा पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर दुखिया चौराहे से दबोचे गए आरोपी के पास से 9 बैंक पासबुक, 4 चेकबुक, 3 क्यूआर कोड और एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम से फर्जी या बेनामी बैंक खाते खुलवाता था। खातों में आरोपी अपना मोबाइल नंबर जुड़वा देते थे और पासबुक व चेकबुक अपने कब्जे में ले लेते थे। इन्हीं बैंक खातों और क्यूआर कोड के जरिए सट्टेबाजी की रकम का लेनदेन किया जाता था। इससे पहले 7 अगस्त को पुलिस ने इस गिरोह के एक अन्य सदस्य सौरभ सिंह को गिरफ्तार किया था, जिसकी पूछताछ के आधार पर शैलेन्द्र की गिरफ्तारी हुई है।

# चेयरमैन विवेक सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, भाजपा कार्यकर्ता व विद्यालयों के छोटे बच्चों की रही उपस्थिति**

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**



देश को अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलवाने के लिए अपनी हंसते-हंसते जान गंवाने वाले अमर स्वतंत्रता शहीदों के शौर्य पराक्रम व बलिदान के सम्मान में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के कुशल नेतृत्व व भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के मार्गदर्शन में ब्लॉक मुख्यालय परिसर में स्थापित पूर्व विधायक स्व. गजाधर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि से विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। तिरंगा यात्रा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक परिसर से डीजे पर देश भक्ति गीतों के मधुर ध्वनि के बीच लोगों के हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए देश भक्ति नारों से गुंजायमान करते हुए राजकीय इंटर कालेज मार्ग से कस्बा डीह के कई मोहल्लों से होते हुए रामलीला मैदान स्थित शहीद स्तंभ पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर समापन किया गया। यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, भाजपा कार्यकर्ता व विद्यालयों के छोटे-छोटे बच्चों की उपस्थिति रही। वहीं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा देश को अंग्रेजों की गुलामी से अपनी जान हंसते-हंसते बलिदान देकर आजाद करवाने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित किया और विशाल तिरंगा यात्रा निकलवाने में अथक सहयोग देने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी व पूर्व प्रधान रंजीत सिंह का आभार व्यक्त किया।

## पेड़ की डाल से लटका मिला किशोरी का शव

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।** घर से कुछ दूरी पर बाग में किशोरी का शव पेड़ की डाल में दुपट्टे के सहारे लटका मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ विधिक कार्यवाही शुरू की। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के राम नगर कोट गांव से जुड़ा है।जंहा बुधवार को गांव निवासी मोनी उर्फ प्रिया (15) पुत्री उदयराज निषाद का शव गांव के बाहर पेड़ में दुपट्टे के सहारे लटका मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम सहित उच्च अधिकारियों को सूचना दी।सूचना पर फारेंसिक टीम के साथ सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतका पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी।जो बीते चार पांच सालों से किसी अज्ञात बीमारी से जूझ रही थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**समृद्धि न्यूज, शिवगढ़-रायबरेली।**

थाना क्षेत्र के गुमावा चौकी अन्तर्गत दीना का पुरवा मजरे सीवन में मंगलवार की दोपहर लगभग 2 बजे एक विवाहिता का शव उसके घर के अंदर धन्नी में साड़ी के सहारे लटका मिला। खेत में काम कर रहे सास-ससुर ने घर पहुंचकर शव को उतरवाकर देखा तो मृत्यु हो चुकी थी। तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि दीना का पुरवा मजरे सीवन में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की पूछताछ में ससुर रामकृष्ण यादव ने बताया कि घर में सब कुछ ठीक था। वह अपनी पत्नी केवला के साथ खेत गया था, छोटा बेटा विनोद बहन के घर गया था। मृतका का 9 वर्षीय बेटा युवराज कोटवा स्कूल पढ़ने गया था। वे लोग जब खेतों से घर लौट कर आये तो कमरे में धोती से फांसी का फंदा लगाकर बहू लटकी हुई थी, तत्काल उसको नीचे उतरवाया तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मृतका नीलम के ससुर रामकृष्ण यादव ने बताया कि उनके दो बेटे हैं मनोज व विनोद दोनों दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। मनोज का विवाह 13 वर्ष पहले अमेठी जिला के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सातन का पुरवा गांव में नीलम के साथ किया था।

# प्राथमिक विद्यालय में संदिग्ध खाद्य पदार्थ खाने से 4 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**



जिले के पट्टी स्थित प्राथमिक विद्यालय पट्टी प्रथम में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब कक्षा तीन में पढ़ने वाले चार छात्रों की संदिग्ध खाद्य पदार्थ खाने से अचानक तबीयत बिगड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, पढ़ाई के दौरान एक छात्र अपने घर से कुछ खाद्य पदार्थ लेकर आया था और उसने इसे अपने सहपाठियों के साथ साझा किया। इसे खाने के कुछ ही देर बाद चारों बच्चों को तेज उल्टी और बेचैनी की शिकायत होने लगी। विद्यालय परिसर में मची अफरा-तफरी के बीच शिक्षकों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी प्रभावित बच्चों को तत्काल नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीन छात्रों–आर्यन, मयंक और प्रिंस–की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया, जबकि चौथे छात्र आदर्श का उपचार स्थानीय स्तर पर ही किया गया। घटना की खबर फैलते ही बच्चों के परिजन चिंतित होकर अस्पताल पहुंच गए।

# डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा को किया रवाना

**लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राजकीय इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने भी हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा में सहभागिता की। तिरंगा यात्रा में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, वैदिक इंटर कॉलेज एवं आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसके साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने भी अनुशासित ढंग से यात्रा में सहभागिता की। यात्रा में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर जिला अस्पताल, खालसा चौक, सुपर मार्केट, घंटाघर, कोतवाली एवं कचहरी होते हुए पुनः राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया।

## सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पड़ी भारी

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के विरुद्ध कथित रूप से अशोभनीय व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आसपुर देवसरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रविशंकर निषाद (46) स्थानीय थाना क्षेत्र का ही निवासी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था, जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। आरोप है कि इस दौरान जब शिकायतकर्ता ने इस आपत्तिजनक सामग्री का विरोध किया, तो आरोपी द्वारा उसे धमकी भी दी गई।

# संग्रामपुर में पंच सम्मेलन, रोजगार व आजीविका योजनाओं की दी गई जानकारी



**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को विकासखंड सभागार, संग्रामपुर में पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम पंचायत सचिवों ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार एवं प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह (टोन्टी) ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इसका लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार, एडीओ पंचायत लाल शशिकांत सिंह, सचिव मिथिलेश कुमार, अजीत, सुनील समेत क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।**




स्वतंत्रता दिवस से पहले अमेठी में देशभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। प्रधानमंत्री के आह्वान पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नेता महेश सोनी के नेतृत्व में बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा जिला कार्यालय से शुरू होकर पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए पुनः कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान हजारों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में रिटायर्ड सेना के अधिकारी व जवान, टीकरमाफी संस्कृत पाठशाला के सैकड़ों विद्यार्थी, सेपियन स्कूल के बच्चे, बड़ी संख्या में महिलाएं, व्यापारी और युवा शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल तथा भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू भी मौजूद रहे। महेश सोनी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा यह यात्रा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम है। यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ गौरीगंज बाईपास से यातायात डायवर्ट किया गया। इस अवसर पर सुशील जायसवाल, राहुल लोहिया, हिमांशु अग्रवाल, हिमांशु अग्रहरि, रमाशंकर जायसवाल, ओमप्रकाश वैश्य, विनोद बरनवाल, संदीप अग्रहरि, कमल अग्रहरि, मीनू कश्यप, परिक्रमा कनौजिया, अनुज सिंह, अनुराग सिंह, अंबुज तिवारी, रवि सिंह, अजय तिवारी, हिमांशु मिश्रा, हिमांशु कसौधन, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने सकरौली (भाटन का पुरवा) गांव में छापेमारी कर अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के बड़े धंधे का पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में गैस सिलिंडर, रिफिलिंग उपकरण और दो गाड़ियां जब्त की हैं। मंगलवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस और पूर्ति विभाग ने मजिस्ट्रेट (नायब तहसीलदार सदर) की मौजूदगी में सतीश मिश्रा के घर पर छापा मारा।

जांच के दौरान मौके पर खड़ी दो गाड़ियों से 80 भरे हुए घरेलू गैस सिलिंडर बरामद हुए।

# एड्स जागरूकता अभियान का शुभारंभ 80 टीबी मरीजों को मिला पोषण सहयोग




**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।**

जनपद में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को जिला चिकित्सालय अमेठी से दो माह तक चलने वाले विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी, अडानी सीमेंट फैक्ट्री के प्रबंधक सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स से बचाव, समय पर जांच, उपचार तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अडानी सीमेंट फैक्ट्री के सहयोग से 80 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।

# एचपीवी टीकाकरण को लेकर अभियान चलाने का आह्वान

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।




सर्वाइकल कैंसर से बचाव और किशोरियों में मानव पेपिलोमा वायरस संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के सभागार में बुधवार को सभासदों की जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में 13 से 14 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने और अभिभावकों को प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की टीम का नेतृत्व जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी जितेंद्र कुमार और तालग्राम के चिकित्सा अधीक्षक कुमारिल मैत्रेय ने किया। टीकाकरण निःशुल्क, सहमति अनिवार्य जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने सभासदों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण मानव पेपिलोमा वायरस है। यह ऐसा कैंसर है जिसकी रोकथाम टीकाकरण के माध्यम से की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 14 वर्ष की आयु की वे बालिकाएं पात्र हैं जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं। अभियान की अवधि में 15 वर्ष की होने वाली पात्र बालिकाओं को भी निर्धारित अवधि में टीकाकरण का अवसर दिया गया है। जितेंद्र कुमार ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पिछले कई वर्षों से उपलब्ध है, लेकिन इसकी पहुंच मुख्य रूप से निजी स्वास्थ्य क्षेत्र तक सीमित रही है। निजी क्षेत्र में इसकी लागत काफी अधिक होने के कारण प्रत्येक परिवार के लिए इसे लगवाना आसान नहीं था। सरकार द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराने का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं तक टीकाकरण की सुविधा पहुंचाना है।

उन्होंने सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में अभिभावकों से संपर्क कर एचपीवी टीकाकरण के संबंध में सही जानकारी दें और बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीकाकरण स्वैच्छिक है और अभिभावक या संरक्षक की सहमति अनिवार्य है।

नगर पालिका चलाएगी वार्डवार अभियान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कहा कि नगर पालिका द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वार्डवार जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सभासदों की सक्रिय भागीदारी से अभिभावकों तक जानकारी पहुंचाई जाएगी और आवश्यकता के अनुसार जागरूकता एवं टीकाकरण शिविर आयोजित कराने में सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र बालिका जानकारी के अभाव में इस महत्वपूर्ण टीकाकरण से वंचित न रहे।

## ब्राइट टैक्स बार एसो. की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**कन्नौज।** ब्राइट टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को शुभ पैलेस में हुआ। अपर आयुक्त ग्रेड-1 इटावा एसपी राव दीक्षित ने अध्यक्ष निशांक जैन, उपाध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, सचिव अनुज चतुर्वेदी समेत अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अधिवक्ताओं और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिया। समारोह में अपर आयुक्त राकेश कुमार, राजवर्धन सिंह, पूर्व एमएलसी पुष्पराज जैन सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। विभाजन विभीषिका दिवस पर अधिकारियों ने अधिवक्ताओं व व्यापारी प्रतिनिधियों को तिरंगे वितरित कर घर-कार्यालय पर ध्वजारोहण की अपील की गई।

अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पद एवं गोपनीयता का संकल्प

# पीएलवी प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण-पत्र



समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) का पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार झा ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि पीएलवी समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्हें गरीब और वंचित लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए। सचिव पौमेला श्रीवास्तवा ने बताया कि प्रशिक्षण में घरेलू हिंसा, बाल विवाह निषेध, एफआईआर प्रक्रिया, लोक अदालत और निशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई।

# दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में पावन रुद्राभिषेक संपन्न

- रुद्राभिषेक केवल एक पूजा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और समाज कल्याण का माध्यमः सुधीर दीक्षित

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।



पंडित आदित्य मनोहर पाठक के द्वारा दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ पावन रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। इस धार्मिक आयोजन में डॉक्टर सुधीर दीक्षित, प्राची दीक्षित, शैलेश दीक्षित, अतुल गुप्ता, सुधा गुप्ता, ब्रह्मेंद्र मिश्रा, रोहित मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्य एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई। वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया और हर हर महादेव, नमः शिवाय के जयकारों से परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर सुधीर दीक्षित ने कहा कि रुद्राभिषेक केवल एक पूजा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और समाज कल्याण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है कि वे सभी रोगियों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें और हमारे चिकित्सालय से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। नेत्र चिकित्सालय का उद्देश्य केवल उपचार करना ही नहीं, बल्कि मानवता की सेवा कर ईश्वर की कृपा प्राप्त करना भी है। आज के रुद्राभिषेक से हमें नई ऊर्जा और संकल्प मिला है कि हम पूरी निष्ठा से मरीजों की सेवा करते रहें। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

# कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नेहरू कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति से जुड़ी आकर्षक रंगोलियां बनाईं। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर डॉ. बबीता यादव, प्रोफेसर डॉ. उदय प्रताप सिंह एवं डॉ. राजीव कुमार शामिल रहे।

प्रतियोगिता में तान्या पाठक एवं चेतन शुक्ला ने प्रथम, साक्षी एवं सौम्या ने द्वितीय तथा गरिमा सक्सेना, जानवी, पलक शर्मा एवं आकांक्षा यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जयवीर सिंह के निर्देशन में



राष्ट्रीय पर्व समारोह समिति के संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सर्वेश कुमार ने कराया। समिति के सदस्य मनीष कुमार, डॉ. रवि प्रताप सिंह चौहान, जितेंद्र बाबू तथा एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंदिर जाने वाला रास्ता बदहाल, ग्रामीण परेशान

- जगह-जगह गंदगी और कूड़ा जमा होने से आवागमन बाधित
- कर्मचारी के पहुंचने पर स्थानीय लोग उन्हें नहीं करने देते कार्य

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।



विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कमालपुर में मंदिर जाने वाले रास्ते की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर तक जाने वाला रास्ता काफी संकरा है। जगह-जगह गंदगी और कूड़ा जमा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों कांवड़िये भी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में उन्हें भी गंदगी और संकरे रास्ते से होकर मंदिर तक जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बंद पड़े रास्ते को खुलवाने, उसकी चौड़ाई बढ़ाने और नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों के आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गांव में किसी कार्य के लिए कर्मचारी या अन्य लोग पहुंचते हैं तो स्थानीय लोग उन्हें कार्य नहीं करने देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही विकास कार्य बेहतर तरीके से कराए जा सकते हैं। ग्रामीण राजवीर, देवानंद, सूरजपाल, दिनेश सक्सेना, आदेश सक्सेना, अरुण सक्सेना, विशाल सक्सेना, विकास, विक्की, रीना, अंगूरी देवी और उमा सहित अन्य लोगों ने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### कीटनाशक दवा खाने से युवक की मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के नगला टीका गांव में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। नगला टीका निवासी जयपाल यादव का 32 वर्षीय पुत्र देवेंद्र दिल्ली की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह दिल्ली से घर लौटा था। घर पहुंचने के बाद किसी घरेलू बात को लेकर उसका पत्नी शीला यादव से विवाद हो गया। विवाद के बाद उसने खाना-पीना छोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे देवेंद्र ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। देवेंद्र की मौत से पत्नी शीला यादव और मां मुन्नी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चार बच्चों सेजल, दिव्यांशी, संध्या और हर्षित के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के बाद गांव में भी शोक की लहर है।

### रास्ता बंद करने के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम बहबलपुर में करीब 100 वर्ष पुराने आम रास्ते को जेसीबी से खुदवाकर गहरे गड्ढे में तब्दील किए जाने के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों के साथ छोटे-छोटे बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गहरे गड्ढे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कुछ दिन पूर्व गंगेश्वर नाथ मंदिर के पास तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल रास्ता खुलवाने और गड्ढों को भरवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि हादसा होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में सत्यवती नागर, सत्यप्रकाश नागर, बॉबी जाटव, दिलीप नागर, रामरतन नागर, शोभाराम नागर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से कोचिंग जा रही तीन छात्राएं घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पश्चिमी बाईपास पर बुधवार को साइकिल से कोचिंग जा रही तीन छात्राएं अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गईं। हादसा कनक गेस्ट हाउस के पास हुआ। राहगीरों ने तीनों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगाई निवासी दीपू प्रजापति की 14 वर्षीय पुत्री दीपिका प्रजापति, ग्राम खल्ला रूप मंगदपुर निवासी शैलेंद्र सक्सेना की 15 वर्षीय पुत्री संध्या सक्सेना और इसी गांव के संजू यादव की 15 वर्षीय पुत्री प्राची साइकिल से कोचिंग जा रही थीं। तीनों सुखराम सिंह कुसुमलता इंटर कॉलेज की छात्राएं हैं। बताया गया कि पश्चिमी बाईपास स्थित कनक गेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही बेवर की ओर से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से तीनों साइकिलों में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्राएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।



## रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर 12वें दिन भी धरना

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के नेतृत्व में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन बुधवार को 12वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता चालू कराने की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि प्रशासन मामले को लगातार टाल रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर गुरुवार से पांच लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। इनमें बॉबी जाटव, रामकिशन नागर, श्रीकृष्ण, प्रेमचंद यादव और रामरतन नागर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक रास्ता चालू नहीं कराया जाएगा, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। धरना प्रदर्शन में रामरतन नागर, प्रेमचंद नागर, रामशरण नागर, सत्यप्रकाश, भगवद्दयाल, लालबाबू, उदयवीर यादव, शिवराज यादव और आशाराम यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सैनिक वाहन धुलाई केंद्र व समोसे की दुकान में चोरी

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम उधन्नापुर ककरैया के पास स्थित सैनिक वाहन धुलाई केंद्र व समोसे की दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना बुधवार सुबह सामने आई। दुकान मालिक मोहल्ला ककरिया निवासी सतीश चंद्र पाल पुत्र कामता प्रसाद ने बताया कि सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।सतीश चंद्र पाल के मुताबिक चोर एक अल्टरनेटर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, दो बैटरी, करीब पांच किलो पीतल का टिल्लू पंप और लगभग 60 मीटर केबल चोरी कर ले गए। इसके अलावा सौर ऊर्जा प्लेट के तार काटकर ले गए। दुकान की गोलक में रखे करीब पांच हजार रुपये तथा उनके नाती श्रेयांश की गोलक में रखी नकदी भी चोरी हुई है। दुकान मालिक ने बताया कि चोरी से करीब 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बुधवार शाम चार बजे घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# जिला कारागार में निकली तिरंगा रैली, दिया संदेश

- घासीपुरवा, सियरमऊ गांव होकर जेल परिसर में पहुंची तिरंगा रैली



बाइक पर सवार होकर तिरंगा रैली निकालते जेल अधिकारी व कर्मचारी

समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।

ब्लॉक क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ के नेतृत्व में बुधवार को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कारागार के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कारागार परिसर के भीतर तिरंगा रैली निकालकर की गई। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे उत्साह और गौरव के साथ परिसर में भ्रमण करते रहे। रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। इसके बाद कारागार परिसर से मोटरसाइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। राष्ट्रीय ध्वज से सुसज्जित मोटरसाइकिलों पर सवार अधिकारी और कर्मचारी कारागार परिसर से रवाना होकर ग्राम घासीपुरवा होते हुए सियरमऊ तक पहुंचे। वहां से रैली पुनः जिला कारागार परिसर में वापस आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर, दस मीटर तक घसीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आंधे मोड़ के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस बाइक को करीब दस मीटर तक घसीटती हुई ले गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालने के साथ जाम खुलवाने का प्रयास किया। हादसे के कारण काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना में बाइक सवार के घायल होने की जानकारी सामने आई है, हालांकि उसकी स्थिति के संबंध में तत्काल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।

# तिरंगा यात्रा को लेकर जनसंपर्क तेज, जीतू तिवारी ने की अपील



समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।

छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के नगर गुरसहायगंज में प्रस्तावित भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से जीतू तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान लोगों से तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। आयोजकों का कहना है कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। यात्रा में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नगरवासियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा नगर के इतिहास की सबसे बड़ी और भव्य यात्रा होगी। हमारा उद्देश्य हर घर तक तिरंगे का सम्मान पहुंचाना और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। इस यात्रा के माध्यम से हम शहीदों को नमन करेंगे और आने वाली पीढ़ी को देश के प्रति समर्पण का संदेश देंगे। मैं नगर के सभी व्यापारी भाइयों, सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं और मातृशक्ति से अपील करता हूं कि वे हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल हों और इसे सफल बनाएं। जनसंपर्क अभियान में धर्मेंद्र कौशल, संजय तिवारी, विलियम त्रिपाठी, धर्मेंद्र गुप्ता, प्रिंस द्विवेदी, गोपाल दीक्षित, हर्षित त्रिवेदी, अरुण पांडे, राजा तिवारी, पिंटू कठेरिया, ऋषि राजपूत, पंकज अग्निहोत्री समेत अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक जुटे रहे। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में नगर के अन्य क्षेत्रों में भी व्यापक जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा।

# स्वयंसेवकों ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे वंदे मातरम् के नारे



समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र गुगरापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज, चांदापुर रघुराजनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के उपनिदेशक डॉ. अभिषेक शेखर ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। तिरंगा यात्रा में एनएसएस की छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर परिसर एवं आसपास के मार्गों पर भ्रमण किया। यात्रा के दौरान वंदे मातरम् और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। छात्राओं ने वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति, डॉ. पल्लवी यादव सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था।

# तिरंगे के सम्मान में सड़कों पर उतरा कन्नौज, निकाली बाइक रैली

- डीएम ने कलेक्ट्रेट से दिखाई हरी झंडी
- तिरंगे के साथ निकले अधिकारी-कर्मचारी

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।



'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को कन्नौज में भव्य बाइक रैली निकाली गई। राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित रैली को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा लेकर बाइक सवारों के शहर की सड़कों से गुजरने पर माहौल देशभक्ति से सराबोर नजर आया। रैली में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्र सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने स्वयं बाइक चलाकर नेतृत्व किया। कलेक्ट्रेट से शुरू हुई रैली नगर पालिका, मकरंदनगर तिराहा होते हुए राजकीय संग्रहालय पहुंची। रास्ते में लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया गया। बाइक रैली में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक, आपदा मित्र, मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता की। कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर अधिकारियों और प्रतिभागियों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

इस दौरान लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील भी की गई। डीएम ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और वीरों के बलिदान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व और गौरव से जोड़ने का अवसर है। उन्होंने जिलेवासियों से अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं और आमजन में देशभक्ति, अनुशासन तथा सामाजिक सहभागिता की भावना को और मजबूत करते हैं। इस अवसर पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला विकास अधिकारी राजकुमार लोधी, बीएसए संदीप कुमार, डीआईओएस पप्पू सरोज समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रथम बैच का एफएलएन प्रशिक्षण सत्र पूर्ण



समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

ग्लोबल एजुकेशन सेंटर, फर्रूखाबाद रोड में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण के प्रथम बैच का प्रशिक्षण सत्र आज सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। सत्र के अंतिम दिन प्रशिक्षार्थियों के समूहों द्वारा डेमो सत्र का आयोजन किया गया। इसके पश्चात ऑनलाइन काहूट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सभी प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि गुप्ता (प्राथमिक विद्यालय सराय दायमगंज), द्वितीय स्थान ज्योति तोमर (कम्पोजिट विद्यालय मनिकापुर) तथा तृतीय स्थान आरती (प्राथमिक विद्यालय आदर्श डायट) ने प्राप्त किया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता अर्चना चतुर्वेदी, योगेश यादव, राजेश गौतम, अच्युत त्रिपाठी, सुशील दुबे, हेमंत कुमार, अमन दुबे, जितेंद्र सिंह, रामेन्द्र राजपूत सहित समस्त प्रशिक्षणदाता अध्यापक उपस्थित रहे।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, गुगरापुर कन्नौज

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय जिलाधिकारी जनपद कन्नौज के आदेश पत्रांक/ एस.एस.ए./4554-59/2025-26 दिनांक 09.10.2025 द्वारा वि.ख. गुगरापुर में संचालित विद्यालयों में जर्जर कुल 03 विद्यालयों की नीलामी अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सहायक एवं वित्त लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा जनपद कन्नौज एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुगरापुर की समिति द्वारा स्थान कार्यालय खण्ड शिक्षा विकास वि.ख. गुगरापुर में दिनांक 17.08.2026 को नीलामी की जानी है। अतः संग्लन सूची अनुसार जर्जर कुल 03 विद्यालयों की नीलामी समिति द्वारा दिनांक 17.08.2026 को खण्ड शिक्षा अधिकारी वि.ख. गुगरापुर में की जाएगी। नीलामी संबंधित जानकारी निविदादाता/ठेकेदार ब्लॉक संसाधन केंद्र गुगरापुर से नीलामी दिनांक 17.08.2026 तक प्राप्त कर सकते है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**वि.ख.- गुगरापुर, कन्नौज।**

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण, राहत कार्यों का लिया जायजा



बच्चों को लंच पैकेट वितरित करती डीएम

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने तहसील सदर के विकासखण्ड बढ़पुर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम दिलीप की मड़ैया एवं धौली की मड़ैया का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री समय से उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा ग्रामीणों को आवश्यकतानुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों की टीमें पूरी तरह सक्रिय रहें। डीएम ने बच्चों को कुक्ड फूड वितरित किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ग्रामवासियों के बाढ़ के पानी के तेज बहाव से कट गए हैं उन्हें तत्काल शासन द्वारा जारी सहायता राशि बैंक खातों में उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही बाढ़ के पानी के कटाव के कारण अपने आशियाने को खोने वाले ग्रामीणों की सूची तैयार कर उन्हें आवासीय पट्टे निर्गत करने हेतु पत्रालेख तैयार करने। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है तथा किसी भी प्रभावित परिवार को आवश्यक राहत एवं सहायता से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, तहसीलदार सदर विक्रम सिंह चौहान सहित अन्य संबंधित राजस्व एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने पांचालघाट का भी किया निरीक्षण

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** सावन माह में गंगा घाटों पर उमड़ने वाली शिवभक्तों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन और सुदृढ़ यातायात एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध पांचालघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आला अधिकारियों ने गंगाजी के तट और उसके आसपास के क्षेत्रों का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती की स्थिति को परखा। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि कावड़ियों और आम श्रद्धालुओं को जल भरने या स्नान करने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। घाट और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सावन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जाम की स्थिति से निपटने और सुचारू यातायात के लिए रूट डायवर्जन और पार्किंग की उचित व्यवस्था। घाटों पर गोताखोरों की तैनाती और पुलिस बल द्वारा लगातार गश्त। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये।

# छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले बुधवार को कस्बा अमृतपुर में देशभक्ति का उत्साह देखते ही बना। दयानंद इंटर कॉलेज से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों के साथ पूरा यात्रा मार्ग भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ दयानंद इंटर कॉलेज से हुआ। यात्रा फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग से होते हुए कस्बे के विभिन्न हिस्सों से गुजरी। बड़ी संख्या में दयानंद इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। तिरंगों से सजा यात्रा मार्ग लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। यात्रा में विधायक सुशील कुमार शाक्य, भाजपा नेता भास्कर दत्त द्विवेदी, मण्डल महामंत्री विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू, डॉ0 युवराज सिंह, ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी, करुणेश सिंह, शिव कुमार चौहान, ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी, आलोक बाजपेई, सौरभ मिश्रा, जितेंद्र सिंह, मोनू सोलंकी, अनुभव चित्रांश, सुमित अवस्थी,प्रिंस चौहान, करुणेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। यात्रा मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही और सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ी। तिरंगा यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए वापस दयानंद इंटर कॉलेज स्थित शहीद स्मारक पहुंची। यहां यात्रा का समापन किया गया। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

# साराभाई की जयंती पर हुई रोबोटिक्स कार्यशाला



कार्यक्रम में मौजूद छात्र

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम के जनक व इसरो के संस्थापक महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई की जयंती पर विज्ञान भारती फर्रुखाबाद-कन्नौज विभाग तथा आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में कानपुर की स्टेम इंफिनिटी लैब द्वारा जनपद के 10 विद्यालयों ज्ञान फोर्ट इन्नोवेटिव स्कूल, राजपूताना पब्लिक स्कूल, मदन मोहन कानोडिया बालिका इं. कॉलेज, रस्तोगी इं0 कॉलेज, स्वामी रामानंद बालिका इं. कॉलेज, महीयसी महादेवी वर्मा जीजीआईसी फतेहगढ़, सरस्वती विद्या मन्दिर इ. का. श्याम नगर, सरस्वती विद्या मन्दिर इ. का. फतेहगढ़, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, डॉ. बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन फतेहगढ में छात्र-छात्राओं में विज्ञान, प्रोद्योगिकी, गणित, शैक्षिक नवाचार के प्रति जागरूकता व रूचि बढ़ाने के लिए दो दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स, एआई प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, कोडिंग आदि का तकनीकी ज्ञान कानपुर से आये प्रशिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को दिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका पूनम शुक्ला, विज्ञान भारती के सचिव मनोज चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा, दीपिका राजपूत, संतोष त्रिपाठी, सुमन त्रिपाठी, ओम प्रकाश शुक्ला, उपाध्यक्ष विमल राठौर, उपाध्यक्ष संदीप राठौर, हिमांशु शुक्ला, मानसी तिवारी, नितिन राठौर, डॉ. विशाल अग्रवाल, रीता दुबे, निमिष गुप्ता, अंकित शुक्ला आदि की उपस्थिति में इन विद्यालयों में प्रतिभागियों को आईआईटी कानपुर की ओर से प्रमाणपत्र वितरित कर कार्यशाला का समापन किया गया।

# डीएम ने की 50 लाख एवं उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में 50 लाख रुपये एवं उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों सड़कों को छोड़कर की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे 50 लाख रुपये एवं उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों की विभागवार एवं परियोजनावार समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति, पूर्णता की स्थिति तथा कार्यों में आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में कार्य प्रगति धीमी है, उनमें आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए तथा कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। सी.एम. डैशबोर्ड पर पी.एम. सूर्यघर योजना, 108 एवं 102 एम्बुलेंस संचालन, जिला चिकित्सालय सी.टी. मशीन क्रियाशीलता, अण्डा उत्पादन, गौवंश सुपुर्दगी, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन की रैंकिंग में संबंधित अधिकारी सुधार लाएं, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# जेनेवा कन्वेंशन दिवस पर किया रक्तदान



कार्यक्रम में मौजूद डीएम व नर्सिंग छात्रायें

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस एवं जेनेवा कन्वेंशन दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा द्वारा समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं एवं कारगिल शहीदों को समर्पित रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर रहे। अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने भी दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

फिट इंडिया मूवमेंट, रक्तदान शिविर एवं मुफ्त मेडिकल कैंप में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्य सराहनीय हैं। सभी को श्रंखला बनाकर बराबर रक्त दान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो की जान बचाई जा सके। सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। सभापति शीश मेहरोत्रा ने जेनेवा कन्वेंशन दिवस पर कहा प्रथम जेनेवा कन्वेंशन दिवस है। यह हमें मानवता, करुणा और युद्ध में भी घायलों व आम नागरिकों की रक्षा का संदेश देता है। कार्यक्रम में उपसभापति डॉ. नावेद अलीम, अनुराधा सक्सेना, डॉ. अरविंद गुप्ता, कौशल्या गिरी, अमित सक्सेना एवं सचिव आकाश चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरी के माल सहित आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** चोरी की घटनाओं की रोकथाम/अनावरण व अपराध एंव अपराधियों एवं जिला बदर के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैपुरा मोड बसेली रोड पर आये कि करीब 100 मीटर पहले सड़क के किनारे झाडियों के पास से अभियुक्त अवनीश पुत्र राम जीत जाटव ग्राम सलेमपुर रतन थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 430 रुपये एवं एक पारदर्शी प्लास्टिकनुमा बोरी जिसमें नमकीन के 4 पैकेट, मैजिक ग्लूकोस बिस्कुट के 3 पैकेट, पारले जी बिस्कुट का 1 पैकेट, स्मूथ मिल्क टाफी के 2 डिब्बे, टकाटक स्नैक के 2 पैकेट, सेव नमकीन के 2 पैकेट, मोहिनी नमकीन के 2 पैकेट बरामद हुए। उपनिरीक्षक नीलम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 और 11 तारीख की रात को बघौना स्कूल के बाहर से खोखा की दुकान से चोरी की थी। उनमें से एक चोर चोरी किये हुये माल को कही बेंचने के लिये जा रहा था। ग्राम सैपुरा मोड बसेली रोड पर 100 मीटर पहले सड़क के किनारे झाड़ियों के पास से अभियुक्त अवनीश पुत्र राम जीत जाटव को गिरफ्तार किया था।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने की साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के सभी थानों में तैनात साइबर हेल्प डेस्क के कर्मचारियों के कामकाज और उनकी कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन करना था। समीक्षा बैठक के दौरान साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स, एनसीआरपी नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, जेएमआईएस, जीआरएम शिकायत निवारण तंत्र और एमआरएम की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने इन पोर्टल्स पर जनता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों, उनके निस्तारण की वर्तमान स्थिति और लंबित पड़े मामलों की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही, साइबर मामलों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए साइबर हेल्प डेस्क के कर्मचारियों को आवश्यक व सख्त दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### फ्लिपकार्ट रिफंड के नाम पर 70 हजार की साइबर ठगी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** ऑनलाइन शॉपिंग का रिफंड दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक दंपति को 70 हजार रुपये का चूना लगा दिया। ठगों ने मोबाइल ऐप और लिंक के जरिए बैंक खातों से रकम निकाल ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मोहल्ला नई बस्ती निवासी अनुज कुमार ने बताया कि करीब 3 हफ्ते पहले उन्होंने फ्लिपकार्ट से 400 रुपये की घड़ी ऑर्डर की थी। पसंद न आने पर उसे वापस कर दिया था। 27 जुलाई को अनुज के पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। सामने वाले ने खुद को फ्लिपकार्ट का कर्मचारी बताया और रिफंड के बारे में जानकारी मांगी। रिफंड न मिलने की बात पर आरोपी ने अनुज से एक ऐप डाउनलोड कराई और व्हाट्सएप पर लिंक भेज दिया। उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैंग हो गया इसके बाद अनुज के खाते से 20,000, 20,000, 19,999 और 100 रुपये कट गए। कुल मिलाकर 70,000 रुपये की ठगी हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# अभिभावक बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर रखें नजर: बीडीओ

**बच्चों पर कोई भी चीज थोपी न जाए: सचिन सिंह**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद/कमालगंज।**





बैठक में मौजूद अधिकारी

खण्ड विकास अधिकारी श्वेता कौशिक की अध्यक्षता में विकास खण्ड कमालगंज में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखें और बच्चों से बात करें। बच्चे को किसी के भरोसे न छोड़ें। सभी का दायित्व है कि बच्चों के कल्याण और संरक्षण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से उन्हें लाभान्वित कराएं। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने वर्तमान परिपेक्ष्य में बच्चों में बढ़ रहे मानसिक तनाव को लेकर चर्चा की और कहा कि आज बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक लाने, सोशल मीडिया एवं अन्य कारणों से मानसिक तनाव से ग्रस्त हो रहे हैं और कई बार गलत कदम उठा लेते हैं, जरूरत है कि बच्चों पर कोई भी चीज थोपी न जाए और अच्छे अंक लाने को बाध्य न किया जाए। उन्होंने बच्चों के अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल यौन शोषण से बच्चों को बचाने की जानकारी देते हुए उनके कल्याण हेतु उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की। खंड चिकित्सा अधिकारी सुधाकर माथुर ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव कराएं जिससे कि जच्चा और बच्चा का जीवन सुरक्षित हो सके एवं प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल में निःशुल्क बनाया जाता है। श्रम विभाग की योजनाओं से संबंधित जानकारी जीशान अंसारी ने दी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सीडीपीओ संगीता शुक्ला, हुकुम सिंह, प्रवीन गुप्ता, सुनील कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# परमार्थ संस्थान ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया भोजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



बाढ़ पीड़ितों को राशन वितरित करते केशव भान साध

परमार्थ संस्थान के अध्यक्ष केशवभान साध विगत दो दिन से हमेशा की तरह दिल्ली से जनपद आकर जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी से मुलाकात कर बाढग्रस्त इलाकों का सघन दौरा कर लोगों को भोजन उपलब्ध करवाया। बाढ़ का प्रकोप जारी है। केशव भान साध ने बताया कि लोगों की दिक्कत देखकर प्रशासन की डिमांड पर सोलर लाईट टार्च की पिछली बार की भांति बांटी जायेगी। बुधवार को भईयन मिश्रा, कोमल पांडे, संजय यादव आदि के साथ दिलीप की मड़ैया, दिलिप मड़ैया में जहा इस बार का सबसे ज्यादा मकानों का नुक्सान हुआ है वहां खाना बांटा गया। भईयन मिश्रा ने प्रशासन से मांग की कि इन बेघर हुये लोगों को तुरंत रहने के लिये जमीन का पट्टा दिया जाये। केशव भान ने बताया कि परमार्थ संस्थान की तरफ से जल्द दो तीन जगहों पर भट्ठी लगाकर लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जायेगा और जब तक लोगों को जरूरत है भोजन बनता रहेगा।

# स्वास्थ्य विभाग के लिपिकों ने खोला सीएमओ के खिलाफ मोर्चा

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत लिपिक संवर्ग ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया है। लिपिकों ने सीएमओ पर मानसिक उत्पीड़न, काम के नाम पर प्रताड़ित करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और बिना कारण वेतन रोकने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पूरे मामले का खुलासा शिकायती पत्र की प्रति से हुआ है। 11 अगस्त को लिखे गए पत्र में स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं, जिन्होंने एकजुट होकर उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए पत्र में लिपिकों ने अपनी प्रमुख समस्यायें रखी। लिपिकों का कहना है कि कार्यालय का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक है।

इसके बावजूद सीएमओ द्वारा कुछ कर्मचारियों को रात लगभग 12 बजे तक कैम्प कार्यालय में फाइलों पर हस्ताक्षर के लिए बुलाया जाता है और हैरानी की बात यह है कि बिना हस्ताक्षर किए ही उन्हें वापस भेज दिया जाता है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें अकारण पटल बदलने और डीओ पत्र लिखने की धमकी दी जाती है।

# विद्यार्थियों के तहसील पहुंचने पर हड़कंप, एसडीएम ने जताई नाराजगी

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**



बच्चों से वार्ता करती एसडीएम

उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरसिंहपुर, विकासखंड राजेपुर के कक्षा छह से आठ तक के करीब एक सैकड़ा छात्र-छात्राओं के बुधवार दोपहर अचानक तहसील मुख्यालय अमृतपुर पहुंचने से प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई। बच्चे उपजिलाधिकारी कार्यालय के समीप पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करने लगे। विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम राठौर के समर्थन में नीलम मैम जिंदाबाद के नारे लगाए। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब उपजिलाधिकारी अमृतपुर श्वेता साहू को जानकारी मिली कि बड़ी संख्या में बच्चों को ट्रैक्टर से तहसील लाया गया है। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह बच्चों को ट्रैक्टर से लाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने मामले में लापरवाही बरतने तथा बच्चों को गुमराह कर जोखिम में डालने वाले लोगों के खिलाफकार्रवाई के निर्देश दिए। बच्चों का कहना था कि उन्हें किसी ने जबरदस्ती तहसील नहीं लाया, बल्कि वे अपनी इच्छा से यहां आए हैं। विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम राठौर के समर्थन में नारेबाजी की। बच्चों ने ग्राम प्रधान पर प्रधानाचार्य को कथित रूप से ब्लैकमेल करने का आरोप भी लगाया। प्रशासन द्वारा मामले की वास्तविक स्थिति की जांच कराई जा रही है।

हाउस कैप्टेन तान्या, हाउस कैप्टेन आदर्श और वाइस कैप्टेन तनु की अगुवाई में छात्र-छात्राएं तहसील मुख्यालय पहुंचे। इनमें सुरभि, तान्या, हनी, तनु, आदर्श, रोशनी, शिवांगी, मोनिका, वर्षा, पल्लवी, रेनू, नीतू, सारिका, आयुष और राज विद्यार्थी शामिल रहे। प्रधानाचार्य नीलम राठौर के अलावा सहायक अध्यापक दीपक पटेल तैनात हैं। बच्चों के साथ कुछ अभिभावक और ग्रामीण नन्ही, गुड्डी देवी, रनजीत सिंह, प्रदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह, रामजीत, और कल्याण सिंह पहुंचे।

एसडीएम श्वेता साहू ने खंड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव को बच्चों को सुरक्षित वापस भेजने के निर्देश दिए। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले की जांच करते हुए यह पता लगाने के निर्देश दिए कि आखिर बच्चों को तहसील तक लाने की परिस्थितियां क्या थीं और इसमें किसकी भूमिका रही। बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ सिंह ने कहा कि विभाग को बिना किसी पूर्व सूचना के बच्चों को गुमराह कर तहसील ले जाने की स्थिति सामने आती है तो संबंधित अध्यापकों के खिलाफविभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# आरएमएल चिकित्सालय में दस जटिल ऑपरेशन हुए संपन्न

**मेडिकल कॉलेजों से रेफर 2 गंभीर मरीजों की भी बची जान**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



मरीज को श्रीराम चरितमानस की प्रति देते डॉ. रोहित तिवारी

सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है के संकल्प के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय में मंगलवार को शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा एक ही दिन में 10 जटिल मेजर ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। अस्पताल प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ सर्जन मेजर डॉ. रोहित तिवारी के नेतृत्व वाली पूरी सर्जिकल टीम के अथक परिश्रम से सभी मरीजों को ऑपरेशन, दवाएं, जांच एवं सर्जिकल सामग्री सहित संपूर्ण उपचार पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। सेवा शिविर की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि इन 10 मरीजों में 2 ऐसे अति-गंभीर मरीज शामिल थे, जिन्हें पूर्व में बड़े मेडिकल कॉलेजों द्वारा उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर कर दिया गया था। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण उपचार का खर्च वहन करने में असमर्थ इन मरीजों के लिए जिला चिकित्सालय में उपलब्ध निःशुल्क सर्जिकल सुविधा जीवनदायिनी सिद्ध हुई। संपन्न हुई प्रमुख शल्य-क्रियाएं द्विपार्श्वीय हर्निया, कमर का हर्निया, पित्त की थैली में पथरी, तीव्र अपेंडिसाइटिस, गर्भाशय का पूर्ण बाहर आना, गर्भाशय का नीचे खिसकना, गुदा की जटिल फिस्टुल, बवासीर एवं गुदा में दरार, विभिन्न जटिल सिस्ट/गांठों की सर्जरी की गई। मानसिक संबल के साथ-साथ आध्यात्मिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से ऑपरेशन उपरांत सभी मरीजों एवं तीमारदारों में निःशुल्क श्रीरामचरितमानस की प्रतियां भी वितरित की गई। मेजर डॉ0 रोहित तिवारी ने कहा हमारा दृढ़ संकल्प है कि आर्थिक अभाव किसी भी गरीब या असहाय मरीज के बेहतर उपचार में बाधा न बने। जिला चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना ही हमारी प्राथमिकता है। आयोजन में सर्जिकल, एनेस्थीसिया, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ का योगदान रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर कर्तव्य संस्था आयोजित करेगी नवां रक्तदान शिविर

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**





वार्ता में मौजूद कर्तव्य संस्था के पदाधिकारी

**तैयारियों को लेकर हुई बैठक**

स्वतंत्रता दिवस पर्व पर कर्तव्य संस्था द्वारा 9वें रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों, रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर 12 अगस्त को संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह रक्तदान शिविर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला मणि राम की स्मृति तथा कर्तव्य संस्था के संस्थापक स्व. कपिल गुप्ता की याद में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर को सफल बनाने और उसकी रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि आयोजन वाले दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। शिविर आयोजन के सन्दर्भ में कर्तव्य संस्था के अध्यक्ष कुशाग्र गुप्ता ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। कुशाग्र गुप्ता ने आयोजन को भव्य तरीके से मनाने पर जोर दिया। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि इस पुनीत कार्य में ज्यादा से ज्यादा लोग भाग लें और रक्तदान कर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं।

कर्तव्य संस्था के अध्यक्ष कुशाग्र गुप्ता व धर्मेन्द्र कनौजिया ने पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को संरक्षक बनाया है। इस मौके पर देवांश अग्रवाल, धर्मेन्द्र कनौजिया, श्याम सुंदर गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजय गुप्ता, सुजीत गुप्ता, दीपक अग्रवाल, आदित्य कटियार, रामसनेही मुन्ना यादव, मंजेश कटियार, मयंक रस्तोगी, प्रवीन गुप्ता, आसू गुप्ता, मनोज बाजपेयी, राम जी शुक्ला, धीरेंद्र सारस्वत, अर्जुन अग्रवाल, विक्रान्त गुप्ता, सचिन, मनु गंगवार आदि मौजूद रहे।

# एमआईसी-जीआईसी फतेहगढ़ में एनसीसी भर्ती आयोजित

- दक्षता परीक्षा में 141 छात्रों ने लिया भाग
- 108 कैडेट्स ने शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर दी लिखित परीक्षा

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ तथा राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के तत्वावधान में संपन्न हुई।

एनसीसी भर्ती में एमआईसी के 76 तथा जीआईसी फतेहगढ़ के 65, कुल 141 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 12 यूपी बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर नवीन कुमार के नेतृत्व में छह प्रशिक्षण अधिकारियों की टीम प्रातः सात बजे स्टेडियम पहुंची और भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुसार प्रारंभ कराया। प्रथम चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं क्षमता का परीक्षण किया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षा में एमआईसी के 59 तथा जीआईसी के 49 अभ्यर्थी सफल रहे।

शारीरिक दक्षता परीक्षा में 108 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। निर्धारित मेरिट के आधार पर दोनों विद्यालयों से 26-26 कुल 52 एनसीसी कैडेट्स का अंतिम चयन किया जाएगा। एमआईसी प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने कहा कि एनसीसी भर्ती प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है। एनसीसी से प्रशिक्षण प्राप्त कैडेट्स भविष्य में सेना, पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एवं सेवा क्षेत्रों में अपना बेहतर करियर बना सकते हैं। इस अवसर पर 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक ने कैडेट्स के प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कैडेट्स ने भी पूरे उत्साह और गंभीरता के साथ मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर, प्रधानाचार्य बहोरन लाल तथा ले0 राजू अहिरवार एनसीसी के अधिकारी एवं प्रशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।


भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते छात्र

# एनडीआरएफ ने आयोजित किया स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम

## आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के छात्राओं को बताये उपाय

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम द्वारा विशेष स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं विद्यालय के स्टाफ को विभिन्न प्रकार की आपदाओं तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने और बचाव कार्य करने के प्रति जागरूक करना था। एनडीआरएफ की टीम ने छात्राओं को भूकंप, बाढ़ तथा अचानक होने वाली मेडिकल इमरजेंसी जैसी परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक सुना तथा टीम द्वारा बताए गए सुरक्षा नियमों को समझा। छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का एनडीआरएफटीम ने संतोषजनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रधानाचार्या ऐस्टर रोज़ दयाल, शिक्षिकाएँ मनीला, शिवानी, राधा एवं श्रेष्ठा तथा विद्यालय की समस्त छात्राएँ एवं स्टाफ उपस्थित रही। प्रधानाचार्या ऐस्टर रोज़ दयाल ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम द्वारा बताई गई सभी महत्वपूर्ण बातों को आपदा के समय ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से स्वयं सुरक्षित रहने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर दूसरों की भी सहायता करने का आह्वान किया।


छात्राओं को जागरुक करती एनडीआरएफ टीम

# झुका बिजली का पोल, दे रहा मौत को दावत

- चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते नदीम फारुकी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

शमसाबाद नगर के मोहल्ला बाजार मंडी में असलम सिद्दीकी के घर के सामने लगा लोहे का एक बिजली का पोल खतरनाक तरीके से झुका हुआ है, जो किसी भी समय एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय निवासियों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। बिजली विभाग की इस घोर लापरवाही के बाद, स्थानीय लोगों ने विगत दिनों यह शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी से की। मामले की गंभीरता को समझते हुए, चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने स्वयं मोहल्ले का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण किया। लोहे का यह पोल बहुत ज्यादा झुका हुआ है और कभी भी सड़क पर गिर सकता है। पोल पर वर्तमान में बिजली के कोई तार भी मौजूद नहीं हैं, फिर भी विभाग द्वारा इसे हटाया नहीं गया है। यह जर्जर पोल राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। निरीक्षण के पश्चात चेयरमैन प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने इस पोल को तत्काल हटवाने के लिए बिजली विभाग को एक पत्र लिखा है। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द इस पोल को हटाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यह पोल सड़क पर कभी भी गिर सकता है और यह सीधे तौर पर मौत को दावत दे रहा है। यदि समय रहते इसे नहीं हटाया गया तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

# लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली


तिरंगा रैली निकालते छात्र-छात्रायें मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर से कोतवाली होते हुए ट्रांसपोर्ट चौराहे तक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह ने झण्डा दिखा कर किया। रैली का उद्देश्य देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने एवं विद्यार्थियों एवं समस्त उपस्थित सदस्यों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। रैली में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और सभी के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा था। पूरे मार्ग में छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति से ओत–प्रोत नारे लगाये। रैली के माध्यम से छात्राओं ने आमजन को अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। तिरंगा रैली में शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। कोतवाली के पास डीजे में बज रहे देशभक्ति गाने ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। रैली में कोतवाल व अन्य पुलिस कर्मियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, डॉ0 विपिन सिंह, नरेंद्र मिश्रा, डॉ0 मिताली सिंह, डॉ0 ब्रजेश वर्मा, दिनेश चंद्र, अरविंद कुमार, डॉ0 आरती दुबे, डॉ0 मनीषा सक्सेना, सत्य नारायण सिंह, अभिषेक चतुर्वेदी, विवेक अवस्थी, दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने बच्चों को वितरण किया यूनिफॉर्म

- दिव्यांग छात्र/छात्राओं को शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित बचपन डे-केयर सेन्टर में दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए यूनिफॅार्म एवं जूते वितरण का कार्यक्रम राज्य मंत्री पशुपालन एवं दुग्ध विकास उप्र सरकार कृष्णा पासवान की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिव्यांग छात्र/छात्राओं को शिक्षा, प्रशिक्षण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बचपन डे केयर सेन्टर, फतेहपुर में विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग छात्र/छात्राओं जैसे श्रवणवाधित, दृष्टिबाधित बौद्धिक अधिगमता एवं मानसिक मंदित दिव्यांगता वाले छात्र/छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सेन्टर में बच्चों को दी जा रही शिक्षा, देखभाल एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा बचपन डे-केयर सेन्टर के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख अमित त्रिवारी, (भिटौरा), प्रगति मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकरी, फतेहपुर पवन त्रिवारी (समन्वयक) बचपन डे सेन्टर, विशेष शिक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जेवरात बरामद



**कानपुर।** जाजमऊ थाना पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 10 अगस्त 2026 को सुफिया पत्नी अनीस अहमद, निवासी ताड़बगिया, कानपुर नगर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए आरोपी जफर पुत्र स्व. मो. सलीम, निवासी किराये का मकान/आराजी नंबर 690, तकुआ मस्जिद के पास ताड़बगिया, थाना जाजमऊ को पुलिस टीम ने उसके किराये के कमरे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 पीली धातु की अंगूठियां, एक जोड़ी कान के बूंदे, एक जोड़ी कान के झुमके, टूटी हुई पीली धातु की चेन, 4 सफेद धातु की चूड़ियां, सफेद धातु के सिक्के तथा घुंघरू बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## विद्यालयों में नैतिकतापूर्ण शिक्षा पर दिया जाए विशेष जोरः डॉ. सुनील कुमार


डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार, अनुशासित, संवेदनशील एवं संस्कारवान् नागरिक बनाना भी है। इस दृष्टि से विद्यालयों में नैतिकतापूर्ण एवं मूल्यपरक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाना आवश्यक है। आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैंट के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में विद्यार्थी शैक्षिक उपलब्धियों के साथ–साथ अच्छे संस्कार, सत्यनिष्ठा, अनुशासन, कर्तव्यबोध, सहानुभूति, सहयोग एवं राष्ट्रप्रेम जैसे मानवीय मूल्यों को भी आत्मसात करें, यह समय की प्रमुख आवश्यकता है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को केवल एक विषय तक सीमित न रखकर उसे दैनिक विद्यालयी जीवन और व्यवहार का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। अतः शिक्षकों के आचरण, व्यवहार और कार्यशैली का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है। विद्यालय और अभिभावक यदि मिलकर बच्चों में सत्य, अनुशासन, सम्मान, जिम्मेदारी और सेवा–भाव की भावना विकसित करें तो एक सुदृढ़ एवं संस्कारवान् समाज का निर्माण किया जा सकता है। नैतिक एवं मूल्यपरक शिक्षा से विद्यार्थी न केवल अच्छे विद्यार्थी, बल्कि अच्छे मनुष्य और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ उनमें चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं का विकास करना है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक सम्पन्न

**उन्नाव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जिला काउंसिल उन्नाव के साथियों ने शैक्षिक सुधार, बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाने सहित छात्र संघ चुनाव कराने तथा आर्थिक असमानता के खिलाफ जन जागरण अभियान के तहत बदलाव जरूरी है। नारे के साथ एक पद यात्रा का आयोजन दिनांक 16 अगस्त 2026 समय 10:30 बजे से स्थानीय विशंभर दयाल त्रिपाठी पार्क गांधीनगर तिराहे से अंबेडकर पार्क एसपी कार्यालय के पास तक किया गया है। उपरोक्त निर्णय पार्टी के जिला काउंसिल की एक बैठक में जिला मंत्री कॉमरेड बलवंत सिंह की अध्यक्षता में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री कॉमरेड बलवंत सिंह ने कहा कि शिक्षा के व्यवसायीकरण और निजीकरण पर रोक लगाने सहित समान शिक्षा और समान पाठ्यक्रम को लागू करवाने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदेश में बदहाल स्थिति को देखते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के राष्ट्रीयकरण की मांग के प्रति जनता में जन जागरण की भावना को जगाने हेतु ऐसी पदयात्राओं का किया जाना नितांत आवश्यक है।

# आवारा कुत्तों के हमले से मोर की मौत

**बांगरमऊ,उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम धन्नाखेड़ा में आवारा कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी को नोच नोच कर घायल कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुँचे वनविभाग के अधिकारी मृत मोर को उठा लाये। उनका कहना था कि पोस्टमार्टम के बाद अन्तिम संस्कार कर दिया जायेगा। बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्राम धन्ना खेड़ा परिषदीय विद्यालय के निकट एक राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तों ने नोच डाला था स सुबह विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह, कौशैलेंद्र कुमार व ठाकुर प्रसाद मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल पड़े राष्ट्रीय पक्षी मोर को देख कर वन क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ को फोन कर अवगत कराया। जिसके कुछ ही समय बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक राष्ट्रीय पक्षी मोर को अपने साथ ले गए। वन विभाग की टीम ने बताया कि इसके पार्थिव शरीर का डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम कराकर नियमानुसार अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# आरक्षण नहीं मिला तो भाजपा को वोट नहीं: मुकेश सहनी

- पार्टी अपने आरक्षण की मांग के लिए लड़ती रहेगी लड़ाई
- मुकेश साहनी का माल्यार्पण कर किया गया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



ढकौली के पास स्थित एक लॉज में विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो व पूर्व मंत्री बिहार सरकार मुकेश साहनी मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक मोदी सरकार निषाद समाज को आरक्षण नहीं दे देती तब तक विकासशील इंसान पार्टी गंगाजल लेकर यह संकल्प लेती है कि अपने समाज को इंसाफ दिलाने के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी और अगर चुनाव के पहले उन्हें आरक्षण नहीं मिलता तो विकासशील इंसान पार्टी अपने आरक्षण की मांग के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा 101 दिन की उनकी यह यात्रा है तमाम अलग-अलग जिलों में वह पहुंचकर निषाद समाज का सम्मेलन करके अपने हक की लड़ाई के लिए आरक्षण मांग रहे हैं और उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है और चुनाव में यह समर्थन इस बार किसी के बहकावे में नहीं आएगा। निषाद समाज डंटकर मुकाबला करेगा और दिखा देगा कि अब निषाद समाज एक हो चुका है। इस दौरान फतेहपुर की धरती में विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश साहनी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया और चुनाव में अभी से डंट जाने की भी अपील की गई। इस अवसर पर बिहार के पूर्व राज्य मंत्री अच्छे लाल निषाद, डॉक्टर अरुण सहित बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग मौजूद रहे।

# बीडीओ ने ली ग्राम पंचायत सचिवों व कर्मचारियों की बैठक

**पढ़ाया विकास कार्यों का पाठ**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिवों और कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। सभी सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे फैमिली आईडी और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शत–प्रतिशत पूर्ण करें। बीडीओ ने कर्मचारियों को अवगत कराया कि जल्द ही विकास कार्यों के नए लक्ष्य आने वाले हैं। इसके मद्देनजर आवास सर्वे और अन्य संबंधित प्रक्रियाएं समय पर पूरी कर ली जाएं, ताकि लाभार्थियों को जमीनी स्तर पर योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस एक महत्वपूर्ण सरकारी शिकायत प्रणाली है। सभी कर्मचारी इस पर गंभीरता से कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित न रहे और सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्य सुचारू रूप से हो सकें। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान के साथ एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह तथा ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, अनुपम बाजपेई, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, आनंद गंगवार, अनुराग सिंह और दिनेश कुमार सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सतेंद्र यादव शेरा बने भरावन के ब्लॉक अध्यक्ष


बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

- जिलाध्यक्ष बोले, पत्रकारों के सम्मान के लिए हमेशा तत्पर
- भरावन की ब्लॉक कार्यकारिणी का हुआ गठन

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

कछौना ब्लॉक सभागार में बुधवार को आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में सण्डीला की तहसील व भरावन की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सतेंद्र यादव शेरा को भरावन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक किया गया। बैठक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल कपूर ने बताया कि देश के 11 प्रदेशों में संगठन का विस्तार किया जा चुका है। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू ने कहा कि वह पत्रकारों के सम्मान के लिए हमेशा तत्पर हैं। मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पत्रकार निश्वार्थ भाव से काम करते हैं, उनके सम्मान से समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार आलोक सिंह ने पत्रकारों से निष्पक्ष खबरें लिखने की बात कही। प्रवीण सिंह राजन ने कहा कि पत्रकार हमेशा दोनों पक्षों की बात लिखें। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह बॉबी, हरिश्याम बाजपेई, तहसील अध्यक्ष मुकेश सिंह सोमवंशी, महामंत्री योगेश त्रिपाठी, एसबी सिंह सेंगर, रमाकांत त्रिपाठी, अजय बाजपेई, अमन विश्वकर्मा, अरविंद सिंह सहित पत्रकार मौजूद रहे।

# मोती झील मैदान में किया गया तिरंगा मेला का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर तिरंगा मेला का आयोजन 12 अगस्त 2026 से 15 अगस्त 2026 तक मोती झील मैदान में किया गया है। मेले का उद्घाटन सलिल विश्नोई, विधायक एवं जिलाधिकारी कानपुर नगर श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया।सुरेश गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग महासंघ नेआए हुए अतिथियों को सूत की माला व तिरंगी पट्टी पहनाकर स्वतंत्रता दिवस की याद दिलाई। मेले में तिरंगे से जुड़े सामान काफी मात्रा में प्रदर्शित किए गए हैं। मेले का मुख्य उद्देश्य *देश की आजादी के दीवानों को याद करना है। इस अवसर पर श्री सलिल विश्नोई ने जनता से अनुरोध किया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि मेले में आकर कोई न कोई वस्त्र या वस्तु खरीदकर उन्हें याद किया जाए। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मेले में आए हुए उद्यमियों के अच्छे उत्पादों की सराहना की कानपुर गौशाला सोसाइटी ने भी मेले में अपना स्टॉल लगाया।

स्टॉल पर कामधेनु धनवटी उबटन, नहाने की टिकिया, मधुमेह चूर्ण, निखार क्रीम. सहित गोबर से बने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसे अतिथियों ने काफी सराहा।

## अपर नगर आयुक्त से मिले पार्षद कौशिक बाजपेई

**कानपुर।** नगर निगम के वार्ड–76 हरबंस मोहाल के विकास कार्यों में अन्य वार्ड के पार्षद द्वारा हस्तक्षेप किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वार्ड–76 के पार्षद कौशिक बाजपेई (रजत) ने बुधवार को नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव से मुलाकात कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया और आवश्यक कार्रवाई की मांग की।पार्षद कौशिक बाजपेई ने बताया कि उनके निर्वाचित वार्ड–76 हरबंस मोहाल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में वार्ड–79 चटाई मोहाल के पार्षद विकास जायसवाल द्वारा लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है तथा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।पार्षद ने आरोप लगाया कि इस संबंध में संबंधित जे.ई. एवं अधिकारियों को कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से शिकायत की गई, लेकिन उनकी शिकायतों तथा स्थानीय जनता द्वारा बताई जा रही समस्याओं को संबंधित जे.ई. द्वारा लगातार अनसुना किया जा रहा है।

# जलापूर्ति लाइनों का महापौर ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**



वार्ड-3 चुन्नीगंज के अंतर्गत लुधौरा और कर्नलगंज क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सीवर एवं जलापूर्ति लाइनों की समस्या को लेकर महापौर प्रमिला पांडेय ने मौके पर निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य अभियंता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, महाप्रबंधक जलकल आनंद कुमार त्रिपाठी तथा अधिशासी अभियंता जलकल जोन-4 नंद किशोर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने जलकल विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सीवर और जलापूर्ति लाइनों के स्थान पर नई पाइपलाइन डालने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में जर्जर सामुदायिक शौचालय को गिराकर नए शौचालय का निर्माण कराने को भी कहा। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल की गिरी हुई बाउंड्रीवॉल के मलबे से जाम नाली का भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने बाउंड्रीवॉल का मलबा तत्काल हटाकर नाली की सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि जल निकासी सुचारु हो सके। महापौर ने अधिकारियों को सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने और क्षेत्रवासियों को सीवर, जलापूर्ति एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने के निर्देश दिए।

## वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच पड़ताल में लगी

**बांगरमऊ, उन्नाव।** एक युवक द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री को भद्दी भद्दी गालिया देते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया,इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया गया वायरल वीडियो की पुष्टि लोहिया दर्पण अखबार नही करता हैं जिसके वायरल होने के बाद थाना पुलिस जांच करने में जुटी हुई है। आज बुधवार को एक वीडियो तेजी के साथ सोशल मिडिया में वायरल हो गया। जिसमे एक युवक देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को भद्दी भद्दी गालिया देता सुनाई दे रहा है। यह वायरल वीडियो किसी द्वारा एक्स के माध्यम से उन्नाव पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद से पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है बताया जा रहा है वायरल वीडियो थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र निवासी युवक का होने का दावा किया जा रहा है। हलांकि मीडिया संस्थान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

- अतरौली में उमड़ा देशभक्तों का सैलाब, भारत माता के जयकारों की गूंज

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**


अतरौली में तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक अलका अर्कवंशी के साथ देशभक्त।

भाजपा अतरौली मंडल द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

अतरौली मंडल अध्यक्ष सूरज चौहान व दीपक भदौरिया के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा भरावन ब्लॉक कार्यालय से शुरू होकर अतरौली चौराहा से होते हुए वापस ब्लॉक कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा रैली में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण शामिल हुए। यात्रा में भारत माता के जयकारों की गूंज से लोगों में उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में विधायक अलका अर्कवंशी, बीईओ केके त्रिपाठी, विवेक सिंह, प्रकाश दुबे, प्रशांत तिवारी, सोनू अर्कवंशी, अरविंद यादव, संदीप तिवारी, सुमित सिंह, आशुतोष तोमर, दीनू चौहान, अम्बुज मिश्र, हरिहर सिंह, अनुराग सिंह, संजोग राठौर, राजनारायण गोस्वामी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2012 जिसका अनुक्रमांक 1716601 व इंटर मीडिएट वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमंक 3000783 है जिसका अंक पत्र सह प्रमाण पत्र कहीं वास्तव में खो गया है। जिसकी खाफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिली। प्रार्थिनी को द्वितीय प्रति की आवश्यकता है। **अंजली पुत्री महावीर निवासी धर्मशादी नगर, कुरार, जनपद फर्रुखाबाद।**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Gobind Kumar Gupta था अब मैं बदल कर अपना नाम Govind Kumar Gupta कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। Govind Kumar Gupta गोविंद कुमार गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द्र गुप्ता गोपाल नगर नउवा बाग फतेहपुर।

## खबरें एक नजर में

### तिरंगा यात्रा में दिखा राष्ट्र प्रेम का उत्साह

**महराजगंज।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज जनपद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक सदर के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, पीआरडी जवानों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। पूरे मार्ग में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का उत्साह देखने को मिला। तिरंगा यात्रा ब्लॉक सदर परिसर से प्रारंभ होकर सक्सेना चौराहा, जिला पंचायत बाजार होते हुए पुनः ब्लॉक परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। यात्रा में शामिल लोगों में अपार उत्साह एवं उमंग देखने को मिली।यात्रा के दौरान स्व. शिब्बन लाल सक्सेना एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।तिरंगा यात्रा में पीआरडी जवानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता रही।

### तीन गोवंशीय पशु बरामद, तमंचा-कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार की सुबह गोवंश तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवथहीं इंटर कॉलेज के समीप पुलिया के पास से महिंद्रा पिकअप में क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाए जा रहे तीन गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। पुलिस ने पिकअप चालक और वाहन स्वामी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्र ने बताया कि उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सोनाड़ी मोड़ पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अवथहीं इंटर कॉलेज के समीप पुलिया के पास संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली। पिकअप में तीन गोवंशीय पशु क्रूरता पूर्वक लदे मिले। पुलिस ने वाहन सवार दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एक ने अपना नाम अजय कुमार निवासी जालूपुर रमना, थाना चौबेपुर, वाराणसी बताते हुए खुद को चालक बताया।

### नावों से बिहार ले जाए जा रहे 60 गोवंश बरामद, तस्कर फरार

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को शेरपुर ग्राम पंचायत के मुबारकपुर गंगा घाट के पास गंगा नदी में दो नावों पर लादकर वध के लिए चौसा, बिहार ले जाए जा रहे 60 गोवंशीय पशुओं को बरामद कर लिया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान तस्कर गंगा में कूदकर फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि तस्करों द्वारा बड़ी संख्या में गोवंशीय पशुओं को नावों के जरिए गंगा नदी के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मुबारकपुर गंगा घाट के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही तस्कर नाव छोड़कर गंगा में कूद गए और भागने में सफल रहे। पुलिस ने दोनों नावों को कब्जे में लेते हुए उनमें लदे 60 गोवंशीय पशुओं को बरामद कर लिया। पुलिस फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुटी है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्र, शेरपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुबाष यादव, कमला प्रसाद, अशोक कुमार, कांस्टेबल लल्ला सिंह, प्रेम यादव, प्रशांत द्विवेदी, अतुल यादव तथा कांस्टेबल चालक दुर्गेश खरवार शामिल रहे।

### कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव होने से क्षेत्र वासियों में खुशी

**ग़ाज़ीपुर।** करीमुद्दीनपुर स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस के ठहराव की खबर से



क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस संबंध में करीमुद्दीनपुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर अनिल कुमार राय ने बताया कि ट्रेन के ठहराव की सूचना प्राप्त हो गई है। प्राप्त सूचना के अनुसार 11071 बलिया-मुंबई तथा 11072 मुंबई-बलिया कामायनी एक्सप्रेस का करीमुद्दीनपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव 17 अगस्त 2026 से शुरू किया जाएगा। कामायनी एक्सप्रेस के करीमुद्दीनपुर में ठहराव से आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को मुंबई, बलिया सहित मार्ग में आने वाले प्रमुख स्टेशनों तक आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से क्षेत्रीय लोग इस ट्रेन के ठहराव की मांग करते रहे हैं।

### भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज मिलिट्री ग्राउंड पर बापू उपरौध इंटर कालेज परिसर से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा के जिला मंत्री रोहित तिवारी के नेतृत्व में निकली यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता, छात्र



छात्राओं के अलांवा मुस्लिम महिलाएं भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। भाजपा के रोहित तिवारी ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव, सम्मान, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यात्रा में मंडल प्रभारी जिला मंत्री रोहित तिवारी, छानवे मंडल प्रभारी संतोष दुबे, गंगाराम कोल, संतोष सिंह, सत्येंद्र त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष प्रमिला बिंद, हरिओम मौर्य, देवनारायण पाठक, जयंत कुमार, राम शिरोमणि मौर्य सहित कॉलेज के छात्र शामिल रहे।

# विधायक पी.एन. पाठक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



बुधवार को कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के कुबेरस्थान और टेकुआटार के विजयपुर बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों लोगों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। विधायक पी.एन. पाठक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। युवाओं और विद्यार्थियों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर विधायक पी.एन. पाठक ने कहा कि तिरंगा हमारे देश का ध्वज के साथ भारत की एकता, अखंडता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। हर भारतीय के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होनी चाहिए। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना तथा नई पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित के पैसे पुलिस ने कराए वापस

**समृद्धि न्यूज़, गोरखपुर।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक राजघाट के नेतृत्व में मय साइबर सेल टीम थाना राजघाट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आवेदक के क्रेडिट कार्ड से हुए अनहद इनफो सोलूसन प्राइवेट लिमिटेज के ट्रांजेक्शन को रोका गया तथा संबंधित नोडल अधिकारी से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवेदक के क्रेडिट कार्ड में 9790 रुपये वापस दिलाया गया। आवेदक द्वारा पोर्टल पर शिकायत किया गया था कि आवेदक के आई0सी0 आई0सी0आई क्रेडिट कार्ड पर आल इण्डिया फ्री ट्रेवेल तथा 3 वर्ष तक पूरे भारत में कहीं भी मुफ्त होटल पास के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी करके साइबर अपराधी द्वारा कुल रु. 9790 ट्रांसफर कर लिया गया था। आवेदक की जागरूकता और समय से दी गई सूचना थाना राजघाट पर दिया गया जिसके क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज किया गया था।

आवेदक के क्रेडिट कार्ड से ट्रांसफर रुपयों को अनहद इनफो सोलूसन प्राइवेट लिमिटेज के लिए उपयोग किया गया था।

## हर हर महादेव जयकारे के साथ शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**समृद्धि न्यूज़, भानपुर, बस्ती।** थाना वाल्टरगंज के महादेवा बाबा बालेश्वर नाथ शिवमंदिर वहीं सोनहा थाना क्षेत्र के लोढ़वा शिव मंदिर, सेवांडीह शिव मंदिर और क्षेत्र के तमाम शिवालयों में रात से ही कांवरिया भक्तो द्वारा अयोध्या धाम से पैदल कोई मोटर साइकिल से सरयू नदी से जल भरकर लेकर अपने -अपने मन्नत के अनुसार जलाभिषेक करते और पूजा पाठ किए द्व वहीं पुलिस द्वारा लोगों को लाइन लगा कर मन्दिरों में जलाभिषेक कराया गया जबकि रास्ते में जगह-जगह भंडारे का आयोजन के साथ-साथ महादेवा घाट के बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर सल्टौआ गोपालपुर के जिला पंचायत सदस्य रजनीश चौधरी ,धर्मेंद्र शुक्ला, राम प्रकाश सिंह व निखिल प्रताप सिंह, आदि तमाम समाज सेवी लोगों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय एकता की पहचान तिरंगा, यात्रा निकाली गई

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।**



घर तिरंगा, हर दिल में वतन अभियान के तहत चुनार नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर चुनार नगर के भाजपा अध्यक्ष मंगरु साहनी व कार्यक्रम संयोजक अभिलाष राय के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर किले से तिरंगा यात्रा नगर के टेकौर चौराहे से फौवारा होते हुए चौक बाजार सद्दूपुर मोहना मुहल्ला होते हुए गंगेश्वर नाथ गुहराज निषाद पार्क पर आकर मुख्य अतिथि आलोक सिंह जिला मंत्री व चुनार मंडल प्रभारी मनोज सिंह ने निषाद जी पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा समाप्त किया । आयोजित यात्रा में भाजपा नेता पीयूष राय समेत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर लोगों से राष्ट्रव्यापी श्हर घर तिरंगाश् अभियान से जुड़ने की अपील की। लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फ्हराने का आह्वान किया गया। इस दौरान देशभक्ति के नारों के बीच क्षेत्र में एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। भाजपा जिला मंत्री आलोक सिह ने कहा कि तिरंगा देश की आन-बान-शान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति गौरव और जिम्मेदारियों से निर्वाहन करना होगा। इस दौरान उपस्थित, चंद्रहास गुप्ता, नंदलाल केसरी, विजय बहादुर सिंह, जगदीश गुप्ता, ब्रह्मानंद कुशवाहा, रतन साहनी,ज्योति प्रकाश सिंह, मनीष राय,विवेक सिंह, आलोक श्रीवास्तव, विजय बहादुर बिन्द, लियाकत राइन, अखिलेश मिश्रा, प्रांजल पांडे, राम बृजपाल, सहित सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिवंगत शिक्षक राजकुमार चौधरी के परिजनों को मिलेगी 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) के संस्थापक एवं अध्यक्ष विवेकानन्द आर्य के निर्देश पर मंगलवार को जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा के नेतृत्व में टीम ने बहादुरपुर विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय फूलपुर में तैनात रहे दिवंगत शिक्षक राजकुमार चौधरी के परिजनों से मुलाकात की। टीम ग्राम इटैली, पोस्ट कसैला, थाना नगर बाजार स्थित उनके आवास पर पहुंची और आवश्यक अभिलेखों को एकत्र करने के साथ उनका परीक्षण किया।

जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा ने बताया कि अभिलेखीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की ओर से दिवंगत शिक्षक राजकुमार चौधरी के परिजनों को जीवन-यापन के लिए करीब 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीएससीटी शिक्षकों से नाममात्र की सदस्यता राशि लेकर किसी शिक्षक के असामयिक निधन की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने का कार्य करती है। जिला प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि इस पहल का श्रेय टीम के संस्थापक एवं अध्यक्ष विवेकानन्द आर्य तथा सह संस्थापक सुधेश कुमार पाण्डेय और संजीव रजत को जाता है। उनकी पहल से प्रदेश में असमय दिवंगत हुए शिक्षकों के परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि बस्ती जनपद में टीएससीटी के करीब 6,639 सदस्य हैं। अब तक जिले में 10 शिक्षक परिवारों को आर्थिक सहयोग दिया जा चुका है। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 616 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को करीब 277 करोड़ 6 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है।

दिवंगत शिक्षक के अभिलेखों के परीक्षण एवं एकत्रीकरण के दौरान सह संयोजक राहुल राव, दिलीप कुमार चौधरी, अवधेश कुमार, लक्ष्मण लाल, अखिलेश कुमार, मुनिराम वर्मा, जय प्रकाश चौधरी, देवेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, एक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जनपद के कसया थाना क्षेत्र में बीते 10/11 अगस्त की रात प्रेम प्रसंग में हुई एक 22 वर्षीय युवक हत्या की घटना का पुलिस टीम ने पर्दाफाश कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगा दी गई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया डा0 अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कसया पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 0492/2026 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित हत्या में शामिल अभियुक्त अरविन्द पुत्र रामप्यारे गौड़ निवासी भठई बाबु थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया।

तथा अन्य नामजद अभियुक्त शैलेश गौड़ की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें सक्रिय है। पुलिस के अनुसार बीते 11 अगस्त को आवेदक योगेन्द्र मद्धेशिया पुत्र स्व0 बच्चा मद्धेशिया ग्राम डुमरी चुरामन छपरा थाना कसया जनपद कुशीनगर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया की उसके पुत्र मोहित मद्धेशिया उम्र करीब 22 वर्ष की ग्राम भठही बाबू निवासी अरविन्द गौड़ पुत्र रामप्यारे गौड़ तथा उनके चचेरे भाई शैलेश गौड़ पुत्र सुदामा गौड़ द्वारा अरविन्द गौड़ की पुत्री से बात-चीत करने की बात को लेकर ठोस वस्तु से मारकर हत्या कर दिया गया है।

## पानी भरे धान के खेत में गिरने से महिला की गई जान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के पटेहरा गांव में बुधवार सुबह घर से सौ मीटर दूर मवेशियों को चारा भूसा डालने जा रही विधवा महिला पानी से भरे धान के खेत में मुंह के बल गिर पड़ी महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते खेत पर पहुंचे।पटेहरा गांव निवासी 40 वर्षीया निशा देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश प्रजापति अपने घर से सौ मीटर दूर बांधे गए मवेशियों को चारा भूसा डालने जा रही थी कि अचानक पैर फिसलने से धान के खेत में गिर पड़ी। परिजनों ने धान के खेत में घुटने भर पानी होने पर मुंह के बल गिरने से पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई है।

## बाहर से मुर्गी फार्म अंदर से ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

बाहर से देखने पर मुर्गी फार्म, लेकिन अंदर से ऑनलाइन सट्टेबाजी का बड़ा नेटवर्क चल रहा था। प्रयागराज में एसटीएफ ने ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने मुर्गी फार्म की आड़ में संचालित किए जा रहे अवैध ऑनलाइन गेमिंग नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य दूसरों के दस्तावेजों पर सिम कार्ड लेते थे और उनके बैंक खातों व यूपीआई आईडी तैयार कराकर ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक गिरोह का कथित सरगना बृजेश कुमार सिंह उर्फ टीटू मेजा क्षेत्र के शंभूपुर गांव का रहने वाला है। उसने मिर्जापुर में मकान के साथ मुर्गी फार्म भी बना रखा था। आरोप है कि मुर्गी फार्म के बजाय इसका इस्तेमाल ऑनलाइन सट्टेबाजी के नेटवर्क के संचालन के लिए किया जा रहा था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मेजा क्षेत्र में ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट के जरिए अवैध सट्टेबाजी संचालित की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सदस्य पहचान छिपाने के लिए दूसरों के दस्तावेजों का इस्तेमाल करते थे।

आरोप है कि फर्जी या अन्य लोगों के दस्तावेजों के जरिए सिम कार्ड और बैंकिंग सुविधाएं तैयार कराई जाती थीं। इसके बाद अलग-अलग मोबाइल नंबरों से पेमेंट गेटवे और यूपीआई आईडी तैयार कर ऑनलाइन लेनदेन शुरू किया जाता था। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी रकम इन्हीं खातों और यूपीआई माध्यमों के जरिए इधर-उधर की जाती थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि किसी मोबाइल नंबर की यूपीआई आईडी पर अधिक लेनदेन होने के कारण नंबर ब्लॉक हो जाता था। इसके बाद दूसरा सिम कार्ड तैयार किया जाता था। इस तरह नए नंबर और सिम कार्ड के जरिए ऑनलाइन सट्टेबाजी का काम दोबारा शुरू कर दिया जाता था। एसटीएफ के अनुसार गिरोह के सदस्य पैसों का लेनदेन अपने खातों में सीधे नहीं करते थे।

इसके लिए अलग-अलग मोबाइल फोन और दूसरे खातों का इस्तेमाल किया जाता था। ऑनलाइन गेमिंग से संबंधित रकम को विभिन्न खातों और यूपीआई माध्यमों के जरिए भेजे जाने की बात सामने आई है।

## आयुर्वेद ही जीवन को सुरक्षित रखने में समर्थः डॉ. धर्मेन्द्र

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

पतञ्जलि चिकित्सालय, सुरतीहट्टा (बस्ती) में 'आयुर्वेद ही जीवन' विषय पर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पावन यज्ञ से हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने विश्व कल्याण और आरोग्य की कामना के साथ आहुतियां दीं। गोष्ठी के दौरान पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित वैद्य धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने आयुर्वेद का महत्व बताते हुए कहा कि आयुर्वेद ही जीवन को सुरक्षित रखने में समर्थ है। कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा की एक प्रणाली नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की संपूर्ण और सनातन कला है। 'आयुषः वेदः इति आयुर्वेदः'अर्थात जो शास्त्र जीवन का बोध कराए, वही आयुर्वेद है। आधुनिक समय में जहाँ खान-पान में मिलावट और अनियमित दिनचर्या के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं, वहाँ आयुर्वेद ही ऐसा माध्यम है जो मानव जीवन को सुरक्षित और रोगमुक्त रख सकता है।' कहा कि आयुर्वेद का पहला सिद्धांत है 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणं, आतुरस्य विकार प्रशमनं च'। यानी स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोग को दूर करना। जड़ी-बूटियों, संयमित आहार और प्राकृतिक नियमों पर आधारित होने के कारण आयुर्वेद शरीर को बिना किसी दुष्प्रभाव के पुनर्जीवन प्रदान करता है।

जीवन शैली में सुधारः योग, प्राणायाम, दिनचर्या और ऋतुचर्या का पालन करके मनुष्य गंभीर से गंभीर असाध्य रोगों से बच सकता है। ओम प्रकाश आर्य संचालक रचित आयुर्वेद एंड जनरल स्टोर पतंजलि चिकित्सालय सुरतीहट्टा बस्ती ने आयुर्वेद की प्रामाणिकता और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल रोगों के लक्षणों को दबाता नहीं है, बल्कि रोग की जड़ वात, पित्त और कफ का असंतुलन पहचानकर उसका स्थाई समाधान करता है। इस अवसर पर ओम प्रकाश आर्य ने वैद्य धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता को ओम पट्टिका पहनाकर सत्यार्थ प्रकाश और ओम चित्र भेंट किया और जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे अपनी दिनचर्या में आयुर्वेद और योग को अपनाएं तथा प्रकृति की ओर लौटें, क्योंकि 'आयुर्वेद ही जीवन को पूर्णतः सुरक्षित एवं आरोग्य बनाने में समर्थ है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधेश्याम आर्य, शिव श्याम, रजनीश कुमार, गणेश आर्य, नितीश कुमार, गरुण ध्वज पाण्डेय, दिलीप कुमार, राधा देवी, नीलम मिश्रा सहित अनेक आयुर्वेद प्रेमी तथा सम्भ्रांत नागरिक सम्मिलित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह ने बुधवार को खंड विकास अधिकारी कौड़िहार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार एवं डीसी बालिका संतोष पांडे के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कौड़िहार का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय परिसर में स्थित कंपोजिट विद्यालय दुखीपुर का भी भ्रमण किया। उन्होंने परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से गणित, अंग्रेजी एवं हिंदी विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके शैक्षिक स्तर का आकलन किया। बच्चों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के सवालों के संतोषजनक उत्तर दिए जाने तथा अंग्रेजी की कहानी सुनाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन (एमडीएम) भी ग्रहण किया। उन्होंने छात्राओं के साथ भोजन करते हुए उनसे संवाद किया तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं के साथ भोजन करने के अनुभव को उन्होंने सुखद बताते हुए कहा कि बच्चों के साथ समय बिताना और उनके साथ भोजन करना उनके लिए विशेष अनुभव है।

# फूलन देवी ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष कियाः गीता भारती

▸ जयंती पर संगोष्ठी, जरूरतमंदों में किया वस्त्र का वितरण

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

समाजवादी पार्टी महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता भारती के संयोजन में महादेवा विधानसभा क्षेत्र के कुदरहा विकास खण्ड क्षेत्र के बरतनिया छोटी पुरवा में पूर्व सांसद फूलन देवी के जयंती जयंती उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सपा नेता गीता भारती ने कहा कि फूलन देवी ने सामाजिक अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया और बाद में संसद तक पहुंचीं।

तत्कालीन सपा प्रमुख नेता जी मुलायम सिंह यादव की भूमिका फूलन देवी को मुख्य धारा की राजनीति में लाने में महत्वपूर्ण रही।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आवाहन करते हुये कहा कि जब तक निषाद, पिछड़े, गरीब, उत्पीडित समाज को न्याय नहीं मिलता फूलनदेवी की प्रासंगिकता बनी रहेगी।

फूलन देवी का जीवन संघर्ष, साहस और विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

सपा नेता गीता भारती ने इस मौके पर जरूरतमंदों में वस्त्र का वितरण भी किया।

कार्यक्रम में मो. स्वालेह, राजेन्द्र चौधरी, देवनाथ यादव, विवेक यादव विक्की, मान सिंह, गंगा यादव, विजय लक्ष्मी, प्रिया श्रीवास्तव, सावित्री सिंह, सुशीला देवी, राधा देवी, पिंकी सिंह, अवधेश निषाद, अजय निषाद, रामकेश निषाद, सीताराम निषाद, नागेन्द्र निषाद, महेन्द्र, रमेश, धर्मराज निषाद के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



स्थानीय विकास खंड सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में विशेष रूप से निम्न बिंदुओं की समीक्षा की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवासों की पूर्णता की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पात्र लाभार्थियों को समय से आवास का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

सीएम फेलो द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागोंध्अधिकारियों को कमियों का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करने तथा अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए वीबीजी-राम जी के अंतर्गत संचालितध्प्रस्तावित कार्यों के मस्टर रोल निकालने की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत एवं पात्र कार्यों के मस्टर रोल समय से जारी कर कार्यों को नियमानुसार प्रारंभ कराया जाए।

आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न संकेतकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले संकेतकों में विशेष प्रयास कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा किया जाए तथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं कमियों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत/कृषि नरेंद्र कानापुरिया सहकारिता,सीएम फेलो गौरव सिंह और ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निकाली बाइक रैली

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



15 अगस्त, 2026 को मनाए जाने वाले 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 12 अगस्त, 2026 को प्रातः में बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बाइक रैली का शुभारंभ विकास भवन चौराहा से प्रस्थान कर रैली निर्धारित मार्ग से होते हुए सिंचाई विभाग चौराहा, कचहरी, अफीम फैक्ट्री एवं महुआबाग होते हुए मिश्र बाजार स्थित त्रिमुहानी तक पहुचे। यहां पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरांत बाइक रैली पुनः निर्धारित मार्ग से वापस रवाना होते हुए वापसी में मिश्र बाजार त्रिमुहानी से महुआबाग, अफीम फैक्ट्री, कचहरी, शास्त्री नगर, स्वामी सहजानन्द डिग्री कॉलेज होते हुए रैली विकास भवन चौराहा पर पहुंचकर संपन्न हुयी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित यह बाइक रैली नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश देगी। रैली के माध्यम से आमजन को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व में उत्साहपूर्वक भागीदारी करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।